3 **राजधानी** दिल्ली में लहराएगा विश्व का सबसे बड़ा तिरंगा

6 **अभिमत** जनसंख्या नियंत्रण का सहज रास्ता

9 **राष्ट्रीय** गोमूत्र खरीदने वाला पहला राज्य बना छत्तीसगढ़

10 **कारोबार** शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 260
नई दिल्ली, शुक्रवार, 29 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



क्लीन स्वीप युवा टीम के लिए अच्छा संकेत
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# राष्ट्रपति पर अधीर की टिप्पणी से उठा बवंडर

- संसद के अंदर और बाहर कांग्रेस और भाजपा ने एक-दूसरे पर किए प्रहार
- लोकसभा में सोनिया गांधी व स्मृति ईरानी में नोंकझोक, लोकसभा में हुआ भारी हंगामा
- लोकसभा में रंजन ने मानी गलती, परंतु भाजपा करती रही सोनिया गांधी से माफी की मांग




संसद भवन परिसर में कांग्रेस नेता अधीर रंजन की टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन करतीं भाजपा की महिला सांसद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपत्नी कहकर संबोधित किए जाने से संसद के भीतर और बाहर एक नया राजनीतिक बवंडर खड़ा हो गया। भारतीय जनता पार्टी के सांसदों ने चौधरी से माफी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सांसद पहले से ही महात्मा गांधी की मूर्ति के पास धरने पर बैठे थे। भाजपा और मुख्य विपक्षी दल ने एक-दूसरे पर तीखे प्रहार किए। भाजपा ने कांग्रेस को आदिवासी, महिला और गरीब विरोधी करार देते हुए कहा कि मुख्य विपक्षी दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को माफी मांगनी चाहिए। उधर, कांग्रेस ने दावा किया कि लोकसभा में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और कई भाजपा नेताओं ने सोनिया गांधी के साथ अपमानजनक व्यवहार किया, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माफी मांगनी चाहिए। इस बीच, अधीर रंजन चौधरी ने सफाई देते हुए कहा कि उनकी हिंदी अच्छी नहीं है। उनके मुंह से चूकवश एक शब्द निकल गया जिसे भाजपा तिल का ताड़ बना रही है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वह राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात कर माफी मांगेंगे, लेकिन इन पाखंडियों से माफी नहीं मांग सकते। सुबह 11 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो भाजपा ने चौधरी की राष्ट्रपत्नी वाली टिप्पणी को लेकर भारी हंगामा किया, जिस कारण कार्यवाही बाधित हुई।

पार्टी की महिला सांसदों ने संसद परिसर में प्रदर्शन भी किया। लोकसभा में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सत्तापक्ष की ओर से मोर्चा संभाला और कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने चौधरी पर आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ ही, आदिवासी समुदाय, महिलाओं और गरीबों का अपमान किया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि इस मामले में सोनिया गांधी को माफी मांगनी चाहिए। इसी विषय पर लोकसभा में कार्यवाही स्थगित होने के बाद सदन के भीतर ही सोनिया गांधी और स्मृति ईरानी के बीच तीखी नोकझोंक भी हो गई। लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे के कुछ ही देर बाद जब दोबारा स्थगित कर दी गई तो सोनिया गांधी सत्तापक्ष की सीटों की तरफ गईं और उन्होंने भाजपा सांसद रमा देवी से पूछना चाहा कि इस विवाद में उनका नाम क्यों खींचा जा रहा है। इसी दौरान स्मृति ईरानी भी वहां पहुंचीं और वह सोनिया गांधी के नजदीक पहुंचकर वस्तुत: चौधरी के बयान का विरोध करती दिखीं। पहले तो सोनिया ( शेष पेज 8 )

## सोनिया के समर्थन में खड़ा हुआ पूरा विपक्ष


अधीर रंजन

- विपक्षी नेताओं ने कहा- लोकसभा में मुख्य विपक्षी दल की अध्यक्ष को झुंड बनाकर घेरना उचित व्यवहार नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की लोकसभा में बृहस्पतिवार को हुई नोकझोंक के बाद कई विपक्षी नेताओं ने सोमवार को सोनिया का समर्थन करते हुए कहा कि 75 वर्षीय नेता को सत्तापक्ष के लोगों द्वारा लोकसभा में चारो तरफ से घेर लिया गया और इस तरह का व्यवहार उचित नहीं है।

दरअसल, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में भारत की पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति मुर्मू को राष्ट्रपत्नी कहकर संबोधित किया था। इसी विषय पर संसद के दोनों सदनों में भाजपा सदस्यों ने इस मामले को लेकर हंगामा किया। इस हंगामे के दौरान सोनिया गांधी भाजपा नेताओं के बीच घिर गईं, जिन्हें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की नेता सुप्रिया सुले बाहर निकालकर लाईं।

सुले का कहना है कि सोनिया गांधी के खिलाफ अनावश्यक नारेबाजी सुनकर हैरान रह गईं। सुप्रिया ने ट्वीट किया कि सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद गांधी के खिलाफ अनावश्यक नारेबाजी सुनकर हैरान रह गई। हम सभी लोगों को सदन की जिम्मेदारी लेनी चाहिए और मर्यादा एवं गरिमा बनाए रखनी चाहिए। बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा सदस्य ( शेष पेज 8 )

# पार्थ चटर्जी की मंत्री पद से छुट्टी



कोलकाता में पार्थ चटर्जी के विरोध में प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता

**सौगर सेनगुप्त।** कोलकाता

- गिरफ्तारी के पांच दिन बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लिया फैसला, पार्टी के सभी पदों से भी हटाया गया
- चटर्जी की सहयोगी अर्पिता ने कहा, नकदी और सोना सब पार्थ का

**डैमेज** कंट्रोल में जुटी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को पार्थ चटर्जी को मंत्री तथा तृणमूल कांग्रेस पार्टी के सभी पदों से हटा दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा स्कूल स्तरीय भर्ती घोटाले में पांच दिन पहले पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किए जाने के बाद ममता बनर्जी ने ये कदम उठाया है। पार्थ चटर्जी की करीबी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी की गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री ने यह फैसला किया।

अर्पिता के अपार्टमेंट से भारी मात्रा में नकदी, जेवरात, बैंक और संपत्ति संबंधी दस्तावेज ईडी ने बरामद किए हैं। इनकी कीमत करोड़ों में आंकी गई है। अर्पिता ने जांचकर्ताओं को बताया है कि ये सारी संपत्ति मंत्री की है। कैबिनेट की बैठक के तुरंत बाद बनर्जी ने चटर्जी को हटाए जाने के बारे में ऐलान किया। चटर्जी राज्य मंत्रालय में दूसरे नंबर के नेता थे। उदास दिख रही ममता ने कहा 'तृणमूल कांग्रेस अपने सिद्धातों पर पक्की है.. हम बहुत मेहनत से पार्टी को चला रहे हैं।' पूर्व शिक्षा मंत्री चटर्जी के पास उद्योग और व्यापार, संसदीय मामले तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग का प्रभार था। ये सभी विभाग अब मुख्यमंत्री के पास रहेंगे। चटर्जी पूर्व में शीर्ष कॉरपोरेट अधिकारी थे जो बाद में नौकरी छोड़कर सिंगूर आंदोलन के दौरान तृणमूल ( शेष पेज 8 )

# डीएचएफएल घोटाले से खरीदीं करोड़ों की घड़ियां और पेंटिंग







**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- सीबीआई पूर्व सीएमडी और निदेशक से नौ दिनों से कर रही पूछताछ
- चित्रकार एफएन सूजा और एसएच रजा की 5.50 करोड़ रुपये की पेंटिंग, पांच करोड़ की दो घड़ियां व दो करोड़ के आभूषण बरामद

**सीबीआई** ने डीएचएफएल से जुड़े भारत के सबसे बड़े बैंक धोखाधड़ी की हालिया जांच में प्रसिद्ध भारतीय चित्रकार एफएन सूजा और एसएच रजा की 5.50 करोड़ रुपये की पेंटिंग के अलावा जैकब एंड कंपनी और फ्रैंक मुलर जिनेव ब्रांडों की 5 करोड़ रुपये की दो लक्जरी घड़ियों के अलावा 2 करोड़ रुपये के आभूषण बरामद किए हैं।

सीबीआई पिछले नौ दिनों से डीएचएफएल के पूर्व सीएमडी कपिल वधावन और निदेशक धीरज वधावन को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सीबीआई के अनुसार, डीएचएफएल के प्रमोटरों कपिल वधावन और अन्य के खिलाफ हाल की जांच में एसएच रज़ा की 1956 विंटेज विलेज शीर्षक वाली ऑइल-ऑन-कैनवास पेंटिंग जिसकी कीमत 3.50 करोड़ रुपये से अधिक है और दूसरी एफएन सूजा की 1964-बिना शीर्षक की ऑइल-ऑन-लिनन की कीमत 2 करोड़ रुपये है।

ये पेंटिंग एजेंसी द्वारा जब्त की गई 12.5 करोड़ रुपये की शानदार वस्तुओं में से एक हैं। एजेंसी ने तलाशी के दौरान जैकब एंड कंपनी और फ्रेंक मुलर जिनेव ब्रांडों की दो लग्जरी घड़ियां भी जब्त की हैं, जिनकी कीमत 5 करोड़ रुपये है। सूत्रों ने कहा कि उन्होंने इन चित्रों को मुंबई के किले में एक प्रसिद्ध कला नीलामी घर ( शेष पेज 8 )

# उम्र 17 पार तो मतदाता बनने के लिए करा लें पंजीकरण

- निर्वाचन आयोग का अहम फैसला, युवाओं को अब 18 साल की उम्र होने का नहीं करना पड़ेगा इंतजार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लोकतंत्र** के महापर्व चुनाव में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने लिए निर्वाचन आयोग ने अहम फैसला लिया है। आयोग ने गुरुवार को कहा कि मतदाता के तौर पर पंजीकरण कराने के लिए 17 साल से अधिक उम्र के युवा अग्रिम आवेदन कर सकते हैं। पहले यह प्रक्रिया 18 वर्ष उम्र पूरी होने के बाद ही शुरू की जा सकती थी।

चुनाव आयोग के अनुसार, कुछ समय पहले तक, किसी वर्ष एक जनवरी को या उससे पहले 18 वर्ष के होने वाले युवा ही मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के पात्र होते थे। एक जनवरी के बाद 18 साल के होने वालों को मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए पूरे एक साल तक इंतजार करना पड़ता था। चुनाव कानून में बदलाव के बाद लोग एक जनवरी, एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर को 18 साल की उम्र में मतदाता के रूप में पंजीकरण करा सकते हैं। बृहस्पतिवार को जारी निर्वाचन आयोग के एक बयान के अनुसार, मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडे के नेतृत्व में आयोग ने राज्यों में चुनावी तंत्र को तकनीक-सक्षम समाधान तैयार करने का निर्देश दिया है ताकि युवाओं को अपना अग्रिम आवेदन करने में सुविधा हो।

बयान में कहा गया है, अब से, मतदाता सूची को हर तिमाही में अपडेट किया जाएगा और पात्र युवाओं को उस वर्ष की अगली तिमाही में पंजीकृत किया जा सकता है जिसमें वे 18 वर्ष के हुए होंगे। मतदाता सूची, 2023 के वार्षिक संशोधन के वर्तमान चरण के लिए, कोई भी नागरिक जो एक अप्रैल, एक जुलाई और 2023 के एक अक्टूबर तक 18 ( शेष पेज 8 )

# कर्नाटक में भाजपा नेता की हत्या के मामले में पीएफआई से जुड़े दो गिरफ्तार

- अगर स्थिति की मांग होती है तो उत्तर प्रदेश के योगी मॉडल को कर्नाटक में भी अपनाया जाएगा: बोम्मई

**भाषा।** मैंगलुरु/बेंगलुरु



भाजपा नेता प्रवीण नेत्तारू की हत्या के विरोध में बेंगलुरु में प्रदर्शन करते हिन्दू संगठनों के लोग

**कर्नाटक** पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा नेता प्रवीण नेत्तारू की हत्या के मामले में बृहस्पतिवार को दक्षिण कन्नड़ जिले से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों का संबंध पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से होने का संदेह है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जिले में सुलिया तालुक के बेल्लारे के जाकिर (29) और मोहम्मद शफीक (27) के रूप में हुई है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) आलोक कुमार ने कहा, दोनों ही आरोपी बेल्लारे से हैं, उनके पीएफआई के साथ संदिग्ध संबंध हैं जिनकी हम जांच कर रहे हैं। हमने उन्हें कल शाम हिरासत में लिया था और पूछताछ के बाद हमने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। हम उन्हें अदालत के सामने पेश करेंगे, पुलिस हिरासत की मांग करेंगे और मामले में आगे की जांच पड़ताल करेंगे। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि संगठनों के साथ उनके संबंधों की जांच और सत्यापन किया जाना है। दक्षिण कन्नड़ जिले के पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश भगवान सोनवणे ने कहा, अभी, हम सभी पहलुओं पर गौर कर रहे हैं, हम दूसरों की संलिप्तता, मकसद और अन्य मामलों पर गौर करेंगे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि उपलब्ध सबूतों और मौजूदा जांच के आधार पर यह गिरफ्तारियां की गई हैं।

उन्होंने कहा कि जाकिर के खिलाफ पहले से ही भारतीय दंड संहिता की धारा 324 के तहत बेल्लारे पुलिस थाने में 2020 में एक मामला दर्ज किया गया था। राज्य के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बेंगलुरु में कहा कि अगर स्थिति की मांग होती है तो उत्तर प्रदेश के योगी मॉडल को कर्नाटक ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 56,857 | ↑ 1041 |
| निफ्टी | 16,929 | ↑ 287 |
| सोना | 51,750 | ↑ 592 /10g |
| चांदी | 56,937 | ↑ 1335 /kg |

## क्विक न्यूज

### वायुसेना का विमान गिरा दो पायलटों की मौत

**बाड़मेर।** भारतीय वायुसेना का लड़ाकू विमान राजस्थान के बाड़मेर जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें दो पायलटों की मौत हो गई। भारतीय वायुसेना के अनुसार यह विमान प्रशिक्षण उड़ान पर था। बृहस्पतिवार रात 9.10 बजे यह हादसा बायतू के भीमड़ा गांव के पास हुआ। भारतीय वायुसेना ने ट्वीट किया, भारतीय वायुसेना का दो सीटों वाला मिग-21 ट्रेनर विमान आज शाम राजस्थान के उतरलाई हवाई अड्डे से प्रशिक्षण उड़ान के लिए रवाना हुआ। रात करीब 9:10 बजे बाड़मेर के पास विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दोनों पायलटों को जानलेवा चोटें लगीं। ट्वीट में कहा गया, वायुसेना को पायलटों की जान जाने का गहरा दुख है और वह शोक की इस घड़ी में शोकसंतप्त परिवारों के साथ खड़ी है।

# मप्र में 39 स्कूली बच्चों को एक ही सिरिंज से लगाया कोरोना रोधी टीका

- जिला टीकाकरण अधिकारी निलंबित

**भाषा।** सागर

**मध्य** प्रदेश के सागर में एक व्यक्ति द्वारा कथित तौर पर एक ही सिरिंज से 39 स्कूली बच्चों को कोविड-19 रोधी टीका लगाने मामला सामने आया है। पुलिस ने इस व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है तथा जिला टीकाकरण अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है।

एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि यह घटना बुधवार को यहां जैन हायर सेकेंडरी स्कूल में एक महा टीकाकरण अभियान के दौरान हुई जिसके बाद जितेंद्र अहिरवार के तौर पर पहचाने जाने वाले वैक्सीनेटर के खिलाफ पुलिस में प्राथमिकी दर्ज की गई। सागर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ डी के गोस्वामी ने कहा कि इस घटना के बाद मौके से फरार हो गया अहिरवार एक निजी नर्सिंग कॉलेज का छात्र है और उसे स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण कार्यक्रम चलाने के लिए प्रशिक्षित किया गया था। अधिकारी ने बताया कि ए 15 साल से अधिक उम्र के नौवीं से 12वीं कक्षा के बच्चे हैं।

कुछ बच्चों के माता-पिता ने अहिरवार को बच्चों को टीका लगाने के लिए एक ही सिरिंज का उपयोग करते हुए देखा और इस घोर लापरवाही पर विरोध जताया। अभिभावकों के विरोध के बाद सागर के प्रभारी जिलाधिकारी क्षितिज सिंघल ने सीएमएचओ को मामले की जांच के लिए भेजा। अधिकारी ने कहा कि मौके पर मौजूद लोगों ने गोस्वामी को बताया कि अहिरवार ने कथित तौर ( शेष पेज 8 )

# चेन्नई में शतरंज ओलंपियाड का भव्य उद्घाटन

- प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से हुआ स्वागत

**भाषा।** चेन्नई




शतरंज ओलंपियाड के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**पहली** बार भारत में हो रहे शतरंज ओलंपियाड के उद्घाटन समारोह में यहां का नेहरू इंडोर स्टेडियम रोशनी से जगमगाया हुआ है और यहां की फिज़ा में इस खेल को लेकर जोश और जुनून को महसूस किया जा सकता है। शतरंज ओलंपियाड के 44 वें सत्र के आगाज से पहले चेन्नई के मुख्य इलाके को शानदार तरीके से सजाया गया है, जहां शतरंज की लोकप्रियता अपने चरम पर है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सड़क मार्ग के जरिए जब जवाहरलाल नेहरू की ओर बढ़ रहे थे तब रास्ते में संगीतकारों और ताल वादकों के प्रदर्शन के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मोदी ने शतरंज की बिसात की डिजाइन वाली बॉर्डर वाला पटका पहन रखा था। इस मौके पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन हल्के पीले रंग की रेशम की शर्ट, धोती और अंगवस्त्र (शॉल) पहना था। कार्यक्रम में केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और तमिलनाडु के राज्यपाल रविन्द्र नारायण रवि भी मौजूद थे। भाजपा की तमिलनाडु इकाई की कला और संस्कृति शाखा ने मोदी के स्वागत के लिए संगीत और पारंपरिक नृत्य का आयोजन किया। स्टेडियम की ओर जाते समय समर्थकों ने मोदी की कार पर समर्थकों ने फूल बरसाए।

ट्विटर पर वणक्कम मोदी ट्रेंड कर रहा है। स्टेडियम के बाहर रंग-बिरंगे की आकर्षक रोशनी के साथ बड़े आकार का शतरंज बोर्ड और इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले देशों के झंडे लगे है। ओलंपियाड का आयोजन 10 अगस्त तक चलेगा। भारत के दिग्गज शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री स्टालिन को ( शेष पेज 8 )

## पाकिस्तान ने ओलंपियाड से नाम वापस लिया, भारत ने की निंदा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- पड़ोसी देश ने जम्मू में 21 जुलाई को मशाल रिले गुजरने पर जताया विरोध

**चेन्नई** में गुरुवार को 44वें शतरंज ओलंपियाड के उद्घाटन से कुछ घंटे पहले पाकिस्तान ने इस प्रतिष्ठित प्रतिस्पर्धा से अपना नाम वापस ले लिया है। पाकिस्तान ने इस आयोजन की मशाल की रिले जम्मू से गुजरने पर विरोध जताते हुए यह कदम उठाया है। भारत ने पाकिस्तान के इस कदम की आलोचना करते हुए कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस्लामाबाद ने प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम का राजनीतिकरण किया है। पाकिस्तानी टीम पहले ही भारत पहुंच चुकी थी। कश्मीर से 21 जुलाई को मशाल रिले गुजरने पर आपत्ति जताते हुए पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता असीम इफ्तिखार ने रेडियो पाकिस्तान पर दिए एक बयान में कहा कि भारत ने इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन का राजनीतिकरण किया है। उन्होंने ( शेष पेज 8 )

# फिल्म उद्योग में लग्जरी कारें किराए पर लगाने के नाम पर ठगी, 25 फॉर्च्यूनर व इनोवा हड़पी

● प्रतिमाह 80 हजार से लेकर 1.10 लाख तक किराया देने का दिया था झांसा, केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




फिल्म उद्योग व बड़े औद्योगिक घरानो में लग्जरी कारों को किराए पर लगाने का झांसा देकर गिरोह के लोगों ने 25 से ज्यादा लोगों से फॉर्च्यूनर और इनोवा कार ले लीं।

इन लोगों ने एक महीने तक उन्हें किराया दिया, बाद में धोखाधड़ी कर पीड़ितों की कारों को अलग-अलग जगह पर भेज दिया, तथा उन्हें अवैध रूप से बेचना शुरू कर दिया। थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि दीपक नागर, विक्रम सिंह, राहुल आदि ने थाना नॉलेज पार्क में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अखिल बंसल, गौरव भाटी, उत्कर्ष श्रीवास्तव, ह्रदेश चौहान, मनजीत आदि ने उनसे संपर्क किया, और इन लोगों ने कहा कि ये लोग फिल्म उद्योग में किराए पर लग्जरी कारें लगाते हैं।

इन आरोपियों ने फॉर्च्यूनर तथा इनोवा कार की डिमांड की। उन्होंने बताया कि पीड़ितों का आरोप है कि इन लोगों ने कहा कि उन्हें प्रतिमाह 80 हजार से लेकर 1.10 लाख तक किराया मिलेगा। उन्होंने बताया कि एक महीने तक आरोपियों ने पीड़ितों को किराया दिया। उसके बाद इन्होंने किराया देना बंद कर दिया, तथा उनकी कारों को अवैध रूप से बेचना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कुछ कारों को पुलिस ने विभिन्न जगहों से बरामद किया है। आरोपियों ने पीड़ितों से कहा कि उनकी कारों को वे लोग नेपाल और दार्जिलिंग में बेच देंगे। पुलिस को शक है कि इन आरोपियों ने एनसीआर में सैकड़ों लोगों को अपने जाल में फंसाया है। उन्होंने बताया कि पुलिस जल्द इस मामले का खुलासा करेगी।

## लोन कराने का झांसा देकर 33 हजार रुपये ठगे

**नोएडा।** साइबर ठगों ने सदरपुर कॉलोनी में लोन कराने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 33 हजार रुपये ठग लिये। इसको लेकर पीड़ित ने सेक्टर 39 थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। दुर्गेश कुमार दुबे ने बताया वह सदरपुर कॉलोनी में रहते हैं। कुछ दिन पहले उनके मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को एक बैंक का अधिकारी बताया। आरोपी ने दुर्गेश से कहा कि वह उनका बैंक से लोन करा देगा। इसके लिए सिर्फ दस्तावेजों उन्हें देने होगे। पीड़ित को उस समय लोन की जरुरत थी। इसके बाद आरोपी ने फ इइल चार्ज, प्रोसेसिंग फीस सहित अन्य बहाने बनाकर युवक से 33 हजार रुपये ले लिये।

## कीमती गिफ्ट देने के नाम पर आईटी कंपनी के एचआर मैनेजर को लगाया चूना

**नोएडा।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर एक आईटी कंपनी में काम करने वाली युवती से दोस्ती कर उसे कीमती गिफ्ट देने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले गिरोह के एक युवती सहित दो ठगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग दक्षिण अफ्रीकी मूल के नागरिक हैं।

साइबर क्राइम के एसपी प्रोफेसर त्रिवेणी सिंह ने बताया कि आईटी कंपनी के एचआर मैनेजर ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, कि एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर उनसे दोस्ती की। खुद को बेल्जियम का रहने वाला बताया तथा उनसे दोस्ती कर कुछ समय बाद उन्हें कीमती उपहार भेजने का वादा किया। कुछ दिन बाद एक महिला का फोन युवती के पास आया कि उनका कीमती उपहार आया है। महिला से कहा कि ड्यूटी अदा कर करके अपना सामान ले लें। महिला को अपने झांसे में लेकर करीब 8 लाख रुपये ठग लिए।

# मधुबन-बापूधाम में जीडीए नई सड़कें बनाएगा

● गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के इस कदम से आवंटियों को मिलगी राहत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



मधुबन-बापूधाम कॉलोनी को जीडीए ने चमकाना शुरू कर दिया है। अभी तक जीडीए इस कॉलोनी की दो बड़ी मास्टर प्लान रोड को मोटी रकम खर्च कर तैयार कर चुका है।

जल्दी ही जीडीए यहां के आवंटियों को और राहत देने की कोशिश में लगा है। जीडीए वीसी जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह लगातार शहर को विकास की ओर ले जाना चाहते हैं। मधुबन-बापूधाम कॉलोनी की नई लोकेशन तैयार करने के लिए जीडीए पूरी ताकत से कार्य में लगा है। इसके लिए जीडीए मनन धाम मेरठ रोड के पास नया आरओबी बनाकर मधुबन-बापूधाम कॉलोनी को इससे जोड़ेगा। ताकी कॉलोनी की लोकेशन और प्राइम हो सके। कॉलोनी को चमकाने के साथ इस तरह की कार्रवाई से जीडीए कॉलोनी के आवंटियों को भी बड़ी राहत देने की कोशिश में लगा हुआ है।

इसके लिए जीडीए ने मैनापुर के रेलवे क्रॉसिंग से लेकर मधुबन-बापुधाम को मेरठ रोड से जोडने् वाले प्वाइंट तक बनाई गई है। यह दो लेन रोड है। इससे आवंटियों को काफी मिल रही है। इसी तरह से जीडीए ने मुख्य सड़क को मनन धाम के सामने वाले रास्ते को मधुबन-बापूधाम कॉलोनी के सामने तक जोड़ने के लिए सड़क निर्माण कार्य भी पूरा कर लिया है।

जीडीए वीसी के इस कदम से आवंटियों को काफी राहत मिली है। सूत्रों का कहना है कि वह जल्दी ही और भी ऐसी सडकों का निर्माण बरसात का दौर समाप्त होने के बाद शुरू करेंगे जो सड़के आवंटियों को और राहत दे सकती है।

# पक्षी विहार में छह प्राकृतिक झोपड़ियां तैयार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ओखला पक्षी विहार में छह नेचर हट बनकर तैयार हैं। इसमें पांच नेचर हट एक साथ जबकि एक अन्य अलग स्थान पर बनी है। नेचर हट पर्यटकों के लिए शुरू करने हेतु वन विभाग शासन को प्रस्ताव भेजेगा।

कोरोना काल से पहले नेचर हट का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। इसे साल भर के भीतर बन जाना था लेकिन लगातार देरी होती गई। इसमें कोरोना के कारण लॉकडाउन और इसके बाद कंपनी द्वारा धीमी गति से कार्य कराना था।

वन विभाग की ओर से कंपनी को नोटिस भी दिए गए थे। जिला वन अधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि नेचर हट बनकर तैयार है। हालांकि निर्माण कंपनी ने वन विभाग को नेचर हट हस्तांतरित नहीं की है।

उन्होंने कहा कि आठ से दस दिन में नेचर हट वन विभाग को मिल जाएंगी, जिसके बाद शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। शासन की मंजूरी मिलने के बाद ही यह तय होगा कि ओखला पक्षी विभाग में प्रोजेक्ट कार्य के लिए आने वाले लोगों या पर्यटकों को इसमें ठहरने की अनुमति होगी। रात्रि प्रवास प्रस्ताव में शामिल नहीं किया जाएगा। शोर.शराबे आदि की नेचर हट में अनुमित नहीं होगी। रुकने वाले लोगों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना होगा। इसका किराया भी शासन तय करेगा।

# वैशाली में कम दबाव में आ रहा गंगाजल, लोग परेशान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● महज 30 से 40 मिनट तक आपूर्ति

वैशाली सेक्टर-चार स्थित पार्क एवेन्यू कॉलोनी में कम दबाव और कम समय के लिए पानी आपूर्ति होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

रोजाना केवल 30-40 मिनट के लिए पानी की आपूर्ति कम दबाव के साथ हो रही है। ऐसे में पानी के टंकी में पानी की नहीं भरा जा रहा है। ऐसे में पानी की समस्या को लेकर लोगों ने नगर निगम के जलकल विभाग के अधिकारियों और पार्षद से शिकायत कर आपूर्ति बेहतर करने की मांग की। पार्क एवेन्यू कॉलोनी में करीब एक साल पहले नगर निगम की तरफसे नई पेयजल लाइन डलवाई गई थी। स्थानीय निवासी सुरेश ने बताया कि पुरानी पाइपलाइन से घरों में गंगाजल की आपूर्ति बेहतर होती थी लेकिन नई पाइपलाइन के डालने बाद से समस्या हो रही है।

कॉलोनी के 50 से ज्यादा घरों में गंगाजल कम दबाव के साथ आ रहा है। 30 से 40 मिनट के लिए ही पानी मिल पा रहा है। ऐसे में लोग पानी टंकी में नहीं भरकर रख पा रहे है।

# किसानों के आरक्षण पत्र दबा कर बैठे कर्मचारी

● मामला संज्ञान में आने के बाद यमुना प्राधिकरण ने दिए जांच के आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



यमुना प्राधिकरण के कर्मचारियों की कारगुजारी सामने आई है। किसानों के सात प्रतिशत आबादी भूखंडों का अनुमोदन होने के बावजूद कर्मचारियों ने लाभार्थी किसानों को आरक्षण पत्र जारी नहीं किए और रजिस्टर में उन्हें जारी करना दर्ज कर दिया। मामला संज्ञान में आने पर जांच के आदेश देते हुए दो दिन में आरक्षण पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। यमुना प्राधिकरण सात प्रतिशत आबादी प्रकरणों पर नियमित सुनवाई कर इनका निस्तारण करने में जुटा है, लेकिन अधिकारियों के प्रयासों पर प्राधिकरण के कर्मचारी ही पानी फेर रहे हैं। प्रकरण निस्तारित होने के बावजूद किसानों के आरक्षण पत्र पर कर्मचारी कुंडली मारकर बैठे हैं। पचोकरा गांव के 61 प्रकरणों में अनुमोदन के बावजूद कर्मचारियों ने आरक्षण पत्र जारी नहीं किए। मथुरापुर गांव के भी आठ किसानों के आरक्षण पत्र जारी नहीं किए गए।

मामले की जानकारी मिलने पर सीईओ डा अरुणवीर सिंह ने जांच के आदेश दिए हैं। सीईओ ने बताया कि दस गांव के सात प्रतिशत आबादी भूखंडों के प्रकरण का निस्तारण हो चुका है।

नियमित सुनवाई कर अन्य गांवों के प्रकरण भी जल्द निपटा दिए जाएंगे। बुधवार को कादलपुर गांव के 147 के प्रकरणों का निस्तारण किया गया। लाभार्थी किसानों की सूची जल्द प्रकाशित की जाएगी।

# पिछले 15 दिनों में करंट से 18 गायों की मौत के बाद उबाल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● गोरक्षा दल ने एनपीसीएल के खिलाफ किया प्रदर्शन

एनपीसीएल की मनमानी से बजरंग दल और गोरक्षा दल के कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा है। एनपीसीएल की लापरवाही का आलम यह है कि बीते 15 दिनों करंट लगने से 18 गायों की मौत हो गई।

तमाम शिकायतों के बावजूद कंपनी ने कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की। इसके विरोध में गुरुवार को बजरंग दल और गोरक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने सूरजपुर कस्बे में जाम लगाकर प्रदर्शन किया। बजरंग दल और गोरक्षा दल के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि बरसात के समय जलनिकासी की व्यवस्था न होने के कारण बिजली के खंभों के आसपास पानी जमा हो जाता है। इससे जमीन पर करंट उतर जाती है, और उधर से गुजर रहे पशु एवं गाय करंट की चपेट में आ जाती है।

## कार पर ट्रक पलटने से ड्राइवर की मौत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में चावल से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर बराबर से गुजर रही कार पर पलट गया। हादसे में कार सवार ड्राइवर की मौत हो गई। साथी युवक घायल हो गया।

हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक कब्जे में ले लिया है। यह हादसा शांति चौक के पास बुधवार देर रात हुआ। चावल से भरा ट्रक ओवरलोडेड था, इस वजह से वह बार-बार एक तरफ झुककर चल रहा था। बराबर से निकल रही कार के ऊपर जा गिरा। हादसे के बाद जोर के धमाके जैसी आवाज आई। पुलिस और स्थानीय लोग बचाव.राहत कार्य में जुट गए।

# पलायन के पोस्टर लगाने की सीओ करेंगे जांच

● ग्रामीणों ने तहसील पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री योगी के नाम एक ज्ञापन सौंपा



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद।

गांव सारा में पुलिस उत्पीड़न से परेशान होकर अपने अपने घरों के बाहर पलायन के पोस्टर लगाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सीओ मोदीनगर इस मामले की गोपनीय जांच कर अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को देगे। सीओ की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गांव सारा के ग्रामीणों ने पिछले दिनों हिस्ट्रीशीटर बदमाश के इशारे पर निवाड़ी पुलिस द्वारा उत्पीड़न किए जाने से नाराज होकर अपने अपने घरों के बाहर पलायन के पोस्टर लगा लिए थे। इसके अलावा ग्रामीणों ने मोदीनगर तहसील पर प्रदर्शन कर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया था। पलायन के पोस्टर लगान के बाद पुलिस प्रशासन के अधिकारी हरकत में आए। इसके बाद सीओ मोदीनगर सुनील कुमार सिंह जांच करने के लिए गांव सारा पहुंचे। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने सीओ को निवाड़ी पुलिस द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न के बारे में विस्तार से बताया।

ग्रामीणों ने बताया कि गोकशी का आरोप लगाकर निवाड़ी थाने में तैनात एक दरोगा किसी भी समय किसी को उठाकर ले जाता था। इतना ही नहीं सुविधा शुल्क लेकर छोड़ा जाता था। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उत्पीड़न करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफकार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेश के मुख्यमंत्री से दरबार में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई जाएगी। सीओ मोदीनगर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि गांव सारा प्रकरण की जांच गंभीरता से की जा रही है। जांच में जरूरी साक्ष्य एकत्र किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि जांच में जो भी सामने आएगा उसकी रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को बता दी जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार



नीदरलैंड में आयोजित पुलिस और फायर गेम्स में बबीता नागर ने कुश्ती में देश को गोल्ड मेडल दिलाकर गौरवान्वित किया है। उनके आवास ग्राम सादुल्लापुर पहुंचकर विधायक धीरेंद्र सिंह ने शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।

## युवक की हत्या के मामले में तीन गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा के ईकोटेक- प्रथम थानाक्षेत्र में 20 जुलाई को हुई सचिन शर्मा नामक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना ईकोटेक प्रथम की प्रभारी सरिता मलिक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम गौतम ,दीपक तथा प्रशांत है जबकि इनका एक साथी फरार है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि सचिन शर्मा की पत्नी पर गौतम की बुरी नजर थी, इसलिए उसने अपने साथियों के साथ मिलकर सचिन की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। ¬

## बिसरख थानाक्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**नोएडा।** नोएडा के बिसरख थानाक्षेत्र में चार मूर्ति गोल चक्कर के पास बृहस्पतिवार सुबह को 45 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि सुबह को पुलिस को सूचना मिली कि तिगरी गांव की तरफ चार मूर्ति गोल चक्कर के पास एक 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचकर पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गई। उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों की सहायता से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। न्यायालय ने उनको 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर निशुल्क परामर्श शिविर




**गाजियाबाद।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स, कौशांबी के गैस्ट्रो एवं लिवर डिपार्टमेंट द्वारा हॉस्पिटल में एक निशुल्क परामर्श शिविर लगाया गया और विशेष जांच के पैकेज भी उपलब्ध कराए गए। इस शिविर में 50 से भी ज्यादा मरीजों ने लाभ लिया।हॉस्पिटल के वरिष्ठ लिवर एवं पेट रोग विशेषज्ञ डॉ कुणाल दास, डायरेक्टर एवं एच ओ डी, एवं डॉ हरित कोठारी, विशेषज्ञ पेट एवं लिवर रोग ने मरीजों को परामर्श दिया। डॉ कुणाल दास ने कहा लिवर (जिगर)शरीर का दूसरा सबसे बड़ा अंग है, जिसका वजन लगभग 1.5 किलो होता है। इसे शरीर की प्रयोगशाला और कारखाने के रूप में जाना जाता है, क्योंकि इसमें शरीर के महत्वपूर्ण कामकाज के लिए कई कार्य होते हैं। लिवर रक्त में कई रसायनों को नियंत्रित करता है और पित्त नामक पदार्थ यानी उत्पाद को उत्सर्जित करता है जो लिवर से अपशिष्ट उत्पादों को दूर करता है।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ट्रैवोनेशन होलीडेज प्राइवेट लिमिटेड, मोहम्मद फैजल, रीना, मोहम्मद अब्बास, शीबा नकवी, ए 1, कार्यालय सं. 11, मयूर विहार फेज-1, आचार्य निकेतन, नई दिल्ली/629705015540 | ए 1/बी, दुकान नंबर जी-11, भू तल, आचार्य निकेतन, मयूर विहार फेज-1, दिल्ली एवं ए 1/बी, दुकान नंबर जी-12, मयूर विहार फेज-1, दिल्ली, नई दिल्ली | 05-07-2022 रू. 92,16,470.53/- | 28-02-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 29-07-2022
स्थान : दिल्ली एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

डेल्टन केबल्स लिमिटेड

DELTON INDIA

पंजी. कार्यालय : डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड, 24, दरियागंज, नई दिल्ली-110002
वेबसाइट : www.deltoncables.com, ई-मेल : cs@deltoncables.com,
सीआईएन : एल31300डीएल1964पीएलसी004255

30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण (रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30.06.2022 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31.03.2022 लेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30.06.2021 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2022 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 6,482.22 | 4,821.84 | 3,056.53 | 16,026.20 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 215.55 | 386.26 | (188.30) | 105.02 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 223.46 | 386.19 | (188.30) | 104.94 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 239.56 | 294.40 | (160.88) | 76.61 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 244.98 | 317.42 | (163.27) | 92.88 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रत्येक) | 864.00 | 864.00 | 864.00 | 864.00 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों से पहलें) (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रत्येक) (क) मूल (रू.) | 2.77 | 3.41 | (1.86) | 0.89 |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | 2.77 | 3.41 | (1.86) | 0.89 |

नोट्स :
(1) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट : (www.deltoncables.com) पर उपलब्ध है।
(2) उपरोक्त परिणाम भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) के सिद्धान्त और प्रक्रियाओं के अनुसार तैयार किए गए हैं, जैसाकि कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 में अधिसूचित किया गया है, जैसाकि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट किया गया है।
(3) उपरोक्त परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित और तदुपरांत निदेशक मंडल द्वारा 28-07-2022 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में अनुमोदित किए गए हैं। कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों ने इन परिणामों पर असंशोधित लेखापरीक्षा राय व्यक्त की है।

कृते एवं हिते बोर्ड
हस्ता/-
विवेक गुप्ता
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन : 00035916

स्थान : दिल्ली
तिथि : 28-07-2022

Piramal Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई - 400 070
सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)-400 602

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) ख्यूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात, का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00002801) सुगंध पेपर्स ट्रेडर्स (कर्जदार) मनीष जैन (सह-कर्जदार 1) आरती जैन (सह-कर्जदार 2) | 21-06-2022/रू. 1,84,40,370/- (रूपए एक करोड़ चौरासी लाख चालीस हजार तीन सौ सत्तर मात्र) एनपीए (12-05-2022) | पी. नंबर 88, एफएफ, आबादी शांति विहार, इलाका शाहदरा, निकट कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली-110092 |
| (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00002917) सुगंध पेपर्स ट्रेडर्स (कर्जदार) मनीष जैन (सह-कर्जदार 1) आरती जैन (सह-कर्जदार 2) | 21-06-2022/रू. 8,72,205/- (रूपए आठ लाख बहत्तर हजार दो सौ पांच मात्र) एनपीए (12-05-2022) | पी. नंबर 88, एफएफ, आबादी शांति विहार, इलाका शाहदरा, निकट कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली-110092 |
| (जालंधर शाखा का एलसी नंबर : 00003686) सुखोमल जुनेजा (कर्जदार) मंजीत जुनेजा (सह-कर्जदार) | 21-06-2022/रू. 1,19,08,438/- (रूपए एक करोड़ उन्नीस लाख आठ हजार चार सौ अड़तीस मात्र) एनपीए (12-05-2022) | 309, न्यू डिफेंस कालोनी, फेज-1, निकट भीमजी फेज-1, जालंधर जालंधर पंजाब - 144001 |
| (नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 00002359) विजय कुमार जैन (कर्जदार) शालू जैन (सह-कर्जदार 1) | 21-06-2022/रू. 1,04,31,207/- (रूपए एक करोड़ चार लाख इकतीस हजार दो सौ सात मात्र) एनपीए (12-05-2022) | प्लॉट नंबर 1, तृतीय तल, छत के साथ, ब्लॉक-जे-3, ग्राम घोंडली, कृष्ण नगर, शाहदरा, दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली-110051 |
| (नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 00001465) पेक्मा एयर सिस्टम्स प्रा. लि. (कर्जदार) नंद किशोर सहगल (सह-कर्जदार 1) सुमन सहगल (सह-कर्जदार 2) युगल किशोर सहगल (गारंटर) | 21-06-2022/रू. 10,23,082/- (रूपए दस लाख तेईस हजार बयासी मात्र) एनपीए (11-04-2022) | अपार्टमेंट नंबर एनजीपी 234 न्यू टाउन हाइट्स, सेक्टर-90, गुरूग्राम, हरियाणा, गुरूग्राम, हरियाणा - 122006 |
| (नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 00002391) विजय कुमार जैन (कर्जदार) शालू जैन (सह-कर्जदार 1) | 21-06-2022/रू. 4,91,593/- (रूपए चार लाख इक्यानवे हजार पांच सौ तिरानवे मात्र) एनपीए (12-05-2022) | प्लॉट नंबर जे-3/1, तृतीय तल, छत के साथ, ब्लॉक-जे, कृष्ण नगर, शाहदरा, दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली-110051 |
| (लाजपत नगर शाखा का एलसी नंबर : 00000041) सतीश कुमार (कर्जदार) श्रुति अरोड़ा (सह-कर्जदार 1) दिनेश कुमार (सह-कर्जदार 2) | 21-06-2022/रू. 3,05,681/- (रूपए तीन लाख पांच हजार छह सौ इक्यासी मात्र) एनपीए (12-05-2022) | फ्लैट नंबर 1406, 14वां तल, टावर ए 8, टाइप बी एसआरएस पाम हिल्स, सेक्टर-7, पलवल, फरीदाबाद, हरियाणा-121102 |
| (दिल्ली-सफदरजंग शाखा का एलसी नंबर : 00041732) परसन कालरा (कर्जदार) मुदित कालरा (सह-कर्जदार 1) | 21-06-2022/रू. 4,65,834/- (रूपए चार लाख पैंसठ हजार आठ सौ चौंतीस मात्र) एनपीए (12-05-2022) | फ्लैट नंबर जी-102, प्रथम तल, टावर कार्नेशन जी टेरा फ्लोर्स टेरा सिटी अलवर बाईपास रोड भिवाडी अलवर अलवर राजस्थान-301019 |
| (नेताजी सुभाष प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 00001460) मदन कुमार (कर्जदार) हर्ष (सह-कर्जदार 1) | 21-06-2022/रू. 21,36,742/- (रूपए इक्कीस लाख छत्तीस हजार सात सौ बयालीस मात्र) एनपीए (12-05-2022) | सम्पत्ति सं. जी-36, पुराना प्लॉट नंबर जी/एफ-2, द्वितीय तल, छत का अधिकार नहीं, गोपाल नगर, आजादपुर, दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली - 110033 |
| (गुरूग्राम शाखा का एलसी नंबर : 00000726) नारायण दास (कर्जदार) मिनाती दास (सह-कर्जदार 1) | 21-06-2022/रू. 11,79,655/- (रूपए ग्यारह लाख उनासी हजार छह सौ पचपन मात्र) एनपीए (12-05-2022) | डीडीए जनता फ्लैट नंबर 76, द्वितीय तल, पाकेट-7, नासिरपुर, द्वारका, नई दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली - 110045 |
| (दिल्ली-पीतमपुरा शाखा का एलसी नंबर : पीटीएम31859) नासिर शकील शेख (कर्जदार) | 21-06-2022/रू. 1,55,209/- (रूपए एक लाख पचपन हजार दो सौ नौ मात्र) एनपीए (11-04-2022) | एच/फ्लैट नंबर एस 3 बी/21/04, सुशांत अक्वापोलिस, सेक्टर डूंडाहेड़ा, गाजियाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथि : 29-07-2022
स्थान : दिल्ली

हस्ता./-
(प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# ‘सड़कों को सुरक्षित बनाने की परियोजना सफल’

## ● आईआईटी की नई मार्किंग के बाद बसों की गति 23 फीसदी तक बढ़ी, लेन उल्लंघन के मामलों में 54 प्रतिशत की आई कमी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली परिवहन विभाग का भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के साथ मिलकर सड़कों को सुरक्षित बनाने का पायलट परियोजना सफल रही। विभाग ने दावा किया कि राजा गार्डन से ब्रिटानिया चौक के बीच 4.5 किमी रोड लंबे मार्ग पर यह प्रयोग किया गया था।

आईआईटी की नई मार्किंग के बाद बसों की गति 23 फीसदी तक बढ़ी साथ ही लेन उल्लंघन के मामलों में 54 प्रतिशत की कमी भी आई है। केजरीवाल सरकार सड़कों को सुरक्षित व यातायात को सुगम बनाने की कोशिश कर रही है। सरकार लेन ड्राइविंग को बढ़ावा दे रही है साथ ही लोक निर्माण विभाग के अधीन आने वाली सभी सड़कों पर नए सिरे से मार्किंग करने का काम कर रही है।

उपमुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया व परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बृहस्पतिवार को इस पायलट फेज के नतीजों को जानने के लिए अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि पायलट परियोजना के नतीजे काफी शानदार रहे हैं। पायलट फेज में राजा गार्डन से ब्रिटानिया चौक के बीच 4.5 किमी रोड लंबे मार्ग पर नए तरीके से रोड मार्किंग की गई जहाँ बस लेन का अच्छे से निर्धारण किया गया व लेन ड्राइविंग को भी इनफोर्स किया गया। इसका नतीजा यह रहा कि इस पूरे स्ट्रेच में नई मार्किंग के बाद यहां चलने वाली बसों की रफ्तार 17 से 23 फीसदी तक बढ़ गई और यात्रा में लगने वाले समय में कमी आई। साथ ही यहां यह भी देखा गया कि नई मार्किंग के साथ बसों लेन के उल्लंघन के मामलों में 54 फीसदी तक कमी आई है।

इस मौके पर सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली वालों को बेहतर व सुरक्षित सड़कें देने के लिए लेन ड्राइविंग को प्रतिबद्धता के साथ लागू किया जा रहा है। साथ ही लेन ड्राइविंग को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों का ध्यान रखते हुए सड़कों के मार्किंग का काम भी नए सिरे से किया जा रहा है। इस दिशा में आईआईटी दिल्ली के साथ मिलकर किया गया पायलट प्रोजेक्ट सफल रहा है और उसके अच्छे नतीजे देखने को मिले है। पायलट प्रोजेक्ट से मिले अनुभवों पर आगे काम करते हुए इसे पूरी दिल्ली की सड़कों पर लागू करने का काम किया जाएगा।

लेन ड्राइविंग पर चर्चा करते हुए सिसोदिया ने कहा कि सड़कों को सुरक्षित बनाने और ट्रैफिक को व्यवस्थित करने के लिए लेन ड्राइविंग का पालन करना बेहद जरूरी है। सरकार लेन ड्राइविंग के नियमों को प्रतिबद्धता से लागू करने का काम कर रही है। अपने लेन में ही ड्राइविंग करना अभी लोगों की आदतों में शामिल नहीं है लेकिन लोग इसके प्रति जागरूक होना शुरू हो चुके है और जल्द ही इन नियमों का पालन करना शुरू कर देंगे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली परिवहन विभाग की ओर से बसों के लिए लेन इंफोर्समेंट ड्राइव की भी शुरुआत की गई है। साथ ही ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट द्वारा ये सुनिश्चित किया जा रहा है कि बस लेन में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो।

## एमसीडी चुनाव स्थगित करने के मामले में सुनवाई पांच को

**नई दिल्ली।** एमसीडी चुनाव स्थगित करने के मामले में उच्चतम न्यायाल पांच अगस्त को सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह आम आदमी पार्टी द्वारा दायर उस याचिका पर अगले शुक्रवार को सुनवाई करेगा, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में वार्ड के परिसीमन के आधार पर दिल्ली नगर निगमों (एमसीडी) के चुनावों को स्थगित करने को चुनौती दी गई है।

न्यायालय ने केंद्र द्वारा जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगे जाने के बाद इस मामले की सुनवाई को पांच अगस्त तक स्थगित कर दिया। न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से पेश होने वाले वकील लिखित नोट या दलीलें भी दाखिल कर सकते हैं। केंद्र की ओर से पेश हुई अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी ने मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा।

## संक्षिप्त समाचार

### व्यंग्यकार डॉ. आलोक सक्सेना को डी. लिट उपाधि



**नई दिल्ली।** जानेमाने व्यंग्यकार डॉ. आलोक सक्सेना को डी. लिट की उपाधि दी गई है। साउथ वेस्टर्न अमेरिकन यूनिवर्सिटी, यूएसए के उपकुलपति जॉन पीटर एवं ग्लोबल अचीवर्स कॉउंसिल के भारतीय सदस्यों एवं आम आदमी पार्टी के विधायक सोमनाथ भारती द्वारा उनके हिंदी भाषा एवं व्यंग्य साहित्य के प्रचार और विकास लिए ली मेरिडियन होटल, संपन्न हुए दीक्षांत समारोह में यह मानद उपाधि प्रदान की गई। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी के रहने वाले डॉ. सक्सेना विश्व के पहले पुरुष हैं जिन्हें हिंदी व्यंग्य साहित्य के क्षेत्र में यह विशेष उपाधि प्राप्त हुई है। दीक्षांत समारोह में पुणे के प्रोफेसर शशिकांत पेडवाल (फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन के हमशक्ल) भी मौजूद थे।

### आयुर्वेदिक पंचकर्मा अस्पताल में पौधरोपण



**नई दिल्ली।** प्रशांत विहार स्थित आयुर्वेदिक पंचकर्मा अस्पताल में गुरुवार को आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुर्वेद विशेषज्ञ और अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी पाराशर ने कहा कि यदि पौधरोपण संबंधी गतिविधियों को औषधीय पौधों पर केंद्रित किया जाए तो स्वास्थ्य और पर्यावरण में उम्मीद से कई गुना अधिक सुधार होगा। इस अवसर पर डॉ. बीरपाल पंवार, उदय पाटनकर, रुचिका गुप्ता, राजकुमार, नीना सब्बरवाल, प्रीति नाथ, उषा मल्होत्रा, प्रीति, नरेंद्र, हेमपाल आदि ने अस्पताल प्रांगण में अर्जुन के दस और गुड़हल के बीस पौधे लगाए।

### उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू को भेंट की पुस्तक

नई दिल्ली। लाल बहादुर शास्त्री जय जवान जय किसान अमर चित्र कथा के नए संस्करण की पहली प्रति उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू को प्रस्तुत की, लाल बहादुर शास्त्री पर आधारित-जय जवान जय किसान अमर चित्र कथा का नया संस्करण अमर चित्र कथा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रकाशित किया गया है। इस मौके पर किताब के लेखक,और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के सुपुत्र अनिल शास्त्री, पुस्तक के सलाहकार जीएल शर्मा और इस पुस्तक की सह-लेखक डॉ शीतल सिंह मौजूद रही। कार्यक्रम में सुनील शास्त्री (अध्यक्ष, लाल बहादुर शास्त्री सेवा निकेतन),डॉ प्रवीण गुप्ता (निदेशक, एलबीएसआईएम), डॉ जी एल शर्मा, डॉ शीतल सिंह, आदर्श शास्त्री, कर्नल अजय सूद और जसविंदर गिल ने इस अवसर पर शिरकत की।

### तालकटोरा में 2 अगस्त को अमृत महोत्सव : आठवले



नई दिल्ली। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आ.) के संयोजन में आगामी 2 अगस्त को तालकटोरा स्टेडियम में आज़ादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले ने गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे। प्रमुख अतिथि के रूप में परिवहन एवं भूतल मंत्री नितिन गडकरी मौजूद रहेंगे। अठावले ने कहा की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बाबा साहेब के सपनों का भारत साकार हो रहा है और यह हम सब देशवासियों के लिए गर्व की बात है।

# मंकीपॉक्स का संदिग्ध मरीज निगेटिव निकला

## ● लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल से मिली छुट्टी




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल में भर्ती मंकीपॉक्स के संदिग्ध मरीज की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। इसके बाद प्रशासन ने उसे बृहस्पतिवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि जांच में गाजियाबाद का 30 वर्षीय व्यक्ति चिकेनपॉक्स से पीड़त है और उसे मंगलवार को दिल्ली सरकार के अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसे मंकीपॉक्स के लिए निर्धारित किया गया है। उसे ज्वर था एवं शरीर पर फफोले थे। एलएनजेपी के चिकित्सा निदेशक सुरेश कुमार ने मीडिया से बातचीत में से कहा, दो दिन पहले मंकीपॉक्स के संदिग्ध मामले (मरीज) को एलएनजेपी लाया गया था। उसकी (जांच) रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद उसकी छुट्टी दे दी गई। इस बीच, कुमार ने कहा कि मंकीपॉक्स के सामने आए पहले मामले (मरीज) के नमूने पुणे के विषाणु विज्ञान संस्थान भेजे गए हैं। यह मरीज फिलहाल अस्पताल में है।

निदेशक ने कहा, उसके अहम जैव मापदंड स्थिर सामान्य हैं और घाव ठीक हो रहे हैं। देश में मंकीपॉक्स के चार मामले सामने आए हैं जिनमें तीन मरीज केरल में हैं।

## निजी डिप्लोमा संस्थानों की नहीं बढ़ेगी फीस

**नई दिल्ली।** उप राज्यपाल वी के सक्सेना ने निजी डिप्लोमा संस्थानों में फीस बढ़ाने संबंधी अरविंद केजरीवाल सरकार के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। उप राज्यपाल कार्यालय से जुड़े सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में अभी दिल्ली सरकार की प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।

सूत्रों के मुताबिक, उप राज्यपाल ने कहा कि लोग अब भी कोविड-19 के आर्थिक प्रभाव से उबर रहे हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री को दिल्ली सरकार के तकनीकी शिक्षा बोर्ड से संबद्ध निजी डिप्लोमा संस्थानों में प्रस्तावित शुल्क वृद्धि को एक वर्ष के लिए स्थगित करने की सलाह दी। सूत्र ने कहा, शुल्क वृद्धि के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने मंजूरी दी थी।



बारिश से बचाव करते लोग: फोटो रंजन डिमरी

## कुछ इलाकों में बारिश, उमस से राहत

**नई दिल्ली।** मॉनसून को आए हुए एक महीने का समय गुजर चुका है, लेकिन अब तक जिस तरह की बारिश की उम्मीद थी वैसी नहीं हुई है। कुछ-कुछ इलाकों में रोजाना फुहार पड़ती रही है। अब राजधानी दिल्ली में बारिश को लेकर मौसम विभाग ने नई जानकारी दी है। बृहस्पतिवार की सुबह से ही मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सुबह धूप निकली हुई थी मगर दोपहर होते-होते मौसम में बदलाव देखने को मिला। इस बीच एनसीआर में कुछ जगहों पर बरसात भी हुई। शाम के चार बजे मौसम में बदलाव हुआ, आसमान में काले बादल छा गए और कुछ इलाकों में तेज बारिश हुई हुई। जिन इलाकों में बारिश हुई उनमें लाजपत नगर, ग्रेटर कैलाश, जंगपुरा, लुटियंस दिल्ली के कुछ हिस्से, रोहतक रोड, आनंद पर्वत, जखीरा, आईटीओ, लोधी रोड और इंडिया गेट के आसपास के इलाके शामिल हैं।

## हंगामे से यातायात प्रभावित, 27 लोग हिरासत में

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के अशोक विहार इलाके में नशे की लत के आदी कुछ लोगों और वहां झुग्गी बस्ती में रहने वाले व्यक्तियों के बीच हुई झड़प के बाद यातायात प्रभावित होने के मामले में 27 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

प्रेम बाड़ी बस स्टैंड के पास शालीमार बाग के एओ ब्लॉक के निवासी संतोष और नशे की लत के आदी दो-तीन लड़कों के बीच बुधवार रात झड़प हो गई थी। इसके बाद उन्होंने यातायात भी प्रभावित किया। घटना में संतोष के अलावा आठ पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। करीब 180 लोगों की भीड़ ने पुलिस के कई वाहन भी क्षतिग्रस्त कर दिए।

# कोरोना के 1128 नए केस, संक्रमण दर 6.56%

## ● कोई मौत नहीं, होम आईसोलेशन में 2206 मरीज



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में कोरोना की रफ्तार फि से बढ़ रही है। गत एक सप्ताह में कोविड-19 की संक्रमण दर 4 फीसदी से बढ़कर अब 6.56 फीसदी तक पहुंच गई है। पिछले चौबीस 24 घंटे में कोरोना के 1,128नए मामले सामने आए हैं। अच्छी बात है कि इस दौरान किसी संक्रमित मरीज की मौत नहीं हुई है।

गत एक दिन में 841 मरीज बीमारी को मात देकर ठीक भी हुई है।दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले चौबीस घंटे में 17188 मरीजों की जांच की गई थी। जिनमें 6.56 फीसदी की दर से 1128 मरीज संक्रमित मिले। इसके साथ राजधानी में सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 3526 हो गई है। होम आईसोलेशन में 2206 मरीज है। जिसके चलते कंटेनमेंट जोन की खंख्या 171 पहुंच गई है। इस दौरान 192 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं।

# रोटी नहीं देने पर रिक्शा चालक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

करोल बाग इलाके में रोटी नहीं देने पर रिक्शा चालक की हत्या करने के आरोप में कूड़ा बीनने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि करीब 200 मजदूरों और बेघर लोगों से गहन पूछताछ के बाद आरोपी फिरोज खान (26) को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि मंगलवार को एक व्यक्ति को बेहोश पाया गया, जिसे चाकू मारा गया था। उसे आरएमएल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मध्य प्रदेश के रहने वाले मुन्ना (40) के रूप में हुई जो रिक्शा चलाता था। प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मामले के एक चश्मदीद ने पुलिस को बताया कि मुन्ना मंगलवार रात करीब 10 बजे आर्य समाज रोड के फुटपाथ पर बैठा था और इसी दौरान नशे में उसके पास पहुंचे एक व्यक्ति ने उससे रोटी मांगी और इससे इंकार करने पर पेट में चाकू मार दिया।

पुलिस उपायुक्त (मध्य) श्वेता चौहान ने कहा कि जांच के दौरान पुलिस ने सड़कों पर और पार्क में रहने वाले करीब 200 मजदूरों और बेघर लोगों से गहन पूछताछ के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया।

# ‘जैन की जमानत पर अस्पताल की रिपोर्ट का संज्ञान न लिया जाए’

## ● उच्च न्यायालय ने निचली अदालत को दिया निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मंत्री सत्येंद्र जैन को उच्च न्यायाल से राहत नहीं मिली है। हाईकोर्ट ने निचली अदालत को निर्देश दिया है कि वह जैन की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए फिलहाल दिल्ली सरकार द्वारा संचालित लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल की ओर से दी गई मेडिकल रिपोर्ट का संज्ञान न ले। जैन पर धन शोधन कानून के तहत मामला चल रहा है और वह एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती हैं।

न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस याचिका पर जैन से जवाब मांगा जिसमें अनुरोध किया गया था कि जैन का चिकित्सकीय परीक्षण एलएनजेपी की बजाय एम्स, आरएमएल या सफदरजंग अस्पताल में कराया जाए। अदालत ने कहा निर्देश दिया जाता है कि विशेष न्यायाधीश सुनवाई की अगली तारीख तक एलएनजेपी की ओर से दी गई चिकित्सकीय रिपोर्ट का संज्ञान नहीं लें। मामले पर अगली सुनवाई 17 अगस्त को होगी।

# विश्व का सबसे बड़ा तिरंगा लहराएगा दिल्ली में

## सरकारी स्कूलों के हजारों बच्चे मिलकर बनाएंगे सबसे बड़ा तिरंगा: केजरीवाल



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के हजारों बच्चे चार अगस्त को दुनिया का सबसे बड़ा तिरंगा बनाएंगे। इस संबंध में दिल्ली के विभिन्न स्कूलों में तैयारी शुरू भी हो गई है। दिल्ली सरकार के संयोजन में होने वाले कार्यक्रम में हजारों छात्रों द्वारा बनाया जाने वाला नया रिकॉर्ड बना सकता है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 4 अगस्त को दुनिया का सबसे बड़ा तिरंगा बनाने के साथ समस्त देशवासी 130 करोड़ देशवासी भारत को दुनिया का नंबर वन देश बनाने का भी संकल्प लेंगे। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि देश को आजाद हुए 75 साल हो गए, इन 75 वर्षों में कई देश हमसे आगे निकल गए, हम पीछे क्यों रह गए। उन्होंने कहा कि नेताओं और पार्टियों के भरोसे देश को छोड़ देने से अगले और 75 साल देश पीछे रह जाएगा। इसलिए आजादी के 75वें वर्ष में हम 130 करोड़ देशवासी एकजुट होकर भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ और सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बनाने का प्रण लें। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 75 साल पहले देशवासियों ने इकट्ठा होकर अंग्रेजों को भगा दिया था। अब हम सब एक बार फिर इकट्ठे होकर भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाएंगे। केजरीवाल ने आज कहा कि पूरा देश आजादी के 75 वर्ष मना रहा है। हर भारतवासी देशभक्ति में डूबा हुआ है, इसी उत्साह को बढ़ाने के लिए 4 अगस्त को दिल्ली में हजारों-हजार बच्चे इकट्ठे होंगे और दुनिया का सबसे बड़ा तिरंगा बनाएंगे। उस दिन संकल्प लिया जाएगा कि अब भारत रुकेगा नहीं, अब भारत थमेगा नहीं, अब हम 130 करोड़ देशवासी मिलकर भारत को दुनिया का नंबर वन देश बनाएंगे। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम पीछे क्यों रह गए, हम किसी से कम तो नहीं हैं। भगवान ने नदियां, पहाड़, खनिज पदार्थ, जड़ी बूटियां, फसलें, समुद्र सब कुछ दिया है। भारत के लोग दुनिया में सबसे बुद्धिमान हैं और सबसे मेहनती हैं, फिर भी हम पीछे क्यों रह गए हैं। उन्होंने कहा कि नेताओं और पार्टियों के भरोसे देश को छोड़ दिया गया तो अगले और 75 साल भारत पीछे रह जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब देश के 130 करोड़ लोगों को जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी। आइए, आजादी के 75वें वर्ष में हम प्राण लें कि 130 करोड़ लोग एक साथ मिलकर, एकजुट होकर भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ और सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बनाएंगे।

CAPRI GLOBAL CAPITAL LIMITED

कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड

पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय :- 502, टावर-ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013
सर्किल कार्यालय :- कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, द्वितीय तल, 3बी पूसा रोड, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110005

परिशिष्ट -IV-क [नियम 8 (6) का परंतुक देखें]
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, नीचे वर्णित कर्जदार की तरफ कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, की बकाया राशि की वसूली के लिए निम्नवर्णित तिथियों को "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य, ईएमडी राशि तथा सम्पत्ति का वर्णन नीचे दिया गया है।

| क्र. सं. | 1. कर्जदार(रों) का नाम 2. बकाया राशि | बंधक सम्पत्ति का वर्णन | 1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय 2. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 3. सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | 1. सुरक्षित मूल्य 2. सम्पत्ति की ईएमडी 3. वृद्धि मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. मैसर्स बडिंग माइंड्स इंटरनैशनल ("कर्जदार") 2. श्री गौरव नाडकर्णी 3. श्रीमती रूचिका सेठी 4. मैसर्स साउथएंड एजूकेशन ऐंड वेल्फेयर सोसायटी 5. श्री राजिन्दर सेठी 6. श्रीमती नीलम सेठी 7. श्रीमती कोमल नाडकर्णी (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LNCGCDELTL0000005814 रू. 4,13,91,197/- (रूपए चार करोड़ तेरह लाख इक्यानवे हजार एक सौ सत्तानवे मात्र) + 28-07-2022 से ब्याज तथा आगे लागू ब्याज | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति स्कूल साइट भूमि परिमाप 0.2045 एकड़ (989.78 वर्ग गज) स्थित ब्लॉक-पी, उप्पल साउथएंड कालोनी, सेक्टर-48-49, ग्राम फाजिलपुर, झारसा तथा घासोला, जिला गुरूग्राम, सोहना रोड, गुरूग्राम, हरियाणा, उसके ऊपर वर्तमान और भावी निर्माण सहित। | 1. ई-नीलामी की तिथि : 31-08-2022 (अप. 3.00 बजे से अप. 4.00 बजे के बीच) 2. ईएमडी, केवाईसी सहित जमा करने की अंतिम तिथि : 30-08-2022 3. निरीक्षण की तिथि : 29-08-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 02.00 बजे तक | सुरक्षित मूल्य : रू. 4,16,00,000/- (रूपए चार करोड़ सोलह लाख मात्र) धरोहर राशि जमा : रू. 41,60,000/- (रूपए इकतालीस लाख साठ हजार मात्र) वृद्धि मूल्य : रू. 1,00,000/- (रूपए एक लाख मात्र) |

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, की वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें :- www.capriglobal.in/auction/

ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें :-

1. सम्पत्ति "जैसी है जहां है, जो भी है वहां है तथा कोई वापसी नहीं आधार" पर बेची जा रही है। अतएव बिक्री किसी प्रकार की वारंटी एवं क्षतिपूर्ति के बिना की जा रही है।
2. सम्पत्ति/आस्ति के विवरण (उदाहरण के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना में विनिर्दिष्ट सीमा एवं परिमाप) प्रतिभूत लेनदार की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार वर्णित किए गए हैं तथा प्रतिभूत लेनदार किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। वास्तविक सीमा एवं माप भिन्न हो सकता है।
3. प्रतिभूत लेनदार द्वारा जारी की गई ई-नीलामी बिक्री सूचना जनसाधारण को अपनी बोलियां प्रस्तुत करने हेतु एक आमंत्रण है तथा यह प्रतिभूत लेनदार की ओर से कोई वचनबद्धता अथवा प्रतिनिधित्व नहीं है और न ऐसा करता समझा जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले स्वामित्व विलेख की प्रति प्रतिभूत लेनदार से प्राप्त करने और सम्पत्ति/आस्ति के स्वामित्व के स्वामित्व एवं वर्तमान हालत तथा सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/देयताओं की स्वतंत्र जांच/सतर्क जांच कर लेने की सलाह दी जाती है।
4. नीलामी/बोलीदान सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ऑक्शन टाइगर, अहमदाबाद द्वारा उपलब्ध कराई गई वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर अथवा ऑक्शन टाइगर मोबाइल ऐप के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड" द्वारा होगा, जो ई-नीलामी प्लेटफार्म के जरिए नीलामी की सम्पूर्ण प्रक्रिया की व्यवस्था एवं समन्वय करेंगे।
5. बोलीदाता बोलीदान के लिए अपनी पसंद के स्थान से ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट की व्यवस्था बोलीदाता को स्वयं करनी होगी। प्रतिभूत लेनदार/सेवा प्रदाता इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, सिस्टम क्रैश डाउन, पावर फेल्योर इत्यादि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
6. संभावित बोलीदाता विस्तृत विवरण, सहायता, प्रक्रिया तथा ऑनलाइन बोलीदान के लिए सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ऑक्शन टाइगर, अहमदाबाद (सम्पर्क नंबर 079. 68136880/68136837), श्री राम प्रसाद शर्मा, मोबाइल नंबर 800-002-3297/79-6120 0559, ई-मेल : ramprasad@auctiontiger.net से सम्पर्क कर सकते हैं।
7. इच्छुक बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए पोर्टल पर अपने नाम का पंजीकरण https://sarfaesi.auctiontiger.net पर पर्याप्त अग्रिम में करवाना होगा तथा यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता से पासवर्ड मिलते ही तत्काल इसको बदल लेने की सलाह दी जाती है।
8. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक बोलीदाता को एक प्रतिदेय ईएमडी, जोकि सुरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत है (उपरि वर्णित अनुसार) "कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड" के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से 30-08-2022 को अथवा पूर्व जमा करनी होगी।
9. इच्छुक बोलीदाताओं को सम्यक् भरा गया बोली प्रपत्र (फार्मेट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर उपलब्ध है) ईएमडी हेतु डिमांड ड्राफ्ट प्रेषण के साथ एक सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करना चाहिए, जो प्राधिकृत अधिकारी, कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय, 3बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली-110005 को अधिकतम 30-08-2022 के अप. 03. 00 बजे तक भेजा जा सकता है। सीलबंद लिफाफे पर "कर्जदार नाम" की सम्पत्ति के लिए ऋण खाता नंबर - .................................... (ऊपर वर्णित अनुसार) में ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने हेतु बोली" शीर्षांकित किया जाना चाहिए।
10. ईएमडी के साथ बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद, प्राधिकृत अधिकारी उनके द्वारा प्राप्त बोलियों की जांच करेंगे तथा योग्य बोलीदाताओं (जिनके द्वारा अपनी बोलियां सुरक्षित मूल्य से अधिक उद्धृत की गई हैं तथा प्रतिभूत लेनदार द्वारा विनिर्दिष्ट ईएमडी जमा की गई है) के विवरण की पुष्टि मैसर्स ई प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को करेंगे ताकि वे ई-नीलामी बिक्री सूचना में वर्णित तिथि और समय पर ऑनलाइन परस्पर बोलीदान/नीलामी कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति केवल उन्हीं योग्य बोलीदाताओं को दें।
11. योग्य बोलीदातओं के बीच परस्पर बोलीदान योग्य बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत उच्चतम बोली से आरंभ किया जाएगा। परस्पर बोलीदान की प्रक्रिया के दौरान 10 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार होंगे अर्थात ई-नीलामी समाप्त होने का समय अंतिम विस्तार से 10 मिनट के भीतर बोली आने पर हर बार स्वतः 10 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
12. एक बार बोली देने के बाद निरस्त या वापस नहीं की जा सकती है। बोलीदाता को उपलब्ध कराई गई यूजर आईडी से दी गई सभी बोलियां केवल उसके द्वारा दी गई बोली मानी जाएंगी।
13. ई-नीलामी प्रक्रिया समाप्त होने पर, उच्चतम बोलीदाता को उसके द्वारा उद्धृत अंतिम बोली की राशि की पुष्टि तत्काल ई-मेल द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय, 3बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली-110005 तथा सेवा प्रदाता दोनों को भेजी जाएगी, ताकि उसको ई-नीलामी प्रक्रिया में सफल बोलीदाता घोषित किया जा सके।
14. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी सहित) बोली उसके पक्ष में छूटने पर, उसी दिन तथा बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि बिक्री की तिथि से 15 दिन के भीतर कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड के पक्ष में डीडी/पे ऑर्डर/एनईएफटी/ आरटीजीएस/चैक द्वारा जमा करनी होगी।
15. सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा निर्धारित राशियों का भुगतान नियत अवधि के भीतर करने में चूक की स्थिति में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशियां (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएंगी और सम्पत्ति दोबारा बिक्री हेतु रखी जाएगी।
16. सफल बोलीदाता के अनुरोध पर, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, बोली राशि की बकाया रकम चुकाने के लिए समय, एकमात्र अपने विवेकानुसार लिखित रूप में आगे बढ़ाया जा सकता है।
17. सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य की 1 प्रतिशत राशि बतौर टीडीएस (बिक्री राशि से) अदा करनी होगी तथा टीडीएस सर्टिफिकेट प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा करना होगा तथा बिक्री मूल्य की पूरी राशि (1 प्रतिशत टीडीएस काटने के बाद), ईएमडी समायोजित करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऑफर स्वीकार किए जाने के 15 कार्यदिवस के भीतर अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपयुक्त विचारित विस्तारित अवधि के भीतर अदा करनी होगी, जिसमें असफल रहने पर जमा की गई धरोहर जमा जब्त कर ली जाएगी।
18. म्युनिसिपल/पंचायत कर, बिजली बकाया (यदि कोई) तथा किसी अन्य प्राधिकरण बकाया (यदि कोई) का भुगतान बिक्री प्रमाणपत्र के निर्गमन से पूर्व सफल बोलीदाता द्वारा किया जाएगा। बोलियां सम्पत्ति से संबंधित सभी सांविधिक बकाया ध्यान में रखकर दी जानी चाहिए।
19. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सफल बोलीदाता के पक्ष में बिक्री प्रमाणपत्र उसके द्वारा पूर्ण क्रय मूल्य/बोली राशि जमा करने तथा सभी करों/प्रभारों के भुगतान के संबंध में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने पर ही जारी किया जाएगा।
20. हस्तांतरण, स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण हेतु लागू प्रभार तथा अन्य अनुषंगी प्रभार नीलामी क्रेता को वहन करने होंगे।
21. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही प्रास्थगित/निरस्त कर सकते हैं। ई-नीलामी बिक्री कार्यक्रम बिक्री की निर्धारित तिथि से 30 से कम दिन पहले की तिथि हेतु प्रास्थगित करने की स्थिति में, यह सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।
22. प्राधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी होगा तथा इसको चुनौती नहीं दी सकती है।
23. सभी बोलीदाता, जिनके द्वारा बोलियां प्रस्तुत की गई हैं, यह माना जाएगा कि वे ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें पढ़ एवं समझ चुके हैं तथा उनके अधीन बाध्य होंगे।
24. सम्पत्ति में रखी वस्तुएं इस बिक्री के साथ ऑफर नहीं जा रही हैं/बिक्री के साथ उपलब्ध नहीं हैं।
25. अतिरिक्त विवरण तथा पूछताछ के लिए प्राधिकृत अधिकारी, कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड : श्री सुशील गुप्ता मोबाइल नंबर 7400445137 से सम्पर्क करें और आगे पूछताछ के लिए सुश्री कल्पना चेतनवाला - 77380 39346 से सम्पर्क करें।
26. यह प्रकाशन उक्त ऋण खाते के कर्जदार/बंधकदाता/गारंटर को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के तहत, उपरिवर्णित तिथि/स्थान पर नीलामी बिक्री आयोजित करने के संबंध में 30 (तीस) दिन का कानूनी नोटिस भी है।

विशेष अनुदेश/चेतावनी : बोलीदाताओं को अन्तिम मिनटों अथवा क्षणों में बोलीदान करने की प्रवृत्ति को स्वयं के हित में त्यागना होगा। ना तो कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड और ना ही सेवा प्रदाता बोलीदाता की ओर से किसी विफलता/कमी (विद्युत विफलता, इंटरनेट विफलता इत्यादि) हेतु उत्तरदायी होंगे। ऐसी स्थिति से बचने के क्रम में बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अपेक्षित बैकअप पॉवर आपूर्ति इत्यादि जैसी अनिवार्य व्यवस्थाएं/विकल्प तैयार रखें, ताकि वे किसी आकस्मिक अड़चन से बच सकें और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।

स्थान : गुरूग्राम तिथि : 29-07-2022
हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी) कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड

# चीन से बराबरी करनी है तो जनसंख्या पर करना होगा नियंत्रण : राव इंद्रजीत

## भारत की अर्थ व्यवस्था रफ्तार ने अमेरिका, ब्रिटेन को भी पीछे छोड़ दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


गुरुग्राम के सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर उपलक्ष्य में एम3एम फाउंडेशन द्वारा आयोजित संकल्प कार्यक्रम का शुभारंभ करते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

**केंद्रीय** मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि कोरोना काल से उबरने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से रफ्तार पकड़ रही है। मौजूदा समय में भारत की इकोनॉमी दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ रही है और जीडीपी 8.5 फीसदी तक पहुंच गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था की इस बढ़ती रफ्तार ने स्वयं को दुनिया का सिरमौर कहे जाने वाले अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देश को भी पीछे छोड़ दिया है। यह बात उन्होंने गुरुवार को सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर उपलक्ष्य में एम3एम फाउंडेशन द्वारा आयोजित संकल्प कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि आज अमेरिका की जीडीपी की वार्षिक वृद्धि दर करीब दो प्रतिशत है, वहीं विश्व के कई अन्य बड़े देशों की अर्थव्यवस्था आज भी कोरोना के प्रभाव से उभर नही पाई हैं। जब भारत आजाद हुआ था तो ब्रिटिश हुकूमत का कहना था कि अगले एक वर्ष में पूरा भारत खंडित हो जाएगा। लेकिन आज देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। हमारे देश ने कोरोना काल में मजबूती से डटे रहने व विभिन्न देशों को वैक्सीन के टीके उपलब्ध करवाकर पूरे विश्व में अपना लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में पूरा देश आजादी का शताब्दी वर्ष मना रहा होगा, ऐसे में हम सभी को आगामी 25 वर्षों में अपने मजहब व धर्म को ध्यान में ना रखते हुए एक सच्चे भारतीय के रूप में देश को उपलब्धियों की नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। केंद्रीय मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि यदि हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित व स्वस्थ भविष्य देना है तो हमें पर्यावरण के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारी को समझते हुए इसके संरक्षण में अपना योगदान अवश्य देना होगा।

उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों सहित हम सभी को पौधारोपण करने के साथ साथ अगले सावन तक उसका रखरखाव भी करना होगा। राव इंद्रजीत ने देश में तकनीकी उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि आज हमारा देश तकनीकी रूप से कई देशों से आगे हैं, लेकिन यदि हमें चीन से बराबरी करनी है तो हमें अपनी जनसंख्या पर स्वत: नियंत्रण करना होगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गुरुग्राम सहित हरियाणा के पूरे एनसीआर क्षेत्र में स्थापित औधोगिक इकाइयों ने हरियाणा की तरक्की व आर्थिक उन्नति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वहीं कोरोना काल में भी विभिन्न संस्थानों व औधोगिक इकाइयों ने आगे आकर अपनी कमाई से कोरोना के खिलाफ जारी लड़ाई को मजबूती प्रदान की थी। राव ने कहा कि ये एक तरह से इस क्षेत्र के लिए वेल्थ डेवेलपर्स गिने जाते हैं। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति कितना भी बड़ा बन जाए लेकिन उसे समाज को सदैव साथ लेकर चलना चाहिए। कार्यक्रम में जीएमडीए के अतिरिक्त सीईओ डॉ. सुभाष यादव ने बताया कि जीएमडीए व एम3एम फाउंडेशन के साथ हुए एमओयू के तहत फाउंडेशन पूरे शहर में पौधारोपण के लिए करीब 2.25 लाख पौधे उपलब्ध करवाएगा। वहीं नगर निगम गुरुग्राम के साथ हुए एमओयू के तहत फाउंडेशन गांव दरबारीपुर में करीब 15 एकड़ क्षेत्र में बायोडायवर्सिटी पार्क बनाने में भी अपना योगदान देगा।

# प्रकृति का संरक्षण करके अपना अस्तित्व बचाए इंसान : नवीन गोयल


गुरुग्राम के एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में गुरुवार को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पौधे व कपड़े के थैले किए गए वितरित।

**गुरुग्राम।** आज प्रकृति में इंसान का हस्तक्षेप इतना बढ़ गया है कि उसे खुद को बचाने के लिए पृथ्वी को बचाने के उपाय करने पड़ रहे हैं। खुद पर संकट है, लेकिन फिर भी ऐसे इंसानों की संख्या बहुत कम है जो प्रकृति को बचाने के लिए आगे आ रहे हैं। अब हमें सोचना नहीं, बल्कि पृथ्वी के लिए काम करना है। प्रकृति के साथ अपना संरक्षण हमारे अपने हाथों में हैं। यह कहना है पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल का। यह बात उन्होंने गुरुवार को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में न्यू कॉलोनी में गीता भवन प्रांगण में स्थित एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में कही। इस दौरान बच्चों को पौधे भी वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रधान यूबी ग्रोवर, मोनीष खुल्लर प्रबंधक, जयदेव गुप्ता कैशियर, एचएल मिगलानी मेंबर कमेटी, केएल जुनेजा मेंबर कमेटी, संतोष ठाकुर, रवि शर्मा प्रिंसिपल व स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

नवीन गोयल ने अपने संदेश में कहा कि सिर्फ पौधा लेना या लगाना मात्र ही काफी नहीं, हमें पौधे का पालन-पोषण भी करना पड़ेगा। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त गुरुग्राम अभियान के तहत उन्हें कपड़े के थैले वितरित किए और पॉलीथिन का इस्तेमाल ना स्वयं करने और ना ही परिवार के किसी अन्य सदस्य को करने देने का संकल्प दिलवाया। नवीन गोयल ने कहा कि आज मानव के कार्य कई तरह के संकट पैदा कर रहे है। कंक्रीट के जंगल बनाने के लिए हरे जंगल खत्म किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस नेता अधीर के खिलाफ गुरुग्राम भाजपा में उबाल


गुरुग्राम में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ प्रदर्शन करते भाजपाई।

**गुरुग्राम।** कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ अभद्र टिप्पणी को लेकर गुरुग्राम भाजपा में उबाल है। गुरुवार को भाजपाइयों ने यहां अग्रवाल धर्मशाला चौक पर अधीर रंजन चौधरी का पुतला फूंका और उनके खिलाफ खूब नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं यहां नारेबाजी करते हुए पहुंचे। अधीर रंजन चौधरी का पुतला भी उन्होंने ले रखा था। पुतला दहन से पूर्व जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि जिस तरह से कांग्रेसी देश की आदिवासी महिला राष्ट्रपति के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर रही है, वह बहुत ही निंदनीय है। कांग्रेस महिलाओं का सम्मान नहीं उनका अपमान करती है। कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष खुद एक महिला है और वह अधीर रंजन चौधरी के बयान पर चुप हैं। महिलाओं का अपमान सुनकर सोनिया गांधी को देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। सोनिया गांधी को आदिवासियों से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को गरीब परिवार की बेटी राष्ट्रपति बनी इसको वह पचा नहीं पा रही है। जान-बूझकर आदिवासी महिला राष्ट्रपति का अपमान किया। कांग्रेस पार्टी अधीर रंजन चौधरी को तुरंत नेता प्रतिपक्ष से हटाकर कांग्रेस पार्टी से बाहर करें। इस विरोध प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू, मेयर मधु आजाद, पूर्व विधायक तेजपाल तंवर, बोधराज सीकरी, मुकेश शर्मा, अनिल यादव, नवीन गोयल, बेगराज यादव, महेश यादव कार्टरपुरी, कुलदीप यादव पार्षद, राजेश अरोड़ा, जयंती चौधरी, ओमप्रकाश जांगड़ा, सुरेंद्र गहलोत, जितेंद्र चौहान, जयवीर यादव, रामवीर भाटी, हर्षवर्धन मित्तल, यादराम जोया पार्षद, सर्वप्रिय त्यागी, सुंदरी खत्री, विधु कालरा, अलका सचदेवा, निधि राधव, पिंकी यादव, वीरेंद्र सिंह, सुनिल यादव, अनिल गंडास, रविंद्र यादव, सुनील कुमार, उदयवीर अंजना, सज्जन सिंह, नीरज यादव, रणजीत सिंह, अनूप सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गुरुग्राम विवि में स्नातक कोर्स में आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय में स्नातक पाठयक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी गई है। नए शैक्षणिक सत्र 2022-2023 के तहत विद्यार्थी अब स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 10 अगस्त 2022 तक आवेदन कर सकते हैं। पहले आवेदन करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई 2022 तय की गई थी। विद्यार्थी अब गुरुग्राम विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर 10 अगस्त 2022 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विवि के प्रवक्ता ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विवि की वेबसाइट पर सूचना विवरणिका उपलब्ध है, दाखिला संबंधी किसी जानकारी के लिए विद्यार्थी सूचना विवरणिका की मदद ले सकते हैं। तकनीकी समस्या के समाधान के लिए विद्यार्थी पर मेल कर सकता है, विद्यार्थियों की समस्या का समाधान किया जाएगा। विवि के प्रवक्ता ने आगे बताया कि गुरुग्राम विश्वविद्यालय में बीपीटी, 60 सीट, एमबीए (इंटीग्रेटेड-5 साल) 40 सीट, एमकॉम (इंटिग्रेटेड-5साल) 60 सीट, एमएएमसी (इंटिग्रेटेड- 5 साल) 40 सीट, बीएससी (एनिमेशन) 40 सीट, सर्टिफिकेट इन वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी 20 सीट के लिए आवेदन मांगे गए हैं। बता दें कि गुरुग्राम विश्वविद्यालय में बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) 60 सीट, बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, लीट), 6 सीट बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) 60 सीट, बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (साइबर सिक्योरिटी) 60 सीट, बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (वीएलएसआई डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी) 60 सीट, बी-फार्मा, 60 सीट, बी-फार्मा (लीट) 6 सीट के लिए प्रवेश हरियाणा स्टेट टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी पंचकूला द्वारा दिया जाएगा। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया एक अगस्त से प्रारम्भ होगी।

### सीएम उड़नदस्ता टीम ने मिठाई के गोदाम से भरे नमूने


मिठाई बनाने वाले के गोदाम पर छापामारी के दौरान कानूनी कार्रवाई करती उड़नदस्ता की टीम।

**सोहना।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने शहर के वार्ड-14 में आबादी क्षेत्र के अंदर चल रही मिठाई भट्टी पर छापामारी की। छापे के दौरान खौवा, घेवर, रिफाइंड तेल, मट्टी और मैदा के नमूने लिए गए। यह गोदाम शहर निवासी बबलू चौधरी उर्फ लवकुश के प्लाट पर चल बना हुआ था। मंगलवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने मिली शिकायत के आधार पर शहर के वार्ड-14 में आबादी क्षेत्र के अंदर चल रही मिठाई बनाने के गोदाम पर छापा मारा। सीएम उड़नदस्ता टीम के छापामारी करने के दौरान मौके से मैदा, मट्ठी, खौवा, घेवर और रिफाइंड तेल बरामद किया है। उड़नदस्ता टीम में शामिल एसआई सुरेश कुमार, एसआई सतबीर सिंह, एएसआई सूबेसिंह और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की तरफ से डॉक्टर श्याम लाल शामिल थे। जिन्होंने सभी के नमूने भरे। एसआई सुरेश कुमार ने बताया कि नमूनों को जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा। मिठाई बनाने के कार्य में घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग किया है। मौके से 11 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। जैसे ही शहर में सीएम उड़नदस्ता टीम द्वारा छापामारा गया। वैसे ही हलवाई और किराना यूनियन से जूड़े दुकानदारों ने एक दूसरे को मोबाइल से सूचना दे दी। सूचना मिलने के साथ ही हलवाई और किराना दुकानदारों ने अपनी दुकानों के शटर नीचे गिरा दिए। कुछ किराना दुकानदार तो ग्राहक को शटर के नीचे से सामान बेचने में लगे रहे।

# राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू पर कांग्रेस नेता की टिप्पणी देश का अपमान : अरविंद सैनी

## राष्ट्रपति पर कांग्रेस के नेता रंजन चौधरी की टिप्पणी पर बीजेपी में उबाल

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


अरविंद सैनी।

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू पर कांग्रेस सांसद अधीर रंजन की अशोभनीय टिप्पणी पर भाजपा के प्रदेश मीडिया सह-प्रमुख अरविंद सैनी ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला है। सैनी ने तो कांग्रेस को असभ्य और स्तरहीन पार्टी बता दिया है। अरविंद ने कहा कि असभ्य पार्टी के नेता स्तरहीन बयान देकर अपनी घटिया मानसिकता का परिचय दे रहे हैं।

अरविंद सैनी ने कहा कि जब से द्रौपदी मुर्मू का नाम राष्ट्रपति के उम्मीदवार के रूप में घोषित हुआ तब से ही द्रौपदी मुर्मू को कांग्रेस पार्टी अपनी घृणा और उपहास का शिकार बना रही है। पहले कांग्रेस पार्टी ने उन्हें कठपुतली कहा और अब फिर से अधीर रंजन की टिप्पणी ने तो सारी मर्यादा लांघ दी है।

श्रीसैनी ने कहा कि कांग्रेस इस बात को स्वीकार नहीं कर पा रही है कि एक आदिवासी महिला इस देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद को सुशोभित कर रही हैं। कांग्रेस की हरकतों को देश देख रहा है। हरियाणा भाजपा के सह-मीडिया प्रमुख ने कहा कि अधीर रंजन का अभद्र व शर्मनाक बयान राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा के खिलाफ है, तब भी कांग्रेस के इस पुरुष नेता ने ये घृणित कार्य किया। सैनी ने कहा कि अधीर रंजन के निंदनीय बयान पर कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खुद सोनिया गांधी को इसके लिए देश और राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मूजी से माफी मांगनी चाहिए।

अरविंद सैनी ने कहा कि देश और दुनिया जानती है कि कांग्रेस आदिवासी विरोधी, गरीब विरोधी और महिला विरोधी है, लेकिन देश की राष्ट्रपति के लिए कांग्रेस के नेता की टिप्पणी सभी हदें पार करने वाली है। कांग्रेस की इन्हीं घटिया हरकतों की वजह से देश की जनता ने इसे नकारा है और भविष्य में भी कांग्रेसी नेताओं की ये हरकतें बनी रही तो कांग्रेस का नामो-निशान भी देश से मिट जाएगा।

# कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की शिकायतों को गंभीरता से लें : अंकिता चौधरी

## यौन उत्पीड़न निरोधक अधिनियम-2013 को लेकर हुई एक दिवसीय कार्यशाला


गुरुग्राम स्थित लघु सचिवालय में यौन उत्पीड़न निरोधक अधिनियम को लेकर कार्यशाला में जानकारी देते लोकल कमेटी के सदस्य जयंत बख्शी।

**गुरुग्राम।** यौन उत्पीड़न निरोधक अधिनियम-2013 महिलाओं को कार्यस्थल पर आत्मसम्मान के साथ नौकरी करने के अधिकार देता है। ऐसे में जरूरी है कि सभी संस्थान इस अधिनियम के तहत निर्धारित मानदंडों के तहत अपने यहां आंतरिक समिति (आईसी) गठित करना सुनिश्चित करें। यह बात गुरुग्राम की एसडीएम अंकिता चौधरी ने यौन उत्पीड़न निरोधक अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर आयोजित कार्यशाला में कही। एसडीएम अंकिता चौधरी ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण अधिनियम है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को कार्यस्थल पर अच्छा व सुरक्षित माहौल उपलब्ध करवाना है। कार्यस्थल पर अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहें। ऐसे में जरूरी है कि सभी सरकारी विभाग अधिनियम की अनुपालना करें और इस पर अधिक सक्रियता से काम करें।

उन्होंने कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में महिलाएं यौन उत्पीड़न संबंधी शिकायतें दर्ज नहीं करवा पातीं। ऐसे में जरूरी है कि उन्हें अधिनियम के तहत शामिल प्रावधानों के बारे में जानकारी हो। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित कार्यालय प्रमुखों से कहा कि वे कार्यशाला में बताए गए मानदंडों व प्रावधानों की जानकारी अपने यहां कार्यरत स्टाफ को भी अवश्य दें। यदि उन्हें अपने कार्यालय में महिलाओं के यौन उत्पीड़न या छेड़छाड़ संबंधी किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो उसे गंभीरता से लें।

कार्यशाला में बताया गया कि कोई भी संस्थान जहां पर 10 या इससे अधिक कर्मचारी काम करते हैं, वहां पर आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है। साथ ही संस्थान, जहां पर महिला कर्मचारी हो या ना हो, वहां पर भी आईसी गठित होनी अनिवार्य है, 10 से कम कर्मचारी वाले संस्थानों की महिलाएं जिला स्तर पर गठित लोकल कमेटी (एलसी) में अपनी शिकायत दर्ज करवा सकती हैं।

# जिन वेंडर्स को स्ट्रीट वेंडिंग जोन में जगह नहीं मिली वे निगम कार्यालय जाएं

**गुरुग्राम।** ऐसे स्ट्रीट वेंडर जिनका नाम वर्ष 2018 की सर्वे सूची में है और जिन्हें अभी तक नगर निगम गुरुग्राम द्वारा स्थापित अधिकृत स्ट्रीट वेंडिंग जोन में जगह नहीं मिली है। वे आगामी पांच अगस्त तक कार्य दिवस के दौरान नगर निगम कार्यालय में संपर्क करें।

नगर निगम गुरुग्राम के उपायुक्त डा. विजयपाल यादव ने बताया कि नगर निगम गुरुग्राम द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स को अधिकृत वेंडिंग जोन में स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2018 की सूची में शामिल स्ट्रीट वेंडर्स जिन्हें अभी तक वेंडिंग जोन में जगह नहीं मिली है, वे अपने आधार कार्ड के साथ सिविल अस्पताल के सामने स्थित सिटी प्रोजेक्ट अधिकारी के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। डा.यादव ने बताया कि नगर निगम गुरुग्राम द्वारा स्थापित वेंडिंग जोनों में कुछ व्यक्ति अनाधिकृत रूप से वेंडिंग का कार्य कर रहे थे।

इनमें काफी व्यक्ति ऐसे भी थे, जिन्होंने अपनी वेंडिंग कार्ड किसी दूसरे व्यक्ति को किराए पर दी हुई थी। नियम के अनुसार यह गलत है। उन्होंने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम का प्रयास है कि वास्तविक रूप से वेंडिंग का कार्य करने वालों को अधिकृत वेंडिंग जोन में स्थापित किया जाए। इसके तहत वर्ष 2018 की सर्वे सूची में शामिल वेंडर 5 अगस्त तक निगम कार्यालय में संपर्क करके अपनी आगे की प्रक्रिया करवाएं।

# अरावली में 1990 से होता रहा आ रहा अवैध खनन


रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी में अवैध खनन के पत्थर से होती अवैध निर्माण कार्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**सोहना** और रायसीना से लगती अरावली पर्वत श्रंखला की पहाड़ियों में बन फार्म हाउस मालिक पहले से ही अवैध खनन को अंजाम देते रहे हैं। अरावली के अंसल क्षेत्र में बने 150 के लगभग फार्म हाउसों की चार दीवारी अवैध खनन करके निकाले गए पत्थरों से बनी है। जिन्हें फार्म हाउस की चार दीवार करने के दौरान की जाने वाली खुदाई में निकाला जाता है। सोहना और रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी क्षेत्र के दो अलग-अलग हिस्सा में बना अंसल क्षेत्र में 430 के लगभग फार्म हाउस कटे हुए हैं। इन फार्म हाउसों की चार दीवारी का कार्य 1990 से पहले ही होता आ रहा है। वर्तमान समय में 150 के लगभग फार्म हाउसों की पक्की चार दीवारी की हुई है। यह चार दीवारी अरावली में चार दीवारी करने के लिए की गई नींव की खुदाई के दौरान निकले पत्थरों से ही तैयार है। इसके अलावा फार्म हाउस को समतल रूप देने तथा पक्के मकान बनाने के लिए भी अवैध खनन को अंजाम दिया जाता रहा है।

**रात के समय में होती है खुदाई :** जब से एनजीटी ने अरावली पहाड़ी में अवैध खनन और पेड़ों की अवैध कटाई को लेकर नगर परिषद, वन विभाग और डीटीपी विभाग से जबाव तलब करने शुरू किए हैं। तब से अरावली में रात के समय में अवैध खनन किया जाने लगा है। अवैध खनन को अंजाम देने वाले ठेकेदार फार्म हाउस मालिक को पूरी सुरक्षा देते हैं। जिनके कर्मचारी दिन के समय में अरावली अंसल रैकिंग करते रहते हैं। कौन अधिकारी अंसल में कब और क्या करने आ रहा है।

### अवैध रास्तों से होती है सप्लाई

**पहाड़ी** क्षेत्र में होने वाले अवैध निर्माण कार्यों के लिए क्रेसर, सीमेंट, बजरी, रोढ़ी आदि सामग्री को अवैध रूप से तैयार किए गए रास्तों से ठेकेदार रात के समय में सप्लाई कराते हैं, क्योंकि नगर परिषद द्वारा अपने अधीन आने वाली अरावली अंसल में बने मुख्य रूप से दोनों रास्तों पर नाके लगाए हुए है। जिन पर 24 घंटा कर्मचारी तैनात होते हैं।

### पेड़ों की भी होती है अवैध कटाई

**अंसल** अरावली क्षेत्र में फार्म हाउस की चार दीवारी का कार्य करने के दौरान पेड़ों की अवैध कटाई की जाती है। जिन्हें जेसीबी से रातोंरात में ही उखाड़ फेंक दिया जाता है। ताकि उस स्थान पर पेड़ होने का नामोनिशान तक मिट जाए। उसके बाद तुरन्त वहां पर दीवार का निर्माण कार्य शुरू हो जाता है।

# भारत में अमेजन प्राइम डे 2022 मेंबरशिप में वृद्धि को देता है बढ़ावा

## अक्षय साही, डायरेक्टर ने कहा, अमेजन हजारों छोटे कारोबारों को बनाता है समर्थ

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम




**भारत** में प्राइम डे 2022 का इस वीकएंड (23 और 24 जुलाई) पर सफल समापन हुआ, जिसमें भारत भर के मेंबर्स ने दो दिन के सेलीब्रेशन में बेस्ट डील्स, सेविंग्स, नए लॉन्च, ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट और आनंद की खोज की। भारत के 95 फीसद पिन कोड के प्राइम मेंबर्स ने इस साल के प्राइम डे के दौरान खरीदारी की। 32,000 से अधिक सेलर्स ने अपना अब तक का सबसे बड़ा सेल्स डे देखा।

पिछले साल के प्राइम डे की तुलना में 1.5 गुना अधिक कस्टमर्स ने प्राइम मेंबरशिप के लिए साइन अप किया, जिसमें 3 में से 2 नए सदस्य राउरकेला, मोकोकचुंग, कुल्लू, धौलपुर, नागपट्टिनम, टोंक, सीहोर, कांचीपुरम, रायबरेली, रामगढ़, तंजावुर, सवाई माधोपुर, यमुना नगर जैसे शीर्ष 10 कस्बों/शहरों के बाहर के थे। प्राइम वीडियो पर भारत के प्राइम डे एंटरटेनमेंट लाइन-अप को देश के भीतर और बाहर के कंज्यूमर्स ने काफी पसंद किया। 3800 से अधिक भारतीय शहरों और कस्बों के साथ 230 से अधिक देशों और क्षेत्रों के प्राइम मेंबर्स ने प्राइम वीडियो पर भारत के प्राइम डे रिलीज को देखा। अक्षय साही, डायरेक्टर, प्राइम एंड डिलीवरी एक्सपीरियंस, अमेजन इंडिया ने इवेंट की सफलता पर कहा, प्राइम डे हमारे प्राइम मेंबर्स, छोटे और मझोले बिजनस का सेलीब्रेशन है; और हम उनकी भागीदारी से अभिभूत हैं। हमारे पास हजारों डील्स थी, ब्रांड पार्टनर्स और सेलर्स के 500+ नए प्रोडक्ट और एक्साइटिंग ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट लॉन्च हुए जो हमारे कस्टमर्स को खूब पसंद आए। न्यू प्राइम मेंबर साइन-अप में भारी वृद्धि, विशेष रूप से भारत के छोटे शहरों और कस्बों से हमारे मेंबर्स को हर दिन बेजोड़ वैल्यू प्रदान करने के लिए अमेजन प्राइम की प्रतिबद्धता का एक मजबूत प्रमाण है। इस साल कस्टमर्स ने लीड अप और प्राइम डे के दौरान, 11,738 पिनकोड में पिछले प्राइम डे के मुकाबले 50 फीसदी अधिक सेलर्स से खरीदारी की। ऑर्डर प्राप्त करने वाले 70 फीसदी सेलर्स कोल्हापुर, सूरत, गाजियाबाद, रायपुर, कोयंबटूर, मैंगलोर, जालंधर और कटक जैसे टियर 2-3-4 शहरों से थे। इन सेलर्स में कारीगर, बुनकर, महिला उद्यमी, स्टार्ट-अप और ब्रांड, लोकल ऑफ़लाइन नेबरहुड के स्टोर शामिल हैं। 32,000 से अधिक सेलर्स ने अपना अब तक का सबसे बड़ा सेल्स डे देखा। 18 फीसदी अधिक सेलर्स की बिक्री 1 करोड़ रुपये से अधिक रही और लगभग 38 फीसदी अधिक सेलर्स ने पिछले प्राइम डे के मुकाबले 1 लाख से अधिक की बिक्री की। अमेजनडॉटइन पर सेल करने वाली लोकल नेबरहुड की दुकानों की बिक्री में वाईएक्स से अधिक की वृद्धि देखी गई।

# डिजिटल हेल्थकेयर में मेडीबडी ने लॉन्च किया सर्जरी केयर

## डिजिटल हेल्थकेयर सर्विसेज के अपने पोर्टफोलियो को दिया विस्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**भारत** के सबसे बड़े डिजिटल हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म मेडीबडी ने आज सर्जरी केयर सर्विसेज की लॉन्चिंग का एलान किया। इसी के साथ कंपनी ने अपनी डिजिटल हेल्थकेयर सर्विसेज को और विस्तार दिया है। सभी क्रिटिकल मेडिकल जरूरतों के लिए वन-स्टॉप सॉल्यूशन देते हुए मेडीबडी अपने ग्राहकों को बिना परेशानी के एंड-टु-एंड सर्जरी केयर उपलब्ध कराएगा। इसके तहत सही सर्जन तक पहुंचने में मदद से लेकर ऑपरेशन के बाद की रिकवरी केयर तक शामिल हैं।

मेडीबडी के सर्जरी केयर के माध्यम से सभी बड़े शहरों में कंपनी के पार्टनर हॉस्पिटल्स में 60 से ज्यादा सर्जरी के मामलों में सहयोग मिलेगा। जनरल सर्जरी के अलावा मेडीबडी सर्जरी केयर के तहत प्रोक्टोलॉजी, ऑफ्थेल्मोलॉजी, वस्कुलर, ईएनटी, ऑर्थोपेडिक्स, यूरोलॉजी, गायनेकोलॉजी व अन्य कई विभागों में स्पेशलाइज्ड ट्रीटमेंट में भी सहयोग दिया जाएगा। संपूर्ण सर्जरी केयर मैनेजमेंट सर्विस के माध्यम से मेडीबडी सर्जरी के दौरान अपने ग्राहकों को सभी तरह के मेडिकल, फाइनेंसिंग, इंश्योरेंस एवं रिकवरी से संबंधित सेवाओं में मदद करेगा।

स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं के लिए तत्काल सर्जन कंसल्टेशन के अलावा इस सर्विस में हर मरीज के लिए एक समर्पित केयर बडी मिलेगा, अनलिमिटेड फॉलो अप, सेकेंड ओपिनियन और एक्सपर्ट्स से फाइनेंशियल काउंसिलिंग भी मिलेगी, जिससे ग्राहक सर्जरी को लेकर सही फैसला कर सकें। इनके अतिरिक्त सर्जरी के लिए पिक अप और ड्रॉप, अन्य खर्चों पर डिस्काउंट, भर्ती के लिए पेपरवर्क में मदद और इंश्योरेंस सेटलमेंट इस सर्विस को और अहम बना देते हैं। इसके माध्यम से ग्राहकों को एक सुगम सर्जरी का अनुभव मिलेगा।

मेडीबडी के सह-संस्थापक एवं सीईओ सतीश कन्नन ने इस मौके पर कहा, 'हमारा लक्ष्य एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनना है, जिस पर अपनी स्वास्थ्य संबंधी हर जरूरत के लिए पूरा भरोसा करें। एक ही छत के नीचे मेडिकल से जुड़े सभी सॉल्यूशन प्रदान करने की दिशा में सर्जरी केयर की लॉन्चिंग एक अहम कदम है। हमें यह सर्विस शुरू करने की खुशी है और उम्मीद है कि इससे सर्जरी की जरूरत वाले लोगों को गुणवत्तापूर्ण मदद मिलेगी।

# बीके में आई सी–आर्म मशीन, अब मरीज नहीं होंगे रेफर

कविता। फरीदाबाद

**बीके** सिविल अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर में हड्डी से संबंधित विभिन्न तरह के ऑपरेशनों में काम आने वाली सी आर्म मशीन पिछले तीन सालों से नहीं थी। खराब हो जाने पर उसकी मरम्मत नहीं करवाई गई थी। खराब मशीन को पिछले दिनों बेच दिया गया था। इस वजह से मरीजों को यहां से रेफर किया जा रहा था। सूत्रों की माने अस्पताल प्रबंधन को एक करोड़ 34 लाख रुपये से ओटी का विस्तार और सुविधाएं उपलब्ध करवाने का बजट भी मिला था। लेकिन इसके बावजूद भी तीन साल तक मशीन नहीं महंगाई गई। अब मशीन आने से मरीजों को राहत मिलेगी।


सी–आर्म मशीन के अभाव में मरीजों को कर रहे रेफर

8 जून 2022 को पायनियर में छपी खबर की कटिंग

जानकारी के मुताबिक गत 8 जून को पायनियर में छपी खबर यह थी कि बीके सिविल अस्पताल में सी–आर्म न होने से ऑपरेशन थियेटर में हड्डी से संबंधित ऑपरेशन में काम आने वाली सी आर्म मशीन तीन साल पहले खराब हो गई थी। उसे कंडम घोषित कर पिछले दिनों कबाड़े में बेच दिया गया था।

कोरोना काल में सी आर्म मशीन खरीदने के लिए कुछ बजट निकाला गया था। लेकिन कोविड–19 को देखते हुए इस बजट को किसी स्वास्थ्य केन्द्र में लगा दिया गया, लेकिन अब एक बार फिर मशीन न होने का खामियाजा दुर्घटनाग्रस्त घायलों और उनके परिजनों को उठाना पड़ रहा था। जिसे देखते हुए पायनियर ने 8 जून 2022 को यह खबर प्रकाशित की थी। जिसमें बताया जा रहा था कि जो सामान्य हड्डी के ऑपरेशन अस्पताल में भी हो सकते हैं। उनके लिए भी रोगियों को दिल्ली रेफर किया जा रहा था। इसे देखते हुए सभी सचेत हो गए और जिला प्रशासन और समाजसेवियों के द्वारा मांग सोशल मीडिया पर उठाई गई। जिसके बाद अब एक बार फिर मशीन आ गई है।

**यह है सी आर्म मशीन :** विशेषज्ञों के अनुसार सी आर्म मशीन हड्डी से संबंधित ऑपरेशन के काम में आती है। इस मशीन की कीमत दस लाख रुपये से शुरू होती है। इस मशीन के जरिए डॉक्टर ऑपरेशन के दौरान हड्डी या अंदर की जगह को स्क्रीन पर देख पाते हैं। इसके जरिए माइनर से लेकर बड़ा ऑपरेशन किया जा सकता है। कौनसा स्क्रू रोड, कहां डालनी है, ये इस मशीन के आधार पर ही लगाए जाते हैं। इस मशीन के बिना ऑपरेशन करना असंभव होता है। इसीलिए सी आर्म मशीन बहुत उपयोग होती है। लेकिन इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन की तरफ से इस मशीन को दोबारा मंगवाने के लिए लंबे समय से सार्थक प्रयास नहीं किये जा रहे थे।

# रोड जाम करने पर सात नामजदों सहित 100 लोगों पर केस दर्ज

## नगर निगम द्वारा अपनी जमीन से कब्जा हटाने पर ईरोज गार्डन वासियों ने लगाया था जाम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** एनआईटी नरेंद्र कादियान के दिशा–निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए सूरजकुंड पुलिस प्रभारी इंस्पेक्टर बलराज की टीम ने आरोपियों द्वारा सड़क पर जाम लगाकर रास्ता विरोध करने के मामले में सात नामजद आरोपियों सहित करीब 100 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सूरजकुंड में दर्ज किए गए मुकदमे में ईरोज गार्डन के रहने वाले गजेंद्र, गोविंद, चंद्रप्रकाश, प्रिंस, नरेंद्र, अरुण तथा महेंद्र का नाम शामिल है। इसके अलावा कई अज्ञात आरोपी भी शामिल है, जिनकी पहचान की जा रही है। आरोपियों की पहचान के लिए पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है जिसमें वीडियो में सड़क जाम करते दिखाई दे रहे लोगों की शिनाख्त की जाएगी।


सूरजकुंड रोड पर लोगों द्वारा लगाए गए जाम खुलवाते पुलिस अधिकारी।

मामला दरअसल यह है कि काफी समय पहले सूरजकुंड चौक से बड़खल की तरफ करीब 160 फीट की सड़क बनाई गई थी। जिसकी जमीन एमसीएफ के अधीन आती है। यह सड़क अतुल सूद नामक बिल्डर द्वारा बनाई गई थी। बिल्डर को एमसीएफ द्वारा जमीन की राशि का भुगतान करने के लिए कई बार नोटिस भेजे गए, परंतु बिल्डर की तरफ से इसका कोई जवाब नहीं आया। जिसके पश्चात कल एमसीएफ द्वारा इस सड़क को तोड़ दिया गया। इसी का विरोध करते हुए इरोज निवासियों ने आज वहां पर जाम लगाकर रास्ता अवरुद्ध करने की कोशिश की। रास्ता अवरुद्ध करने की वजह से सड़क पर आवागमन प्रभावित हुआ और लोगों को अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही एसीपी बड़खल सुखबीर सिंह तथा थाना व चौकी प्रभारी अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचे। नागरिकों का रास्ता अवरुद्ध न करने के बारे में समझाया गया। एसीपी सुखबीर ने सड़क जाम कर रहे लोगों से अनुरोध करते हुए कहा कि प्रदर्शन करना आपका अधिकार है। परंतु सरकारी रास्ते को अवरुद्ध करके आमजन को परेशान करना कानूनन अपराध है। जिसके लिए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो सकती है। इसलिए वह जाम ना लगाएं।

काफी देर समझाने के पश्चात भी जब लोगों ने जाम नहीं खोला तो पुलिस ने सात नामजद आरोपियों सहित करीब 100 लोगों के खिलाफ रास्ता अवरुद्ध करने, सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने से संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया। मुकदमा दर्ज होने के पश्चात आरोपी रास्ता छोड़कर वहां से फरार हो गए। पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही है। जिनके खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। चेतावनी–भविष्य में भी अगर किसी के द्वारा बिना वजह सड़क जाम कर आमजन को परेशानी मे डालने या पुलिस की ड्यूटी में बाधा डालने वाले ऐसे व्यक्तियों से पुलिस द्वारा सख्ती से निपटा जाएगा।

# एसयूपी पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए निगम ने बनाई रणनीति

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**निगमायुक्त** यशपाल यादव ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने बारे नगर निगम द्वारा बहुत से कदम उठाये जा रहे हैं। जिसके लिए नगर निगम फरीदाबाद ने पैंतालीस (45) टीमों का गठन किया गया है और प्रत्येक टीम में 3–3 कर्मचारी लगाये गये है। यह निगम के सभी वार्डों में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध के बारे न केवल आम जनता को जागरुक करेंगे बल्कि दोषियों के चालान भी करेंगे तथा जहां–जहां प्लास्टिक का इस्तेमाल होता पाया जाता है। उसको जब्त भी करेंगे। इसके अतिरिक्त निगम ने प्लास्टिक के बारे जानकारी रखने वाले विशेषज्ञों की भी टीमें बनाई है। जो आम जनता को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध के बारे अवगत कराएंगे।

निगमायुक्त ने आगे बताया कि नगर निगम फरीदाबाद द्वारा 2 जुलाई से 15 अगस्त, 2022 तक, नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में जागरुकता कार्यक्रम शुरू किया हुआ हैं, जिसके दौरान न केवल सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बारे में जागरुकता


निगमायुक्त यशपाल यादव।

प्रदान की जा रही है, बल्कि उल्लंघनकर्ताओं के परिसर से प्लास्टिक को भी जब्त किया जा रहा है। नगर निगम फरीदाबाद ने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग कर रहे दुकानदारों के हाल ही में 1084 चालान जारी किए हैं। 8,26,100 रुपये जुर्माने के रूप में वसूल किए गए हैं। निगम द्वारा 880 किलो प्लास्टिक को जब्त किया। उनसे 2.33 लाख रुपये का जुर्माना भी वसूल किया। निगमायुक्त ने आगे बताया कि इसके अलावा 30 और 31 जुलाई, 2022 को निगम द्वारा सामुदायिक केंद्र, सेक्टर 15, फरीदाबाद में एक विकल्प मेले का आयोजन किया जा रहा है।

# मारीवाला हेल्थ इनिशिएटिव की परोपकारी पहल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मारीवाला** हेल्थ इनिशिएटिव (एमएचआई) हर्ष मारीवाला द्वारा स्थापित एक व्यक्तिगत परोपकारी पहल है, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक खास दृष्टिकोण की वकालत करने, क्षमता निर्माण करने और अनुदान जुटाने वाला संगठन है। एमएचआई हाशिए पर स्थित लोगों और समुदायों के लिए मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने पर जोर देता है। सभी को साथ लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, एमएचआई ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े पेशेवरों के लिए एक रिसोर्स बुक, क्वीर अफर्मेटिव काउंसिलिंग प्रैक्टिस (क्यूएसीपी) पेश की है।

इस पुस्तक का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े पेशेवरों को एलजीबीटीक्यूआईए+ व्यक्ति जिन खास तरह के तनावों का सामना करते हैं, उनकी पहचान करना और ऐसे तनावों पर काबू पाने में मदद करना है। एलजीबीटीक्यूआईए+ व्यक्ति अक्सर संस्थागत, सामाजिक और व्यक्तिगत संबंधों से जुड़ी चुनौतियों का सामना करते हैं। मानसिक स्वास्थ्य परामर्श में क्वीर का दृष्टिकोण शामिल करने के महत्व के बारे में बोलते हुए, हर्ष मारीवाला, संस्थापक, मारीवाला हेल्थ इनिशिएटिव एवं चेयरमैन, मैरिको लिमिटेड ने कहा, 'वैश्विक स्तर पर, विभिन्न जेंडर और सैक्सुएलिटी पर बहुत अधिक बातचीत होती है। समाज को पर्सनल स्पेस और कार्यस्थलों, दोनों में इसे स्वीकार करने और मान्यता देने की जरूरत है। इसलिए मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों को भी अपनी काउंसिलिंग प्रैक्टिस में सकारात्मक होने के लिए नई जानकारी और कौशल हासिल करने की जरुरत होगी। चाहे कोई इंडिविजुअल प्रोवाइडर हो या वर्कप्लेस–सबके पास एक सुरक्षित स्थान होने की खास क्षमता है। डॉ. दयाल मीरचंदानी, एमडी, डीपीएम और बिहेवियरल साइंस नेटवर्क के निदेशक ने संरचनात्मक मुद्दों पर प्रकाश डाला, जिन पर क्यूएसीपी रिसोर्स बुक्स अंतर्दृष्टि प्रदान करती है, पुस्तक वास्तव में व्यापक है, जेंडर और सेक्सुएलिटी की गहरी समझ प्रदान करती है और सांस्कृतिक, मनोवैज्ञानिक और धार्मिक विचारधाराओं जैसे बाहरी प्रभावों, और उनके आंतरिककरण की प्रक्रिया पर प्रकाश डालती है।

**मारीवाला हेल्थ इनिशिएटिव के हर्ष मारीवाला, संस्थापक एवं चेयरमैन, मैरिको लिमिटेड ने कहा, 'वैश्विक स्तर पर, कई जेंडर और सैक्सुएलिटी पर बहुत अधिक होती है बातचीत**




# फोर्टिस हॉस्पीटल ने कटी बाजू को जटिल रीप्लांटेशन सर्जरी से जोड़ा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फोर्टिस** हॉस्पीटल शालीमार बाग ने एक 50 वर्षीय फैक्टरी कर्मी की बाजू को, जो कि मशीन पर काम करते हुए दुर्घटनावश कटकर अलग हो गई थी, एक जटिल रीप्लांटेशन सर्जरी के बाद दोबारा जोड़ने में सफलता हासिल की है। इस सर्जरी को डॉ ऋचि गुप्ता, डायरेक्टर एवं एचओडी, प्लास्टिक सर्जरी, फोर्टिस हॉस्पीटल शालीमार बाग के नेतृत्व में डॉक्टरों की दो टीमों ने अंजाम दिया। यह रीप्लांटेशन सर्जरी काफी एडवांस प्रक्रिया थी जिसमें हड्डियों, मांसपेशियों, रक्तवाहिकाओं, स्नायुओं और उपास्थियों की सटीकतापूर्वक पहचान कर उन्हें माइक्रोसर्जिकल तकनीकों से दोबारा सिला गया। यह चमत्कार सिर्फ इस वजह से हो सका क्योंकि मरीज को समय पर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्लास्टिक सर्जरी, ऑर्थोपिडिक, एनेस्थीसिया तथा इंटेंसिव केयर टीमों ने यह सुनिश्चित किया कि मरीज का रीप्लांटेशन सफल तरीके से हो। इस अत्यंत जटिल सर्जरी में करीब 6 घंटे का समय लगा। फैक्टरी में एक मशीन पर काम करने के दौरान इस कर्मचारी की कुहनी से आगे की बाजू कट गई थी जिसके बाद उन्हें तुरंत नजदीकी नर्सिंग होम ले जाया गया लेकिन वहां ऐसे गंभीर मामलों के इलाज की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। तब उन्हें इस दुर्घटना के 30 मिनटों के भीतर फोर्टिस हॉस्पीटल शालीमार बाग पहुंचाया गया। हाइपोटेंशन एवं शॉक के चलते मरीज की हालत बेहद नाजुक थी लेकिन डॉक्टरों ने बगैर समय गंवाए तुरंत सर्जिकल प्रक्रिया शुरू कर दी।

इस बारे में, डॉ ऋचि गुप्ता, डायरेक्टर एवं एचओडी, प्लास्टिक सर्जरी, फोर्टिस हॉस्पीटल शालीमार बाग ने बताया, 'चूंकि मरीज की बाजू कटकर अलग हो गई थी, इस कारण काफी खून बह गया था, अगर जरा भी और देर हुई होती तो मरीज को जान से हाथ धोना पड़ता। यह शरीर के किसी अंग के सिर्फ कटने से अलग प्रकार का मामला था, जैसे कि तलवार आदि से कटने पर प्रभावित अंग के टिश्यू कम क्षतिग्रस्त होते हैं। लेकिन इस मामले में मशीन से क्रैश एंप्यूटेशन हुआ था, लिहाजा प्रभावित हिस्से में काफी नुकसान हुआ था और खासतौर से मांसपेशियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई थीं। यदि समय पर इलाज न किया जाता तो यह नुकसान स्थायी हो सकता था। मांसपेशियां रक्तापूर्ति के अभाव में काफी तेजी से मरने लगती हैं। इसलिए सर्जन ने सबसे पहले तो कटे हुए भाग में तत्काल ब्लड सप्लाई बहाल करने का रास्ता ढूंढा। रीप्लांटेशन सर्जरी के दौरान, आर्टरीज और वेन्स को पहले जोड़ा जाता है, इनके बाद नर्व्स और फिर अन्य मांसपेशियों तथा टिश्यूज को जोड़ा जाता है। इस सर्जरी में लगभग 6 घंटे का समय लगा और रक्तापूर्ति बहाल करने के बाद हमने मरीज को निगरानी के लिए आईसीयू में रखा ताकि यह देखा जा सके कि कहीं क्षतिग्रस्त मांसपेशियों से निकलने वाले टॉक्सिन्स से गुर्दों को नुकसान तो नहीं पहुंच रहा, और सेप्सिस तो नहीं हुआ। मरीज को चार यूनिट खून भी चढ़ाया गया और उन्हें सर्जरी के 5 दिनों के बाद अस्पताल से सही हालत में छुट्टी दे दी गई। मरीज़ के कई घावों को भरने के लिए स्किन ग्राफ्टिंग की आवश्यकता हो सकती है।

# बच्चों को जमीन पर पढ़ता देख स्कूल पहुंचे उमेश भाटी


गांव सेहतपुर के सरकारी स्कूल का निरीक्षण करते जजपा के प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी।

**फरीदाबाद।** सेहतपुर गांव के सीनियर सेकंडरी स्कूल में कमरों की कमी के कारण बरामदे में पढाई करने को मजबूर है स्टूडेंट्स। इसको लेकर मीडिया में खबर छपने के बाद तिगांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी और प्रदेश प्रवक्ता जजपा उमेश भाटी कार्यकर्ताओं के साथ गवर्नमेंट स्कूल का मुआयना करने पहुंचे ।

सरकारी स्कूल सेहतपुर की बदहाल दशा सुधारने को लेकर पीछे भी कई स्थानीय लोगों ने कई बार धरना प्रदर्शन किया था। जिसके बाद शिक्षा विभाग की और से स्कूल के कमरों के लिए करीब 5 करोड़ का बजट पास कर दिया गया था। इस समय काम चलने के कारण स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि कोरोना बीमारी के बाद स्कूल खुलने पर बच्चों को जमीन पर ही बैठकर पढ़ाई करनी पढ़ रही है। गुरुवार को बच्चों की परेशानी देख उमेश भाटी और उनकी टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने इस परेशानी लेकर स्कूल स्टाफ से सारी जानकारी प्राप्त की । और मौके पर ही जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. मुनेश चौधरी से बात की और पहले की तरह स्कूल दो शिफ्ट में चलाने को लेकर निवेदन किया । जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. मुनेश चौधरी ने उमेश भाटी की बातों पर सहमती जताते हुए इस परेशानी को दूर करने का आश्वासन दिया।

# विधानसभा समिति ने विकास कार्यों का लिया जायजा

## शहर में कई लंबित विकास परियोजनाओं का मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**स्थानीय** निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं की विधानसभा समिति के चेयरमैन और विधायक नरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को अरावली गोल्फ क्लब में समीति द्वारा समीक्षा मीटिंग आयोजित की गई। इस दौरान नगर निगम फरीदाबाद में चल रही विकास परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। बैठक के उपरान्त फरीदाबाद में चल रही बड़े प्रोजेक्ट की समीक्षा भी की गई और पांच विधायकों और एमसीएफ अधिकारियों के मौके पर निरीक्षण किया गया ।

इस दौरान समिति के अध्यक्ष व फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह निरीक्षण विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ताजी के दिशा निर्देश पर किया गया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान सभी प्रोजेक्ट्स पर कार्य बंद की स्थिति में है। मौके का दौरा करने के बाद विधायक नरेंद्र गुप्ता ने बंद पड़े कामों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों को कार्रवाई करने के आदेश दिए और सभी कार्यो को पूरा करने के काम में तेजी लाने के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि ओल्ड फरीदाबाद में बनने वाले सरकारी अस्पताल जो पहले पांच मंजिला बनना था अब उसको तीन मंजिला बनाने का फैसला लिया गया है। इसके लिए रिव्यू कमेटी का गठन किया जाएगा। यह रिव्यू कमेटी 3 महीने में रिवाइज प्लान तैयार कर सरकार के समक्ष रखने को कहा गया है। साथ ही नाहर सिंह स्टेडियम और एमसीएफ की नई बिल्डिंग का कार्य बंद होने की रिपोर्ट विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता को दे जाएगी और सभी निर्माण कार्यो को जल्द से जल्द पूरा किया जायेगा। इस अवसर पर विधायक त्रिखा, विधायक नीरज शर्मा, विधायक बिशन लाल सैनी, विधायक घनश्याम सौरत, नगर निगम कमिश्नर यशपाल यादव, सीटीएम नसीब कुमार मौजूद रहे।


नाहर सिंह स्टेडियम का निरीक्षण करते विधायक नरेन्द्र गुप्ता, बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा, एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा व अन्य विधायक।

# कक्षाओं में जाकर दी 'हर घर तिरंगा' अभियान की जानकारी

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत श्रृंखलाबद्ध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान की जागरूकता लाने के लिए विवि के वालंटियर्स की टीम सभी कक्षाओं तथा कार्यालयों में जाकर आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 'हर घर तिरंगा' अभियान की जानकारी दे रहे है।

इसी कड़ी में संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के वालंटियर ने विश्वविद्यालय में कक्षावार अभियान चलाया। विवि द्वारा अभियान की सफलता के लिए नुक्कड़ नाटक, कैंपस रैली, सेल्फी विद तिरंगे, ओपन माइक इवेंट और पिक्चर एग्जीबिशन जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। विवि अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हैशटैग 'मेरा तिरंगा' के साथ हैशटैग अभियान भी चला रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा 29 जुलाई को विश्वविद्यालय परिसर में हर घर तिरंगा रैली निकली जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## साईबर क्राइम, पॉक्सो, फ्रॉड, सेल्फ डिफेंस जागरुकता कार्यक्रम




**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पुलिस प्रशासन ने विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और गाइड्स ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में साइबर क्राइम, पॉक्सो, फ्रॉड, सेल्फ डिफेंस, दुर्गा शक्ति एप, सेक्सुअल हैरेसमेंट, सड़क सुरक्षा सहित विभिन्न विषयों पर विद्यालय की छात्राओं को जागरुक किया। विद्यालय की जेआरसी एवम एसजेएबी अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि आज इंस्पेक्टर सविता एवम् उनकी टीम के सदस्यों सब इंस्पेक्टर राम कुमार, दुर्गा शक्ति टीम ने प्रात: असेंबली में अनुमानत: तेरह सौ छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपनी निजी इनफॉर्मेशन, अपनी पिक्स तथा कोई सूचना किसी को भी न दें न ही किसी अपरिचित की बातों में आएं। इसी प्रकार अपरिचित व्यक्ति, लिंक अथवा साइट से कुछ भी डाउनलोड न करें क्योंकि ऐसे लिंक और साइट अधिकतर फ्रॉड होती है और आप के लिंक पर जाते ही आप की सारी इनफॉर्मेशन हैक कर ली जाती है और यहां तक कि आप के अकाउंट से सारी धनराशि भी निकाल ली जाती है। आप को कोई विद्यालय आते जाते समय तंग करता है अपना मोबाइल नंबर देने के लिए बाध्य करता है तो आप दुर्गा शक्ति एप एवम महिला एंड चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और 1091 पर डायल करके सहायता प्राप्त कर सकती हैं। सब इंस्पेक्टर राम कुमार ने भी छात्राओं को योग द्वारा स्वस्थ रहने और धैर्य व सहनशक्ति विकसित करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने अपने सभी अध्यापकों शिवानी, शीतल, मोनिका, शर्मीला, मनीषा सहित इंस्पेक्टर सविता, राम कुमार एवम दुर्गा शक्ति टीम तथा अन्य सदस्यों का अभिनंदन करते हुए हार्दिक स्वागत किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेषत: सभी छात्राओं और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## हरियाणा में नाकाम साबित हुई खट्टर सरकार : भड़ाना



**फरीदाबाद।** बड़खल–गुड़गांव रोड स्थित आम आदमी पार्टी जिला कार्यालय पर वीरवार को जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में बड़खल विधानसभा क्षेत्र के मेवला महाराजपुर गांव से मनोज बैसला, सागर गुप्ता, शिवम एवं गजेंद्र प्रसाद ने आप पार्टी कि टोपी पहन कर पार्टी कि सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल, राज्यसभा सांसद एवं प्रभारी डॉ. सुशील गुप्ता, पंकज गुप्ता, सह प्रभारी महेन्द्र चौधरी एवं दक्षिण हरियाणा अध्यक्ष बीर सिंह सरपंच की नीतियों एवं उनकी कार्यशैली से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी का दामन थामा। आज इन सभी के नेतृत्व में पार्टी तेजी से हरियाणा में आगे बढ़ रही है और न केवल युवा बल्कि सभी वर्गों के लोग इसमें शामिल हो रहे हैं। पार्टी में शामिल हुए युवाओं ने भरोसा जताया कि पार्टी उनको जो भी जिम्मेदारी उनको सौंपेगी। पार्टी में लगातार लोगों की आस्था बढ़ती जा रही है, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व एवं प्रभारी डॉ. सुशील गुप्ता के मार्गदर्शन में लोग अधिक से अधिक लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। आम आदमी पार्टी का लगातार विस्तार हो रहा है।

## उन्मुख पाठ्यक्रमों के लिए सुनहरा अवसर

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ ने महाविद्यालय के छात्रों को नौकरी उन्मुख कौशल प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम सेवा केंद्र, नीमका के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर करने वालों में प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता और श्री उमेश दीक्षित, जर्नेल मैनेजर, एनएसआईसी तकनीकी सेवा केंद्र थे। मनीष दुबे, उप प्रबंधक, एनएसआईसी, नीमका और डॉ. मनोज शुक्ला, एसोसिएट प्रोफेसर थे। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने साझा किया कि तकनीकी सेवा केंद्र महाविद्यालय के दोनों परिसरों में एक साथ बीस पाठ्यक्रम चलाएगा, जिसमें सात एड–ऑन–पाठ्यक्रम और कंप्यूटर से संबंधित कौशल, कंप्यूटर पर लेखांकन और डिजिटल कौशल पर तेरह प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम शामिल हैं। उमेश दीक्षित ने कहा कि जो लोग इन पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करेंगे, उन्हें तकनीकी सेवा केंद्र द्वारा नौकरी के अवसर प्रदान किए जाएंगे। मनीष दुबे, उप. मंगर ने आगे बताया कि बाजार की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम तैयार किए गए हैं। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि इन पाठ्यक्रमों को ईमानदारी से करने वाले छात्रों का भविष्य उज्जवल होगा और अग्रवाल कॉलेज इस क्षेत्र का एकमात्र संस्थान है जो छात्रों को स्नातक करते हुए बाजार उन्मुख कौशल सीखने का अवसर प्रदान करता है।

## वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सात खिलाडी ले रहे भाग

**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड ने बताया कि 1 अगस्त से 6 अगस्त तक काली (कोलम्बिया) में होने वाली जूनियर वर्ल्ड एथलेटिक्स चैपियनशिप में भारतीय टीम के एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया के 33 एथलीट खिलाडी भाग ले रहे हैं। भारतीय टीम में हरियाणा राज्य के 7 एथलीट खिलाड़ियों ने अपनी जगह सुनिश्चित की हुई है। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लडकी वर्ग में 400 मीटर दौड में सुम्मी (हिसार), 400 मीटर हर्डल इवेंट में सिम्मी (भिवानी), 10000 मीटर रेस वाक इवेंट में रचना (महेंद्रगढ़) भारतीय टीम में अपना स्थान सुनिश्चित कर एथलेटिक्स हरियाणा की तरफ से भाग लेंगी। राजकुमार मिटान ने बताया कि लडका वर्ग में 400 मीटर दौड में कपिल (हिसार) और दीपक रोहिल्ला (सोनीपत) भाग ले रहा है। शाट पुट इवेंट में संयम और सावन (रोहतक) वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप काली (कोलम्बिया) में खेल प्रतिभा दिखाते हुए देश का नाम रौशन करने का कार्य करेंगे। राजकुमार मिटान ने बताया कि काली (कोलम्बिया) खेलने जा रही भारतीय टीम के साथ भारतीय आफिसियल टीम में हरियाणा के कर्ण राठी (झज्जर) रेस वाक कोच ओर गुरप्रीत कौर (सिरसा) जेवेलिन कोच के पद पर जा रहे हैं।

## जिले में एमडीयू का रीजनल सेंटर बने: एबीवीपी



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय विध्यार्थी परिषद फरीदाबाद ने अरावली गोल्फ क्लब में प्रेसवार्ता का आयोजन किया। जिसमें फरीदाबाद के छात्रों की शैक्षणिक समस्याओं के बारे बताया। एबीवीपी हरियाणा के प्रदेश मंत्री माधव रावत ने कहा की एबीवीपी विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। जो समय–समय पर विद्यार्थियों को आ रही समस्याओं को उजागर ही नहीं अपितु उनके समाधान हेतु सुझाव भी देता है। फरीदाबाद के कई महाविद्यालयों में टीचिंग, नॉन टीचिंग व क्लर्क जैसे पद रिक्त पड़े हैं। जिला संयोजक गायत्री राठौर ने बताया की लाक्डाउन के समय बंद हुई महिलाओं के लिए पिंक बस सेवा दोबारा शुरू की जाए। हरियाणा सरकार द्वारा फरीदाबाद में महाविद्यालयों की जो घोषणाएं की गई थी। उनकी बिल्डिंग जल्द से जल्द पूरी हो ताकि छात्र समय रहते शिक्षा से सम्बंधित सभी सुविधाएं मिल सके। जेसी बॉस विश्वविद्यालय के अध्यक्ष दिव्यांशु ने कहा की कैम्पस की अंदर हॉस्टल की सुविधा नहीं है। जिसके कारण विद्यार्थियों को बाहर महंगे पीजी में रहना पड़ता है। एबीवीपी ने पहले भी इन समस्याओं के विषयों को जिला उपयुक्त, विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर व सरकार के प्रतिनिधियों अवगत कराया है व ज्ञापन भी सौंपे है, परंतु समाधान न होने कारण छात्र अब चरणबद्ध तरीक़े से प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर नगर मंत्री गौतम भड़ाना, मीडिया संयोजक रवी पांडे, विपुल पराशर, जय मुदगिल, मोहित, आदित्य, नितिन व आदि मौजूद रहे।

## महत्वपूर्ण निर्णय

### बीएसएनएल को मजबूती

**सरकार** ने अच्छे इरादे के साथ बीएसएनएल को पुनर्जीवित करने का फैसला किया है, पर देखना होगा कि क्या यह यथार्थ में भी खरा उतरता है। वास्तव में भारत संचार निगम लिमिटेड-बीएसएनएल को पुनर्जीवित करने का सरकार का निर्णय अच्छे इरादे से लिया गया फैसला है, पर कोई बहुत कट्टर आशावादी ही इसकी सफलता पर विश्वास कर सकेगा। आधिकारिक प्रेस वक्तव्य में कहा गया है कि दूरसंचार एक रणनीतिक क्षेत्र है। वक्तव्य में यह भी कहा गया है कि इस क्षेत्र में बीएसएनएल की उपस्थिति बाजार में संतुलनकारी शक्ति के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाओं के विस्तार, स्वदेशी तकनीक के विकास तथा आपदा राहत में सहायक है। इसी कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने बुधवार को 1.64 लाख करोड़ रुपये के 'बीएसएनएल रिवाइवल पैकेज' की घोषणा की। इस पैकेज ने सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम की सेवायें, स्पेक्ट्रम आबंटन व बैलेंसशीट सुधारने तथा इसमें भारत ब्राडबैंड निगम लिमिटेड-बीबीएनएल के विलय के बाद फाइबर नेटवर्क के विस्तार हेतु नई पूंजी दी है। प्रेस वक्तव्य के अनुसार, 'वर्तमान सेवाओं में सुधार व 4जी सेवायें देने के लिए बीएसएनएल को प्रशासनिक रूप से इक्विटी के माध्यम से 44,993 करोड़ रुपये के खर्च से 900-1800 मेगाहर्टज़ स्पेक्ट्रम आबंटित किया जाएगा। इस स्पेक्ट्रम के साथ बीएसएनएल बाजार में प्रतियोगिता की स्थिति में आ जाएगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विशाल नेटवर्क का लाभ उठाते हुए हाई-स्पीड डेटा उपलब्ध कराएगा।' इसके साथ ही अगले चार साल के लिए कैपेक्स के रूप में 22,471 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी जाएगी। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस को कैबिनेट निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि इसका अधिकांश अगले दो साल में दे दिया जाएगा।




यह अपने आप में विशिष्ट पीएसई रिवाइवल पैकेज है जिसमें कर्ज के ढांचे में परिवर्तन तथा कर्ज को इक्विटी में बदलने, आदि के सभी प्राविधान शामिल हैं। हालांकि, इसका खर्च भी करदाता को उठाना होगा। इससे अनेक मुद्दे पैदा होते हैं। पहला, ऐसे समय जब निजी पक्ष 5जी की ओर आगे बढ़ रहे हैं, तब लगभग जर्जर पीएसई अपने 4 जी नेटवर्क के साथ उनसे प्रतियोगिता कैसे करेगा? दूसरा, बीएसएनएल को 2019 में 70,000 करोड़ का 'रिवाइवल पैकेज' मिला था, पर उसका स्वास्थ्य नहीं सुधर सका। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, वह केवल आपरेशनल मुनाफा कमा रहा है और 2026-27 में ही शुद्ध मुनाफा कमाने की स्थिति में होगा। इसका अर्थ है कि उसके पुनर्जीवन पर संदेह है। क्या सरकारी खजाने को यह दांव खेलने की अनुमति दी जानी चाहिए? तीसरा, 'रिवाइवल पैकेजों' ने शायद ही कभी कारगर भूमिका निभाई हो। एयर इंडिया इसका हालिया उदाहरण है। पिछले सालों में एयरलाइन को पुनर्जीवित करने के लिए दसियों हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए, पर उनका कोई लाभ नहीं मिला। पहले भी यदि सैकड़ों नहीं तो कम से कम दो दर्जन प्रयास बीमार पीएसई को पुनर्जीवित करने के लिए किए गए, लेकिन उनका कोई लाभ नहीं मिला। सरकार के 2003 के विनिवेश मैनुअल ने 21 पीएसई की सूची दी है जिनके पुनर्जीवन का अध्ययन हुआ था। इसके अनुसार, 'उपरोक्त भारी निवेश के बावजूद सरकार सारणी में प्रस्तुत किसी बीमार कंपनी की किस्मत बदलने में सफल नहीं हुई।' इसका कारण सरल है। पीएसई का नियंत्रण राजनेताओं व नौकरशाहों द्वारा होता है, जबकि ये लोग वाणिज्यिक उद्यमों के संचालन में दक्ष नहीं होते हैं। कभी-कभी राजनीतिक व पक्षपाती हितों के कारण अर्थव्यवस्था के तर्क अस्वीकार कर दिए जाते हैं। इसके अलावा उद्यमों में अक्षमता व भ्रष्टाचार के भी अनेक मामले सामने आते हैं। इस पृष्ठभूमि को देखते हुए बीएसएनएल को पुनर्जीवित करने का प्रयास ऐसा दांव है जिससे बचना ही संभवत: ज्यादा अच्छा था।

# अवैध बाल व्यापार पर बदला समाज का नज़रिया

**कैलाश सत्यार्थी ने 1980 में 'बचपन बचाओ आंदोलन' की शुरुआत की थी। इस संगठन ने बीते चार दशकों में अवैध बाल व्यापार के खिलाफ चलाए गए आंदोलन की अगुवाई की है और एक लाख से अधिक बच्चों को गुलामी से मुक्ति दिलाई है।**



**पूजा पुनेठा**
(लेखिका राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पूर्व सलाहकार हैं)

यूनाईटेड नेशंस ऑफिस ऑन ड्रग्स एंड क्राइम (यूएनओडीसी) हर साल 30 जुलाई को ह्यूमन ट्रैफिकिंग (अवैध मानव व्यापार) के खिलाफ विश्व दिवस के रूप में मनाता है। ट्रैफिकिंग का अपराध रोकने वाली प्रमुख संस्था होने के नाते यूएनओडीसी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के प्रोटोकॉल को लागू करने में सदस्यीय देशों की मदद करता है। ये प्रोटोकॉल यूनाईटेड नेशंस कन्वेंशन अगेंस्ट ट्रांसनेशनल आर्गेनाइज्ड क्राइम (यूएनटीओसी) का हिस्सा हैं। ये संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा साल 2000 में स्वीकृत किए गए हैं जबकि अधिवेशन साल 2003 में अमल में आया। यह ह्यूमन ट्रैफिकिंग के खिलाफ पहला वैश्विक और कानूनी रूप से बांधने वाला दस्तावेज है।

यूएनटीओसी को तीन प्रोटोकॉल पूरा करते हैं, जिनमें ह्यूमन ट्रैफिकिंग को रोकना, कुचलना और दंडित करना है। अधिवेशन एवं इसके प्रोटोकॉल्स, शोषण के मकसद से डरा-धमकाकर, सत्ता के दुरुपयोग आदि से ह्यूमन ट्रैफिकिंग के लिए अपनाए जाने वाले विभिन्न तौर-तरीकों जैसे भर्तियां कर, एक जगह से दूसरी जगह ले जाकर की जाने वाली ह्यूमन ट्रैफिकिंग की व्याख्या करते हैं। दोहन के लिए होने वाली ह्यूमन ट्रैफिकिंग एक प्रायोजित वैश्विक अपराध है, जिसमें जबरन श्रम करवाने, वैश्यावृत्ति करवाने के लिए, मानव अंगों का व्यापार और बंधुआ मजदूरी करवाने के लिए होने वाली ट्रैफिकिंग शामिल है। यही नहीं, ड्रग्स और हथियार के बाद ह्यूमन ट्रैफिकिंग दुनिया का तीसरा संगठित अपराध है। हालांकि दुनियाभर में ट्रैफिकिंग का रूप रंग व्यापक स्तर पर एक जैसा ही है लेकिन कुछ देशों में इसके कुछ खास ढंग हैं। उदाहरण के तौर पर भारत में जबरन मजदूरी करवाने के लिए की जाने वाली अवैध बाल व्यापार(चाइल्ड ट्रैफिकिंग) इस जघन्य अपराध का एक रूप है।




भारत में अवैध बाल व्यापार का मुद्दा तब तक दरकिनार सा था जब तक कि नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी ने बाल शोषण के विभिन्न रूपों के खिलाफ आंदोलन नहीं छेड़ा था। सत्यार्थी ने उत्पीड़न व शोषण के शिकार बच्चों की मुक्ति एवं पुनर्वास के लिए और अत्याचार करने वालों को कानून के कठघरे में खड़ा करने के लिए साल 1980 में 'बचपन बचाओ आंदोलन' की शुरुआत की थी। इस संगठन ने बीते चार दशकों में अवैध बाल व्यापार के खिलाफ चलाए गए आंदोलन की अगुवाई की है और एक लाख से अधिक बच्चों को गुलामी से मुक्ति दिलाई है।

हालांकि हमारे देश के कानून में ट्रैफिकिंग को परिभाषित नहीं किया गया था और न ही मुक्त करवाए गए बच्चों के पुनर्वास के लिए एक अर्थपूर्ण योजना थी। अवैध बाल व्यापार के मुद्दे की उचित समझ के अभाव में सैकड़ों बच्चे न्याय से वंचित रह गए, जिनकी ट्रैफिकिंग जबरन मजदूरी करवाने के लिए की गई थी। साल 2004 में बचपन बचाओ आंदोलन(बीबीए) नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (एनएएलएसए) का सदस्य बन गया। यह समिति उस याचिका की प्रतिक्रिया स्वरूप बनी थी, जो उच्चतम न्यायालय में दायर की गई थी। इस समिति ने भारत में ट्रैफिकिंग से लड़ने के लिए तुरंत एक व्यापक कानून बनाने की जरूरत पर जोर दिया।

ह्यूमन ट्रैफिकिंग के खिलाफ लोगों में जागरूकता लाने के लिए कैलाश सत्यार्थी ने साल 2007 में साउथ एशियन मार्च अगेंस्ट चाइल्ड ट्रैफिकिंग का नेतृत्व किया। यह आंदोलन कोलकाता से लेकर दिल्ली तक आयोजित किया गया था जिसने पांच हजार किमी से ज्यादा की दूरी तय की थी। साल 2012 में उन्होंने असम में (गुवाहाटी से ढुबरी तक) दूसरा ट्रैफिकिंग विरोधी अभियान चलाया। असम का चुनाव इसलिए किया गया क्योंकि यह राज्य ट्रैफिकिंग का गढ़ बन चुका था। इस अभियान में आम लोगों के साथ-साथ मशहूर हस्तियां भी शामिल हुईं। अभियान को हरी झंडी भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश अल्तमस कबीर ने दिखाई और वे इस अभियान में शरीक भी हुए। इस बीच, साल 2011 में बीबीए द्वारा दाखिल एक याचिका के जवाब में सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार ट्रैफिकिंग को परिभाषित किया। इसी साल मई माह में भारत ने तीन प्रोटोकॉल समेत यूनाईटेड नेशंस कन्वेंशन अगेंस्ट ट्रांसनेशनल आर्गेनाइज्ड क्राइम (यूएनटीओसी) को स्वीकार किया।

सत्यार्थी के निरंतर प्रयासों के बाद साल 2013 में बीबीए के सुझावों पर ट्रैफिकिंग शब्द को जस्टिस वर्मा कमेटी की रिपोर्ट में शामिल किया गया। यह कमेटी मौजूदा आपराधिक कानून में संशोधन करने के लिए गठित की गई थी। इसके बाद क्रिमिनल लॉ (अमेंडमेंट) एक्ट 2013 के जरिए भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के अनुच्छेद 370 को नए सिरे से आकार दिया गया ताकि ह्यूमन ट्रैफिकिंग के विभिन्न स्वरूपों और इसके दंड को इसमें शामिल किया जा सके। आईपीसी में एक नया अनुच्छेद 370 ए (तस्करी किए गए जन का शोषण) भी जोड़ा गया।

सत्यार्थी ने महसूस किया कि ट्रैफिकिंग को रोकने के लिए देश में एक मजबूत कानून की जरूरत है। ऐसे में लोगों को अवैध बाल व्यापार और बाल शोषण के प्रति जागरूक करने और संवेदनशील बनाने के मकसद से कैलाश सत्यार्थी ने सितंबर 2017 में देशव्यापी मार्च 'भारत यात्रा' का आयोजन किया। 35 दिन चले इस मार्च ने तमिलनाडु के कन्याकुमारी से लेकर नई दिल्ली तक का रास्ता तय किया, जिसमें 12 लाख से ज्यादा लोगों ने शिरकत की। इस यात्रा ने 22 हजार किमी का सफर तय किया।

'भारत यात्रा' का इतना व्यापाक प्रभाव रहा कि भारी जनदबाव, जजों, मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों, सांसदों, राजनेताओं और शिक्षाविदों की सक्रियता के चलते ट्रैफिकिंग को रोकने के मकसद ने सरकार ने 28 फरवरी, 2018 को लोकसभा ने एंटी ट्रैफिकिंग बिल को पास कर दिया। हालांकि राज्यसभा में यह पेश नहीं हो पाया और इस वजह से लैप्स हो गया। कैलाश सत्यार्थी के प्रयासों से एक बार फिर साल 2021 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने ह्यूमन ट्रैफिकिंग (प्रिवेंशन, प्रोटेक्शन एंड रिहैबिलिटेशन) बिल का मसौदा तैयार किया, जिसे संसद में पेश होना है।

मौजूदा बिल अपनी क्षमताओं और पहुंच, पीड़ितों को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध करवाने एवं दोषियों को दंडित करने की दृष्टि से पहले से कहीं अधिक व्यापक है। ट्रैफिकिंग से लड़ने और शोषित बच्चों के पुनर्वास के लिए एक अर्थपूर्ण मॉडल सुनिश्चित करने के वास्ते कैलाश सत्यार्थी निरंतर प्रयास कर रहे हैं। साथ ही सरकार से आग्रह भी है कि वह जल्द से जल्द मौजूदा सत्र में एंटी ट्रैफिकिंग बिल को पास करवाकर एक कड़े कानून के रूप में जमीन पर लाए ताकि बच्चों को ट्रैफिकिंग के चंगुल से बचाकर उनका बचपन शोषण मुक्त और सुरक्षित किया जा सके।

# जनसंख्या नियंत्रण का सहज रास्ता



**ब्रजेंद्र सिंह पंवार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

विश्व जनसंख्या प्रास्पेक्टस रिपोर्ट-डब्लूपीपी, 2022 के अनुसार भारत चीन को पीछे छोड़ कर 2023 में दुनिया का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश बन जाएगा। अगले साल भारत की जनसंख्या के 1,429 मिलियन होगी जबकि चीन में 1,426 मिलियन लोग होंगे। अनुमान है कि भारत में 1,668 मिलियन लोग होंगे जो चीन की जनसंख्या से बहुत आगे होंगे क्योंकि वह 2050 तक 1,317 मिलियन रह जाएगी। 15 नवंबर, 2022 को दुनिया की जनसंख्या 8 बिलियन पहुंच जाएगी।

जनसंख्या की वृद्धि दर विभिन्न देशों व क्षेत्रों में अलग-अलग है। 2050 तक दुनिया की आधी से अधिक जनसंख्या केवल आठ देशों-भारत, नाइजीरिया, पाकिस्तान, इथियोपिया, मिस्र, कांगो, फिलीपीन्स व तंजानिया में केन्द्रित होगी। दुनिया के सबसे बड़े देशों में जनसंख्या वृद्धि की दर आकार के अनुसार उनके पुन: व्यवस्थित करने की आवश्यकता स्पष्ट करेगी। दुनिया में 46 अल्प विकसित देशों-एलडीसी में जनसंख्या वृद्धि सबसे अधिक है। इनमें से अनेक देशों की जनसंख्या 2022 से 2050 के बीच दूनी हो जाएगी जिसके कारण संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा तथा इनके सामने संयुक्त राष्ट्रसंघ के टिकाऊ विकास लक्ष्य-एसडीजी प्राप्त करने की चुनौतियां और गंभीर हो जाएंगी। इस रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि 65 साल या उससे अधिक आयु वाली वैश्विक जनसंख्या 2022 में 10 प्रतिशत तथा 2050 में 16 प्रतिशत बढ़ेगी। इस कारण इन देशों को टिकाऊ सामाजिक सुरक्षा व पेंशन व्यवस्था में सुधार जैसे कार्यक्रमों को मजबूत करना होगा जिसमें सर्वव्यापी स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था की स्थापना शामिल है। भारत की स्थिति पर गौर करें तो सर्वेक्षण के अनुसार अनुमानों से संकेत मिलता है कि केवल पांच राज्यों की प्रजनन दर 2.1 के रिप्लेसमेंट स्तर से अधिक थी। इस दर पर जनसंख्या एक पीढ़ी से अगली पीढ़ी में पूरी तरह बदल जाती है। इनमें बिहार, मेघालय, उत्तर प्रदेश, झारखंड व मणिपुर शामिल हैं। ये राज्य प्रति व्यक्ति आय में भी पिछड़े हैं। इससे स्पष्ट है कि जनसंख्या वृद्धि का आर्थिक समृद्धि पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। तथ्य यह है कि जैन, सिख व बौद्ध की प्रजनन दर राष्ट्रीय औसत से नीचे है और यह इन समुदायों के सदस्यों में आर्थिक सुरक्षा से जुड़ी है। भारत के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के पांचवें संस्करण 2021 के अनुसार, पहली बाद देश की कुल प्रजनन दर-टीएफआर 2.1 के रिप्लेसमेंट स्तर से भी नीचे आ कर 2.0 हो गई है। भारत की जनसंख्या में यह गिरावट विकसित देशों के अनुरूप है जिससे जीवन स्थितियों में बेहतरी की आशा है। तथ्य यह है कि जनसंख्या में गिरावट बिना राज्य द्वारा दबाव के बिना संभव हुई है। यह भारत के दो सर्वाधिक जनसंख्या वाले राज्यों-बिहार व उत्तर प्रदेश से स्पष्ट है।



अब गरीबी उन्मूलन की तुलना में स्वास्थ्यरक्षा सुविधाओं व शिक्षा, आदि पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। उपलब्ध आंकड़ों से स्पष्ट है कि आने वाले दशकों में 0-14 से 15-24 वर्ष की आयु वालों की संख्या में लगातार कमी आएगी, जबकि 25-64 व 65 से अधिक आयु वालों की संख्या लगातार बढ़ेगी। इससे संकेत मिलता है कि भारत में सक्रिय आयुवर्ग की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी होगी, लेकिन उससे बढ़ती संख्या में वृद्धों के भरण-पोषण की आशा की जाती है। 65 वर्ष से अधिक आयु वाले इन लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना बड़ी चुनौती होगी। सरकार के कल्याणकारी उपायों में इस बढ़ती जनसंख्या के साथ संसाधनों की उपलब्धता पर गौर करना होगा ताकि समुचित लाभार्थियों तक पहुंचना सुनिश्चित हो सके। इससे स्वास्थ्यरक्षा, आवास व शिक्षा क्षेत्रों पर भारी दबाव पड़ेगा। 25-64 आयुवर्ग के लिए स्किलिंग की आवश्यकता होगी क्योंकि यह उनकी उत्पादकता सुनिश्चित करने तथा बेहतर आय की गारंटी होगी जिससे वृद्धावस्था देखभाल संभव होगी। यह वर्तमान तथा भावी सरकारों के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत परिवर्तनों के क्षेत्र में बड़ी चुनौती होगी।

समाज के एक और वर्ग-बच्चियों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। परिवार को छोटा रखने की आवश्यकता पर खुली चर्चा की आवश्यकता है।

एनएफएचएस रिपोर्ट के अनुसार, 'परिवार नियोजन विधियों की अपूर्ण आवश्यकता' सबसे निचले वर्ग में सर्वाधिक 11.4 प्रतिशत तथा सर्वाधिक समृद्ध वर्ग में सबसे कम 8.6 प्रतिशत है। इसका अर्थ है कि आय बढ़ने के साथ ही आधुनिक गर्भनिरोधकों का प्रयोग बढ़ता है। कामकाजी महिलाओं में 66.3 प्रतिशत के आधुनिक गर्भनिरोधक विधियों के प्रयोग की आशा है, जबकि अन्य महिलाओं में यह 53.4 प्रतिशत है। एनएफएचएस 2019-21 से संकेत मिलता है कि 6 वर्ष से अधिक आयु वाली लड़कियों व महिलाओं में से केवल 16.6 प्रतिशत ने 12 वर्ष या उससे अधिक शिक्षा प्राप्त की है। 'असर' रिपोर्टों के अनुसार, स्थिति इस कारण और खराब होती है कि शिक्षा की गुणवत्ता खराब है।

महिला शिक्षा से पांच वर्ष से कम आयु वाले बच्चों में कुपोषण का स्तर भी तय होता है। पांच वर्ष से छोटे हमारे 35 प्रतिशत से अधिक बच्चों की बढ़वार ठीक नहीं है। उनके गरीबी में फंसने तथा आजीवन दूसरों पर निर्भर रहने की संभावना बढ़ जाती है। एनएफएचएस-5 व एनएफएचएस-4 रिपोर्टों की तुलना से पता चलता है कि 2019-21 में 15-49 वर्ष आयुवर्ग वाली प्रजनन योग्य महिलाओं में रक्ताल्पता 57 प्रतिशत थी, जबकि 2015-16 में यह 53 प्रतिशत थी। विकास में यह असंतुलन बदलना तथा स्वास्थ्यरक्षा व शिक्षा में निवेश, खासकर कन्याओं की समृद्धि हेतु आवश्यक है। इसके लिए उनको 12 वर्ष से अधिक रोजगारपरक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए। हमारी जनता के मानव विकास सूचकांक में सुधार से सभी स्तर पर समृद्धि बढ़ेगी। लेकिन ऐसा तब तक संभव नहीं होगा जब तक मुद्दों को गंभीरता से नहीं लेंगे तथा समस्या समाधान के ईमानदार प्रयास नहीं करेंगे।

## आप की बात

### विद्या में रिश्वत की मिलावट

**जब** पश्चिम बंगाल के शिक्षामंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी मित्र के घरों से शिक्षकों की भर्ती के नाम पर ली गई रिश्वत के करोड़ों रूपये, अथाह सोना और अनगिनत जमीन जायदाद के कागजात ईडी की जांच में मिल रहे हों तब वहां के शिक्षक कितने ईमानदार होंगे और वे विद्यार्थियों को कितना चरित्रवान बनाने में सफल होंगे ? कहावत भी है जैसा आटा होगा वैसी रोटी भी होगी। तब जब प्रदेश के शिक्षामंत्री याने शिक्षा के टॉपर (शीर्ष) ही महान रिश्वतखोर होंगे तब वहां के शिक्षकों जिन्होंने हजारों-लाखों देकर नौकरी पायी तब उनसे कैसे उम्मीद की जा सकती है कि वे पुष्ट शिक्षा देकर विद्यार्थियों में नैतिकता का सौपान भरेंगे ? वे भी रिश्वत के रूप में दी हुई रकम किसी तरह की ट्यूशन और कोचिंग करके अपने ही विद्यार्थियों से निकालेंगे। मतलब साफ है स्कूल में शिक्षा बेहतर होगी नहीं तो विद्यार्थियों को मजबूर होकर ट्यूशन या कोचिंग करनी ही होगी. तभी तो शिक्षक का पेट भरेगा। जिस प्रदेश शिक्षामंत्री रिश्वतखोर होगा वहां न तो शिक्षा चरित्रवान होंगे और ना ही विद्यार्थी नैतिकता का सही पाठ पढ़ पाएंगे। याने जब विद्या दिलाने में ही रिश्वत रिश्वत चलेगी तो विद्यार्थी कैसे शाश्वत बनेंगें ?

- **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### 'आप' की कथनी-करनी

**पंजाब** सरकार के क्रियाकलापों को देखते हुए आम आदमी पार्टी कथनी और करनी उजागर हुई है। पंजाब विधानसभा में 117 में से 92 विधानसभा सीटों की ऐतिहासिक जीत में 32 प्रतिशत दलित मतदाताओं का बड़ा योगदान है पंजाब सरकार ने सभी सरकारी कार्यालय में डॉ अंबेडकर के चित्र का निर्णय एक दिखावा मात्र है। इसका जीता जागता उदाहरण है 178 लॉ अधिकारियों की भर्ती में आरक्षण ना देने संबंधी याचिका को पंजाब हाई कोर्ट में दाखिल करना। अगस्त 2021 में भारत के अनुसूचित जाति आयोग ने इस भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण लागू करने संबंधी दिशा निर्देश जारी किए थे. आम आदमी पार्टी की सरकार ने पंजाब हाई कोर्ट में दायर याचिका कर आरक्षण लागू करने पर बौद्धिक क्षमता एवम दक्षता पर सवालिया निशान खड़े किए थे. जिस पर पंजाब के दलित संगठनों ने पंजाब सरकार पर सवालिया निशान खड़े किए और इसके विरोध में उतरे. जिसका परिणाम स्वरूप 14 जुलाई को पंजाब हाई कोर्ट में पंजाब सरकार ने अपनी याचिका वापस ली है ऐसा माना जा रहा है पंजाब के एडवोकेट जनरल अनमोल सिद्धू को भी इस्तीफा देना पड़ा है।

- **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### जानलेवा चीनी मांझा

कई बार नुकसानदायक चीजों के उपयोग को प्रतिबंधित किए जाने के बावजूद उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही नहीं होने से दुष्परिणाम आते रहते हैं। चीनी माझा धागा भी ऐसा ही एक आइटम है जो जीव मात्र के लिए जानलेवा साबित होता है। दिल्ली में इस धागे से एक युवक की गर्दन कटने से हुई मौत ने फिर ढेरों सवाल खड़े किए हैं। समझ नहीं आता कि जब सरकार भी जानती है कि यह धागा किसी भी सूरत में सुरक्षित नहीं है तो उसकी बिक्री प्रतिबंध के बावजूद कैसे होती है? निश्चित रूप से यह संबंधित विभाग की लापरवाही है जिससे आए दिन मौतें होती रहती है। संक्रांति के आसपास जब पतंगबाजी होती है तब इससे बड़ी विभत्स घटनाएं होती है। उस समय भी इस पर रोक के कानून का हवाला दिया जाता है मगर सख्त कार्रवाई के अभाव में कानून और कार्यवाही दिखावा साबित हो जाती है। अच्छा यही होगी इस धागे के चीनी आयात पर ही कठोर कार्यवाही हो और इसकी बिक्री पूर्णतया बंद की जानी चाहिए। जब बात सही नहीं रहेगा तो बांसुरी **कैसे बजेगी ?**

- **अमृतलाल मारू**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**विद्रोही** सड़े पत्तों की तरह हैं जिनको झड़ जाना चाहिए। यह पेड़ के लिए अच्छा है क्योंकि उसमें नई पत्तियां आएंगी।

- **उद्धव ठाकरे**
शिवसेना नेता



**इस** शताब्दी में चीन और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ब्रिटेन व दुनिया की सुरक्षा तथा समृद्धि के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

- **ऋषि सुनक**
ब्रिटिश सांसद



**बहुत** से लोग पंडित नेहरू की आलोचना करते हैं। मैं ऐसा नहीं कर सकता। उनकी नीतियां गलत हो सकती हैं, पर उनके इरादे गलत नहीं थे।

- **राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्री

# सार्वजनिक स्थानों पर विद्यालय अवधि में स्कूल ड्रेस में बच्चों के प्रवेश पर प्रतिबंध

**● राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सभी जिलाधिकारियों को लिखा पत्र, पार्क, मॉल, रेस्टोरेंट में प्रवेश देने की मनाही**



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**तेजी** से बढ़ती मॉल संस्कृति की आगोश में आ रहे स्कूली बच्चों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उप्र राज्य बाल संरक्षण आयोग ने इसे गंभीरता से लिया है। आयोग की सदस्य डॉ शुचिता चतुर्वेदी ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिख कर कहा है कि सार्वजनिक स्थानों जैसे पार्क, शापिंग मॉल, रेस्टोरेंट आदि में विद्यालय अवधि में स्कूली ड्रेस में आने वाले बच्चों को प्रवेश देने पर रोक लगाई जाय। आयोग ने कहा है कि आदेश का पालन कराते हुए आयोग को एक सप्ताह में अवगत कराया जाय। राजधानी से लेकर छोटे शहरों में अक्सर स्कूली बच्चे विद्यालय अवधि के दौरान स्कूल ड्रेस में सार्वजनिक स्थान जैसे- पार्क, रेस्टोरेंट, शापिंग मॉल में समय व्यतीत करते हुए नजर आते हैं। इससे न केवल बच्चों की शिक्षा प्रभावित होती है, बल्कि इन स्थानों पर इनकी उपस्थिति से अभिभावकों पर आर्थिक बोझ भी पड़ता है। कभी-कभार तो इन स्थानों पर अप्रिय घटना के घटित होने की संभावना भी बन जाती है। ऐसे में उप्र राज्य बाल संरक्षण आयोग ने इस प्रवृति पर रोक लगाने के लिए सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखा है।

आयोग की सदस्य डॉ शुचिता चतुर्वेदी की तरफ से लिखे गये पत्र में कहा गया है कि बालक अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 की धारा-13 (1)(जे) तथा 14 (1) के प्राविधानों के अंतर्गत बालकों के अधिकारों के उल्लंघन एवं उनकी संरक्षा का स्वत: संज्ञान लेते हुए जांच कराने का आयोग को पूर्ण अधिकार है। पत्र में सभी जिलाधिकारियों से कहा गया है कि विद्यालय अवधि में इस प्रकार की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाये। आदेश को लेकर डॉ चतुर्वेदी ने बताया कि इस कल्चर को समाप्त करने के लिए अभिभावकों को भी जागरूक होना होगा, तभी हम इस पर रोक लगा सकते हैं।

# 7500 खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की होगी स्थापना: केशव मौर्य



**लखनऊ।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत इस वर्ष कम से कम 7500 खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना कराये जाने का निर्णय लिया है। इसके लिए उन्होंने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं और लोगों को रोजगार व स्वावलंबी बनाने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोगों को रोजगार भी मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में कम से कम 100 यूनिटों की स्थापना की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि किसानों के उत्पाद ख़राब न होने पाएं। इसके लिए कोल्ड चेन बनाने की दिशा में कार्य किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि किसानों के उत्पादन में हो रही पोस्ट हार्वेस्ट क्षतियों को कम करने के लिए फल, सब्जी प्रसंस्करण में कोल्ड चेन से संबंधित कार्य योजना बनाई जाए। उन्होंने प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के विपणन के लिए पराग ब्रान्ड से प्रोत्साहित करने के लिए सहकारिता विभाग से मिलकर कार्य किए जाने के निर्देश दिए।

# कुपोषित बच्चों को गोद लेने के लिए आगे आएं संगठन: राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को राजभवन के प्रज्ञाकक्ष से रोटरी इंटरनेशनल की पहली महिला अध्यक्ष जेनिफर ई जोन्स के वाराणसी आगमन पर आयोजित कार्यक्रम को आनलाइन सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि देश और समाज के लिए नागरिकों का कल्याण सबसे महत्वपूर्ण है। रोटरी क्लब दुनिया में एक मानवीय सेवा संगठन के रूप में विख्यात है। उन्होंने विश्व में रोटरी द्वारा किए गए सेवा कार्यों का उल्लेख करते हुए सराहना की और कहा कि प्रदेश में कुपोषित बच्चों को उचित पोषण व्यवस्था के लिए गोद लेने हेतु भी यह संगठन आगे आए। अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने रोटरी इन्टरनेशनल द्वारा भारत में स्थापित रोटरी क्लबों के साथ मिलकर समाज उत्थान के लिये चलाये जा रहे महत्वपूर्ण अभियानों में सहयोग करने की सहमति पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा रोटरी डिस्ट्रिक्ट अध्यक्ष जेनिफर ई जोन्स एक बेहतर विश्व और पर्यावरण संरक्षण के लिए योगदान करने के लिए अभियानों और पहलुओं के नये रास्ते खोजने पर विचार कर रही हैं और रोटरी द्वारा वन आवरण को बढ़ाने, जल संरक्षण, महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम की योजना और क्रियान्वयन पर कार्य भी किया जा रहा है।

राज्यपाल ने रोटरी द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण विभाग के साथ प्रदेश में वृहद वृक्षारोपण अभियान में सक्रिय सहभागिता हेतु एक सहयोगी के रूप में कार्य करने के संकल्प की जानकारी का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में समाज के प्रति जागरूकता का होना आवश्यक है। देश और प्रदेश की प्रगति के लिये बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना बहुत जरूरी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रोटरी इंटरनेशनल की अध्यक्ष जेनिफर ई जोन्स का उत्तर प्रदेश का यह भ्रमण हमारे प्रदेश के रोटरी सदस्यों को सामाजिक कार्यों के प्रति और लगाव उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

# तीन नये नगर निगम बनाने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बड़ी** संख्या में नयी नगर पलिका परिषद और नगर पंचायतों के गठन के बाद योगी सरकार तीन नये नगर निगम बनाने जा रही है। सरकारी स्तर पर इसके लिये कवायद शुरू हो गई है। नये प्रस्तावित नगर निगमों में आजमगढ़, जालौन तथा इटावा हैं। सरकार का संकेत मिलने के बाद नगर विकास विभाग ने सम्बंधित जिलों को जिलाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। अगले साल होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से पहले नगर निगमों का गठन करने की सरकार की मंशा है।

दरअसल योगी सरकार दुनिया के सामने यूपी को देश के एक ऐसे राज्य के रूप में प्रस्तुत करना चाहती है, जिसका बड़ा हिस्सा शहरी क्षेत्र में हो। सरकार की इसी मंशा के चलते हाल के वर्षो में नयी नगर पंचायतों, नगर पालिका परिषदों का गठन हुआ है। योगी सरकार में ही अयोध्या और शाहजहांपुर को नगर निगम बनाया गया। इसके अलावा अनेक नगर पालिका परिषदों तथा नगर पंचायतों को सीमाविस्तार भी किया जा चुका है। शहरीकरण के विस्तार की अपनी रणनीति के तहत योगी सरकार तीन नये नगर निगमों को बनाने जा रही है। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि जिन तीन नये नगर निगमों को बनाने की तैयारी चल रही है उनमें सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव का गृह जनपद इटावा और उनका निर्वाचन क्षेत्र रहा आजमगढ़ है। इसके अलावा बुंदेलखण्ड में आने वाले जालौन को भी नगर निगम बनाने की तैयारी है। इनकी भौगोलिक स्थित तथा आबादी तथा अन्य मानकों पर आधारित रिपोर्ट जिलाधिकारियों से मांगी गई है। नगर निगम, नगर पालिका परिषद तथा नगर पंचायतों को किसी राज्य का शहरी क्षेत्र माना जाता है। किसी राज्य में इनकी संख्या और एरिया, उसके शहरीकरण का पैमाना माने जाते है। राज्य में अभी कुल 17 नगर निगम है। जिसमे लखनऊ, कानपुर, गाजियाबाद, आगरा, बरेली, मेरठ, मुरादाबाद, अलीगढ़, सहारनपुर, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, झांसी, फिरोजाबाद, मथुरा, शाहजहांपुर तथा अयोध्या है। अयोध्या, मथुरा और शाहजहांपुर नगर निगमों का गठन योगी सरकार के कार्यकाल मे हुआ है जबकि अन्य पुराने नगर निगम है। सूत्रों ने बताया कि नयी नगर पंचायतों, नगर पालिका परिषदों और नगर निगमों के गठन के पीछे योगी सरकार की मंशा राज्य में पूंजी निवेश के देशी-विदेशी निवेशको का आकर्षित करने का है। यहां आने को इच्छुक निवेशक अपनी औद्योगिक इकाई शहरी क्षेत्र में लगाने को प्राथमिकता देते है। जिसे देखते हुये योगी सरकार राज्य में शहरीकरण को तेजी से बढ़ावा दे रही है।

# इस बार रक्षाबंधन पर जेलों में बंदियों के परिजनों के लिए होंगे विशेष इंतजाम

## कैंप लगाकर बैठाने व जलपान की भी रहेगी व्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**इस** बार प्रदेश की जेलों में रक्षाबंधन के दिन बंदियों को राखी बांधने आने वाली उनकी बहनों के लिए कैंप लगाकर बैठने और जलपान की समुचित व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा किसी प्रकार की अव्यवस्था ना हो इसके लिए उन्हें अपने परिजनों से मिलने व राखी बांधने के लिए समय का स्लाट बनाकर सुव्यवस्थित ढंग से पर्व मनाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने डीजी कारागार को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

रक्षाबंधन के दिन जेलों में निरुद्ध बंदियों की हाथों पर राखी बांधने के लिए उनकी बहनें व परिवार के अन्य सदस्य भारी संख्या में जेल पहुंचते हैं। सही इंतजाम न होने और भीड़ की अधिकता की वजह से रक्षाबंधन के मौके पर जेलों में अफरातफरी का माहौल व्याप्त हो जाता है। कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने डीजी कारागार आनंद कुमार को जारी निर्देशों में कहा है कि उनके संज्ञान में लाया गया है कि प्रदेश की सभी कारागरों में निरुद्ध बंदियों के परिजन एवं बहनें राखी बांधने आती हैं। मुझे अवगत कराया गया है कि उक्त पर्व पर अत्यन्त अव्यवस्था होने के कारण रक्षाबंधन के पर्व को बहनें रुचारू रूप से नहीं मना पाती हैं। कारागार राज्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी की नीतियों के अनुसार सबका साथ, सबका विकास के आधार पर रक्षाबंधन पर्व के दिन बंदियों के परिजन व बहनें जो राखी बांधने आएंगी उनके लिए कैंप लगाकर बैठने की समुचित व्यवस्था, जलपान की व्यवस्था तथा परिजनों के मिलने व राखी बांधने के लिए समय का स्लाट बनाकर पर्व मनाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि रक्षाबंधन के दिन किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उन्होंने निर्देशित किया है कि इस संबंध में स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं की भी सहायता लेकर रक्षाबंधन पर्व को भव्य रूप से मनाया जा सकता है। उन्होंने डीजी कारागार से कहा है कि वह अपने स्तर से इस बारे में सभी कारागारों को निर्देशित कर दें।

# अनाधिकृत व्यक्तियों को प्रवर्तन दल न लें साथ: परिवहन मंत्री

**लखनऊ।** परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने कहा कि प्रवर्तन अधिकारी/यात्रीकर अधिकारी प्रवर्तन कार्य के दौरान अपने साथ प्रवर्तन दल में तैनात प्रवर्तन कर्मियों को साथ रखें। उन्होंने कहा कि शिकायत मिली है कि चेकिंग के दौरान कुछ प्रवर्तन अधिकारी/ यात्रीकर अधिकारी प्रवर्तन सिपाहियों के स्थान पर अनाधिकृत व्यक्तियों को साथ ले जाते हैं। ऐसे अधिकारियों के खिलाफ औचक निरीक्षण किया जायेगा एवं दोषी पाये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जाएगी। दयाशंकर सिंह ने विभागीय उच्चाधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी प्रवर्तन अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें और बीच-बीच में अपने स्तर से भी इस प्रकार की शिकायतों की जांच करें एवं भविष्य में इस प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त होती है तो शिथिल नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण के लिए दोषी मानते हुए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही भी करें।

# सभी जेलों की जांच सुनिश्चित हो: प्रजापति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आजमगढ़** जेल में मोबाइल पाए जाने की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सभी जेल अधीक्षक एनएलजीडी के माध्यम से पूरी तैयारी के साथ जांच करें। यह निर्देश जेल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने बृहस्पतिवार को जेल मुख्यालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जेल अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ जेल में मोबाइल पाए जाने की घटना में दोषी कर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश कल ही महानिरीक्षक कारागार को दे दी थी। जिसके पश्चात तत्काल सभी दोषियों को निलंबित किया जा चुका है।

धर्मवीर प्रजापति ने सभी जेल अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि 11 से 17 अगस्त अमृत महोत्सव वर्ष के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम मनाया जाना है। उसकी भव्य तैयारी शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के माध्यम से झण्डा बनाने व प्राप्त करने के लिए जिलाधिकारी से संपर्क कर लें एवं एनजीओ के माध्यम से अपने जेलों के अंदर भी झण्डा बनाने के वास्ते उचित कार्यवाही पूर्ण करें। हर घर तिरंगा प्रोग्राम को सरकार पूरी भव्यता के साथ मना रही है। सभी जेलों की बैरकों एवं सरकारी भवनों पर भी तिरंगा फहराये जाने की व्यवस्था करें। उन्होंने सभी कार्यक्रमों की फोटोग्राफ भी उपलब्ध करायें जिससे कि इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी जेल अधीक्षक अपनी-अपनी जेलों में बंद कैदियों को राष्ट्रगान का अभ्यास करायें और 15 अगस्त को सभी से एक साथ राष्ट्रगान करायें।धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार करें जिससे कि उनकी सोच को बदला जा सके।

# राजधानी के एक बैंक सहित दो सहकारी बैंको पर आरबीआई ने कसा शिंकजा

**● रिजर्व बैंक ने उत्तर प्रदेश के दो सहकारी बैंको पर कई अंकुश लगाए**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के दो सहकारी बैंकों पर कई अंकुश लगाए हैं। इनमें लखनऊ शहरी सहकारी बैंक और शहरी सहकारी बैंक लिमिटेड सीतापुर हैं।

रिजर्व बैंक ने कहा है कि इन दोनों बैंकों की बिगड़ती वित्तीय स्थिति को देखते हुए इन पर अंकुश लगाया गया है। इनमें ग्राहकों द्वारा बैंक से निकासी की सीमा भी शामिल है। बैंकिंग विनियमन अधिनियम के तहत प्रतिबंध छह महीने तक लागू रहेंगे। केंद्रीय बैंक के बयान के मुताबिक, लखनऊ शहरी सहकारी बैंक के ग्राहक 30,000 रुपए से ज्यादा की निकासी नहीं कर पाएंगे। दूसरी ओर शहरी सहकारी बैंक लिमिटेड, सीतापुर के मामले में निकासी की सीमा प्रति ग्राहक 50,000 रुपए है। दोनों बैंक आरबीआई की अनुमति के बिना कर्ज नहीं दे सकते हैं और कोई निवेश नहीं कर सकते हैं।

# राष्ट्रपति पर टिप्पणी के लिए देश से माफी मांगे कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बसपा** अध्यक्ष मायावती ने कांग्रेस नेता अधीर रंजन द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी की निंदा की है। उन्होंने इसे शर्मनाक करार देते हुए कहा है कि कांग्रेस को इसके लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। मायावती ने बृहस्पतिवार को ट्वीट कर कहा कि भारत के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद पर आदिवासी समाज की पहली महिला के रूप में द्रौपदी मुर्मू का शानदार निर्वाचन बहुत लोगों को पसंद नहीं आया है। इसी क्रम में लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करना अति-दुखद, शर्मनाक और निन्दनीय है। बसपा अध्यक्ष ने अधीर रंजन चौधरी की इस टिप्पणी पर संसद में हुए हंगामे का जिक्र करते हुए एक अन्य ट्वीट में कहा कि कांग्रेस द्वारा राष्ट्रपति को टीवी पर 'राष्ट्रपत्नी' कहने का विरोध करते हुए संसद की कार्यवाही भी आज बाधित हुई है। उचित होगा कि कांग्रेस पार्टी भी इसके लिए देश से माफ ी म्ाांगे तथा अपनी जातिवादी मानसिकता का परित्याग करे। गौरतलब है कि अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए कथित रूप से राष्ट्रपत्नी शब्द का इस्तेमाल किया था। इसे लेकर भाजपा सांसदों ने लोकसभा में और संसद भवन परिसर में प्रदर्शन भी किया।

# राजभर को झाड़-फूंक की जरूरत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि अखिलेश यादव ने कहा कि ओम प्रकाश राजभर के अंदर किसी और दल की आत्मा आ गयी है। उन्हें झाड़-फूंक की जरूरत है। तभी ठीक होंगें। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा चुनाव 2024 में फिर जीतेगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा 'बांटो और राज करो' की नीति पर काम कर रही है। अब विपक्ष को भी बांटने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। ईडी और सीबीआई के जरिए विपक्ष को बांटकर और डराकर रखना चाहती है। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक स्थिति है। अखिलेश यादव ने कहा कि ईडी और सीबीआई का प्रयोग महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश समेत अन्य राज्यों में भी किया गया है। विपक्ष के नेताओं को इन जांच एजेंसियों के माध्यम से परेशान किया जा रहा है। अब तो कांग्रेस की अध्यक्ष को भी ईडी ने बुला लिया है। कांग्रेस की अध्यक्ष को बुलाकर केन्द्र सरकार यह संदेश देना चाह रही है कि जो विरोध में बोलगा उस पर ईडी का इस्तेमाल होगा। सपा अध्यक्ष ने कहा कि ओम प्रकाश राजभर का भाजपा के साथ तालमेल है तो उसके साथ जाए। सबको पता है कि ओम प्रकाश राजभर किसके इशारे पर बयानबाजी कर रहे हैं। यादव ने कहा ओम प्रकाश राजभर पर भाजपा द्वारा गठबंधन तोड़ने और बयानबाजी करने का दबाव डाला गया है। हो सकता है कि ओम प्रकाश राजभर ईडी के दबाव में आकर भी बयानबाजी कर रहे हों। राजभर को सुरक्षा मिलने पर यादव ने कहा कि जो भाजपा को खुश रखेगा उसे सुरक्षा मिलेगी और वह स्वतंत्र घूमेगा। यादव ने कहा भाजपा सरकार ने भोले बाबा पर चढ़ाने वाले दूध पर टैक्स लगा दिया। दूध, दही पर भी जीएसटी लगा दिया है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आ रही है। भाजपा ने महंगाई बढ़ा दी। दूध, दही पर पहले जीएसटी किसी भी सरकार ने नहीं लगाया। भाजपा सरकार में गाय माता की हालत खराब है। सांड़ लोगों पर हमला कर जान से मार रहे हैं। अभी बेरोजगारी का आंकड़ा आया है। 22 करोड़ नौजवानों ने फार्म भरा और नौकरी कुछ लाख को मिली। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी अग्निवीर योजना का विरोध करती है। पूर्वांचल और उत्तर प्रदेश के नौजवानों की फौज में सबसे ज्यादा भागीदारी रहती आई है। नौजवान का फौज में जाने और वर्दी पहनने का सपना रहता है लेकिन भाजपा ने नौजवानों के सपने को तोड़ा है। हमारी नौजवानों से अपील है कि वे अग्निवीर योजना का विरोध करते रहें। यह योजना नौजवानों के हित में नहीं है। सरकार को फौज की पुरानी नौकरी बहाल करनी चाहिए।

# सिराज मेंहदी बने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के माइनॉटरी सेल के अध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार ने यूपी के वरिष्ठ नेता सिराज मेंहदी को एनसीपी माइनॉरिटी सेल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। मेंहदी का राजनीति में लंबा तजुर्बा है, जिसका फायदा अब पार्टी को मिलेगा। अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद सिराज मेंहदी ने कहा कि ऐसे वक्त में जब केंद्र और कई राज्यों की सरकार अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव कर रही हैं, हमें अल्पसंख्यकों के हित में काम करना है और उनके साथ मजबूती से खड़े रहना है।

उन्होंने कहा कि पवार जी ने नियुक्ति के दौरान सुझाव दिया कि नफरत के खिलाफ लड़ाई को और तेज करना है। मेंहदी ने कहा कि हम पर भरोसा जताने के लिए पवार जी का आभार। मैं अपने समाज के लिए, कौम के लिए और मेहनत से काम करुंगा, साथ ही पार्टी के लिए निष्ठावान कार्यकर्ता तैयार करूंगा। आज देश को 80 और 20 में बांटने और समाज में जहर फैलाने की कोशिश हो रही है जबकि हमारा देश फूलों का गुलदस्ता है। सबको बराबर का अधिकार है। इस गुलदस्ते को संभाल कर रखना हमारी जिम्मेदारी है।

# बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर चर्चा तेज

**● जातीय समीकरण को देखते हुए किस पर दांव लगाएगी बीजेपी?**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** में निकाय चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव तक सभी सियासी समीकरण को देखते हुए बीजेपी जल्द ही अपने प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा करेगी। यह घोषणा बहुत जल्द होगी। जिसमें ओबीसी या ब्राम्हण चेहरे कौन होगी, इस पर केंद्रीय नेतृत्व मंथन कर चुका है।

पार्टी में एक मत ये है कि बीजेपी अध्यक्ष कोई ब्राम्हण नहीं होना चाहिए क्योंकि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ब्राह्मण हैं। पार्टी के एक मत का कहना है कि संगठन में दलित और ओबीसी का प्रतिनिधित्व बहुत कम है। ऐसे में पार्टी नेतृत्व को ओबीसी या दलित को यूपी बीजेपी अध्यक्ष बनाना चाहिए। स्वतंत्र देव सिंह कुर्मी जाति से आते हैं इसलिए माना जा रहा है कि पार्टी किसी दलित या ओबीसी से ही किसी को अगला प्रदेश अध्यक्ष चुनेगी ताकि बैलेंस बना रहे। दूसरी तरफपार्टी लोकसभा चुनाव को भी ध्यान में लेकर चल रही है। पिछले लोकसभा चुनाव हों या फिर हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव, ओबीसी ने बीजेपी का समर्थन किया था। ऐसे में पार्टी पिछड़े और दलित समाज को नजरअंदाज नहीं कर सकती है। प्रदेश की कुल आबादी में ओबीसी की 40 फीसदी हिस्सेदारी है। गैर-यादव ओबीसी के लगभग 58 प्रतिशत ने 2017 में भाजपा को वोट दिया था यह हिस्सा 2022 में लगभग 65 प्रतिशत तक जाने का अनुमान है। पार्टी में चल रही चर्चाओं पर गौर करें तो यह बात भी सामने आ रही है कि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पिछले सप्ताह कुछ दिन दिल्ली में बिताए। 22 जुलाई को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। तस्वीरें भी शेयर की। केशव मौर्य भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। अप्रैल 2016 में उन्हें भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। उनके ही नेतृत्व में भाजपा ने 2017 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव लड़ा। इसमें 325 सीट लाकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। केशव प्रसाद मौर्य भाजपा की प्रदेश इकाई के पिछड़े वर्ग के सबसे बड़े नेता के तौर पर जाने जाते हैं। केशव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल और भाजपा में करीब 18 साल तक प्रचारक रहे हैं। श्रीराम जन्म भूमिए गोरक्षा और हिन्दू हित के लिए कई आंदोलन किएए जेल भी गए। लोकसभा चुनाव 2019 में जातिगत प्रतिशत बताते हैं। यादव, कोरी, कुर्मी को छोड़कर ओबीसी के 72 प्रतिशत मतदाताओं ने भाजपा को वोट दिया था।

18 प्रतिशत ने सपा-बसपा, 5 प्रतिशत ने कांग्रेस और बचे हुए 5 प्रतिशत ने अन्य दलों को वोट दिया था। पिछड़े समाज से आने वाले केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, योगी सरकार के पंचायतीराज मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी का नाम भी चर्चाओं में है। दलित चेहरों में सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया, केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, सांसद विनोद सोनकर पर भी दाव लगा सकती है।

# विधान परिषद की आठ सीटों को लेकर सीएम आवास पर हुई बैठक

पायनियर समाचार सेव। लखनऊ

**उप्र** की विधान परिषद की आठ सीटों पर उम्मीदवारों की चर्चा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पर गुरुवार को भाजपा कोर कमेटी की बैठक हुई। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री और संगठन महामंत्री सुनील बंसल, कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व कई बड़े पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में विधान परिषद की कुल आठ सीटों के उम्मीदवारों पर चर्चा हुई।

इन आठ सीटों में से दो पर उपचुनाव होना है जबकि छह सीटों पर प्रत्याशियों को मनोनीत किया जाएगा। दरअसल विधान परिषद में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अहमद हसन के निधन से एक सीट खाली हुई है। दूसरी सीट पूर्व सदस्य ठाकुर जयवीर सिंह के इस्तीफे से खाली हुई है। परिषद की 2 सीटों पर उप चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हुई है। 31 जुलाई तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे और 11 अगस्त को चुनाव होगा। पार्टी सूत्रों की मानें तो इस बार कोर कमेटी के सदस्यों के बीच उप चुनाव में दावेदारों के नामों को लेकर सहमति नहीं है। इसलिए अभी तक उम्मीदवारों के नाम तय नहीं हो पा रहे हैं। सूत्र के मुताबिक कई नामों को लेकर अलग-अलग राय आ रही है जिसमे खासतौर पर प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सेंधवार, मानवेंद्र सिंह, महेश श्रीवास्तव, रजनीकांत माहेश्वरी के नाम को लेकर कई तर्क भी बैठक में सामने आए हैं।

इस चुनाव में प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत, पूर्व सांसद पूर्णिमा वर्मा, प्रदेश मंत्री डॉ चंद्रमोहन और प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश पाल भी मजबूत दावेदार हैं। सूत्र की मानें तो पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश संगठन से दो-दो नामों का पैनल मांगा है। इस उप-चुनाव के बाद परिषद में भाजपा के सदस्यों की संख्या 73 से बढ़कर 75 हो जाएगी। बैठक में कई नामों पर चर्चा हुई है। इसमें संभावित नाम कुछ इस प्रकार हैं। पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल का नाम भी चर्चाओं में चल रहा है।

# नालियों, ड्रेनेज की साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाये: सीएस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से समस्त मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में पशुधन, श्रम, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नमामि गंगे, ग्रामीण जलापूर्ति और संस्कृति विभाग के कार्यों की समीक्षा की। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि बारिश के मौसम के दृष्टिगत कहीं भी जल भराव न हो। जल भराव की स्थिति में प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाये। नालियों, ड्रेनेज की साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाये। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने पर इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस विशेष तरीके से मनाना है। आजादी के अमृत पर्व पर हर तरफ उत्सव का माहौल रहे। हर घर झण्डा अभियान के तहत सभी जनपदों में झंडा वितरण की तैयारी समय से सुनिश्चित कर ली जाएं। इसके लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करके समय-समय पर समीक्षा करते रहें। मुख्य सचिव ने कहा कि थाना दिवस और तहसील दिवस पर आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण करें, ताकि लोगों को अनावश्यक वरिष्ठ अधिकारियों के चक्कर न लगाने पड़ें। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आगामी 30 सितम्बर तक मुफ्त प्रिकॉशन डोज देने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पूरे प्रदेश में प्रतिदिन 2 लाख तथा 60 दिनों में 12 करोड़ लोगों को प्रिकॉशन डोज लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य प्राप्ति हेतु चलाये जा रहे इस विशेष अभियान की में तेजी लायी जाये। ुशल, अर्धकुशल, अकुशल पेशेवरों को स्थानीय स्तर पर रोजगार तथा लोगों को प्रमाणित सेवायें प्रदान करने के लिये श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा पोर्टल एवं कॉल सेण्टर-155330 विकसित किया गया है।

जिलाधिकारी के आदेश का भी अधिकारियों ने नहीं किया पालन

# डीएम साहब! आपके आदेश के बाद गड्ढे में तब्दील सड़क

**● रामपुर-मथुरा से गोंड़ा देवरिया संपर्क मार्ग पर बने गड्ढे से परेशान राहगीर**



संवाददाता। रामपुर मथुरा सीतापुर

**योगी सरकार** के गड्ढे मुक्त का वादा फिलहाल सीतापुर के रामपुरमथुरा से गोंड़ा देवरिया सम्पर्क मार्ग पर हवा-हवाई दिखाई दे रहा है, यहां पर सड़क में गड्ढे है या गड्ढे में सड़क, यह बताने भर को काफी है। आपको बतो कि रामपुर मथुरा से गोण्डा देवरिया सम्पर्क मार्ग में इतने गड्ढे है कि आप उनकी गिनती भी नही कर सकते। इस सम्पर्क मार्ग की लंबाई 12 किलोमीटर है, जिसमे 12 हजार से भी अधिक गड्ढे है, कुछ दिनों पहले जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह ने गड्ढो को भरने का आदेश दिया भी था। आदेश तो हुआ गढे भी भरे गए लेकिन वह भी मिट्टी से जबकि आदेश था कि पहले गड्ढो में पत्थर डाले जाए उसके बाद डस्ट डाली जाए, प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग ने डस्ट भी मंगाई पत्थर भी मंगाए लेकिन वह कहा गायब हो गए इसका कोई पता नही। गड्ढो को मिट्टी से भर दिया गया और जैसे ही बरसात हुयी उसकी पोल खुल गयी। गड्ढे फिर से फिर से दिखाई देने लगे और जो मिट्टी विभाग द्वारा डाली गई थी वह बह गई और लोगो के लिए जान की आफत बन गयी। बीते विधानसभा चुनाव में सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने बाकायदा अपनी पांच साल का कार्यकाल में किया गया काम दिखया था जिसमे इस सम्पर्क मार्ग का भी जिक्र किया था, उसमे सेवता विधायक द्वारा 58 करोड़ की लागत से थानागांव से गोण्डा देवरिया तक सम्पर्क मार्ग को प्रस्तावित दिखाया था। वह भी हवा हवाई ही दिख रहा है। सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने दसो बार अपनी फेसबुक वॉल से इस सम्पर्क मार्ग को बनता हुआ दिखाया है। आखिर इन जनप्रतिनिधियों द्वारा इतना सब किये जाने पर भी अभी तक कोई निर्माण कार्य नही चालू हुआ तो यह कैसे निर्माण कार्य शुरू होगा एक अपने आप में बड़ा सवाल है। आये दिन स्कूली बच्चे चोटिल होते है, यह मार्ग बाराबंकी को भी जोड़ता है, इसी मार्ग पर प्रसिद्ध लोधेश्वर महादेवा मन्दिर भी पड़ता है, जिसमे लाखो श्रद्धालु सावन माह में कांवर यात्रा करते है उसके बावजूद जर्जर मार्ग की मरम्मत न होना पूरे सिस्टम पर सवाल खड़ा कर रहा है। सड़क पर पड़ने वाले गड्ढो से परेशान राहगीरों ने भी अपना दर्द बंया किया।

हरगांव पहुंचे कैबिनेट मन्त्री जितिन प्रसाद का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# फ्लाइओवर के निर्माण में हो रही देरी पर अधिकारियों को फटकारा



संवाददाता। सीतापुर

**लोकनिर्माण मन्त्री** जितिन प्रसाद अपने लखीमपुर प्रस्तावित कार्यक्रम में जा रहे थे। जहां हरगांव पंहुचने पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने फूल मालाओं के साथ कैबिनेट मन्त्री का भव्य स्वागत किया।अपने चिर परिचित अंदाज में जितिन ने सभी का धन्यवाद किया। हरगांव -लखीमपुर मार्ग पर बन रहे निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण भी उन्होंने किया। पुल के निर्माण में हो रही देरी से नाराज कैबिनेट मन्त्री ने उपस्थित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को फ्टकार भी लगाई। मन्त्री के पूंछने पर एक्स ई एन पी डबल्यू डी ने वन विभाग की आपत्ति के कारण देरी होना बताया। जिसकी कार्यवाही अब पूर्ण होना बताया गया जिससे पुल का निर्माण शीघ्र हो सकेगा।जितिन प्रसाद ने अपूर्ण सड़कों को शीघ्र पूर्ण करने, पुल का निर्माण शीघ्र कर सुलभ आवागमन हेतु जनता को सौंपने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा राज्य सरकार व केंद्र सरकार जनता के हित में कार्य कर रहीं हैँ। जनहित में आ रही अडचने दूर कर लोगों को सुविधाएं मुहैया करवाना सरकार की प्राथमिकता में है हर स्तर से विकास को गति देने का काम किया जायेगा। जिसके बाद कैबिनेट मन्त्री का कारवाँ लखीमपुर के ढखवा ओयल स्थित मेंढक मंदिर के लिए प्रस्थान कर गया।लोक निर्माण विभाग के ए सी, एक्स ई एन, जे ई सहित अधिकारियों की मौजूदगी रही।एम एल सी अनूप गुप्ता,विधायक गोला अरविन्द गिरी, धीरेन्द्र सिंह महोली,अरुणेश त्रिपाठी,हरिनाम बाबू मिश्र, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सचिन मिश्रा,विजय मिस्र,राकेश सेठ,अमरजीत सिंह बाटू,सुनील मिश्र, अशोक मिश्र, श्याम कुमार राठौर, रामेन्द्र शुक्ला,श्यामबाबू शर्मा,सुधाकर मिश्र, सचिन मिश्र, पतित पावन मिश्र, योगेंद्र सिंह, उदित बाजपेयी, मदन श्रीवास्तव, गुरुदीप सिंह, प्रदीप मिश्रा, उदय वीर सिंह, अनुराग तिवारी, राजू सिंह,बीलू शुक्ला,आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का जनजन तक दें लाभ: संजय निषाद

**● कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने सरकार के 100 दिन पूरे होने पर योजनाओं का किया बखान**

संवाददाता। सीतापुर

**कैबिनेट मंत्री** मत्स्य विभाग उ.प्र. डा. संजय कुमार निषाद सीतापुर पहुंचे, श्री निषाद ने जिला पंचायत के नेहरू हाल में अपने मत्स्य विभाग के अधिकारियों एवं लाभार्थियों के साथ बैठक की और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया तथा संबंधित अधिकारियों को मत्स्य विभाग को और दुरुस्त करने को निर्देशित किया। जिला पंचायत सीतापुर के नेहरू हाल में मीडिया से बात करते हुए डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि प्रदेश सरकार के 100 दिन पूरे हो गए है, प्रदेश में मत्स्य विकास की अपार संभावनायें है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में गरीब मछुआ समुदाय के व्यक्तियों जिनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति सुदृढ़ नहीं है या वह भूमिहीन है तो भूमिहीन व्यक्तियों को कोल्ड चेन की परियोजनाओं यथा साइकिल विथ आइस बाक्स, मोटर साइकिल विथ आइस बाक्स, थ्री व्हिलर विथ आइस बाक्स की सुविधा दी जा रही है। डॉ. निषाद ने बैंकयार्ड आर0ए0एस0 की जानकारी देते हुए मत्स्य गतिविधियों से जुड़ने हेतु मछुआ समाज के लोगों से अपील भी की। साथ ही उन्होंने बड़े मत्स्य पालक/मत्स्य व्यवसायियों से यह भी अनुरोध किया कि अपने आस पास के गरीब व निर्बल व्यक्तियों को मत्स्य पालन से लाभ हेतु प्रेरित करें ताकि उनके मत्स्य पालन तालाब/यूनिट से दिन प्रतिदिन मछलियों का क्रय कर अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सकें तथा उत्पादन स्थल पर उत्पादक को भी अधिक से अधिक आय प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की कार्ययोजना तैयार किये जाने हेतु आनलाइन आवेदन दिनांक 01.07.2022 से प्रारम्भ किये जा चुके है जिसमें सभी इच्छुक व्यक्ति अपने संसाधन एवं क्षमता के अनुरूप आनलाइन आवेदन करते हुए योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। डॉ. निषाद ने कहा कि मात्स्यिकी क्षेत्र का विकास सरकार की प्राथमिकताओं में से है और मात्स्यिकी क्षेत्र एवं मछुआ समुदायों की समस्याओं के निराकरण और मत्स्य कृषकों विशेषकर लघु उद्यम से जुड़े, महिला अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं मछुआ समुदाय के विकास के प्रति दृढ़संकल्पित है। मत्स्य पट्टेधारकों एवं मछुआ समुदाय के व्यक्तियों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए शतप्रतिशत राज्य सहायतित दो नई योजनाओं यथा निषादराज बोट योजना एवं मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का शुभारम्भ इस वित्तीय वर्ष से किया जा रहा है। बैठक के दौरान सहायक निदेशक मत्स्य संयज कुमार यादव, मत्स्य निरीक्षक अनूप कुमार, मत्स्य निरीक्षक सौरभ सक्सेना, मत्स्य विकास अधिकारी बृजेश कुमार, मत्स्य विकास अधिकारी पवन यादव एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।



## क्विक न्यूज

### घाघरा का बढ़ रहा जलस्तर, चिंता में ग्रामीण

**सीतापुर।** रेउसा इलाके में घाघरा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है इसी तरह जलस्तर बढ़ता रहा तो नदी के किनारे स्थित पासिन पुरवा, मरेली, श्याम नगर दुर्गा पुरवा, मुंशी पुरवा, जैतहिया आदि गांव बाढ़ की चपेट में आ जाएंगे। वहीं, गुरुवार को एसडीएम बिसवां पीएल मौर्य तथा बीडीओ रेउसा ने पासिनपुरवा का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया मुख्य आबादी से नदी अभी 50 मीटर की दूरी पर है। आबादी की ओर कटान रुका हुआ है। आबादी अभी पूरी तरह सुरक्षित है, सतत निगरानी रखी जा रही है। अपस्ट्रीम में भारी वर्षा के दृष्टिगत ग्रामीणों को जलस्तर बढ़ने की चेतावनी भी दी गयी है। प्रतिदिन जलस्तर की सिंचाई विभाग से प्राप्त सूचना व उसका आम भाषा में रूपांतरण करके ग्रामीणों को व्हाट्सप ग्रुप से तहसील प्रशासन द्वारा सचेत किया जाता है। स्थिति अभी सामान्य है, फिर भी प्रशासन सतर्क है।

### श्रावण अमावस्या पर दो लाख श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**नैमिषारण्य सीतापुर।** सतयुग के पावन तीर्थ नैमिषारण्य में आज श्रावण मास की हरियाली अमावस्या के उपलक्ष्य पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सर्व प्रथम आदिगंगा गोमती एवं आस्था के केन्द्र चक्रतीर्थ में स्नान पूजन कर पुण्य एवं यश अर्जित किया इस दौरान तीर्थ में महिलाओं ने विधिविधान से तीर्थ के मंदिरों में दर्शन पूजन किया व मनौतियां मांगी , आज रात्रि 12 बजे से ही तीर्थ व गोमती में स्नान एवं आचमन मार्जन के उपरान्त श्रद्धालुओं ने तीर्थ व गोमती पर पुरोहितों को अन्न एवं दक्षिणा भेंट कर पुण्य लाभ अर्जित किया इसके उपरांत प्रमुख दर्शनीय स्थलों ललिता देवी मंदिर, कालीपीठ, हनुमान गढ़ी, सूत गद्दी, व्यासगद्दी, देवपुरी मंदिर बाला जी मंदिर देवदेवेश्वर समेत अनेक मंदिरों में माथा टेका एवं मनौतियां मांगी रात्रि 12 बजे से आरम्भ हुआ स्नान दान का क्रम देर शाम तक चलता रहा , इस दौरान नगर के प्रसिद्ध शिव मन्दिरों में पूरे दिन भक्तो द्वारा पूजा पाठ अनुष्ठानो का दौर चलता रहा , अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने बुधवार शाम से तीर्थ में डेरा डालना आरम्भ कर दिया था।

### आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** बढ़ती महंगाई के खिलाफआम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सीतापुर मे विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल ने बताया प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चल रही भाजपा सरकार ने पिछले दिनों खाने-पीने सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी लगाकर आटा, दाल, दूध, अस्पताल के कपड़ों जैसे रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों पर मूल्य बढ़ाने का कार्य किया है। पहले से ही कमरतोड़ महंगाई की मार आम जनता झेल रही है। मोदी के इस दमनकारी फैसले ने आम जनता को बिल्कुल हिला कर रख दिया है। अब बच्चों के दूध पर भी जीएसटी लगा दिया गया है। उन्होंने बताया हम ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से खाद्य पदार्थों से जीएसटी हटाने और महंगाई को कम करने की मांग करते हैं। इस मौके पर राम किशोर श्रीवास्तव, आशीष शर्मा, नोमान खान, असद खान, रमन वर्मा, अनुराग शर्मा, अभिषेक सिंह, रेहान खान, बाबूराम वर्मा, सूरज यादव, पंकज मिश्रा आदि मौजूद थे।

### सनातन संस्कृति का केंद्र है नैमिषारण्य तीर्थ: आचार्य राम महेश मिश्र

**नैमिषारण्य सीतापुर।** अट्ठासी हजार ऋषि मुनियों की तपोभूमि नैमिषारण्य सनातन धर्म का प्राचीन केंद्र रहा है, यहाँ वैदिक काल से अध्यात्म और विज्ञान की शिक्षा का प्रमुख स्थान है, इसके पुराने गौरव को पुनः स्थापित किया जाना अत्यंत आवश्यक है, यह बातें भाग्योदय फाउंडेशन के अध्यक्ष आचार्य राम महेश मिश्र ने सत्यनारायण सन्नीद्धि मंदिर में आयोजित एक कार्यक्रम में दक्षिण भारतीय श्रद्धालुओं और ब्राह्मण बटुकों को सम्बोधित करते हुए कहीं। नैमिषारण्य के सत्यनारायण स्वामी एम रामानुज कुमारी माताजी चौरिटेबल ट्रस्ट की प्रमुख माता जी ने कार्यक्रम में पधारे महामंडलेश्वर धनेश्वर गिरी, निजानंद आश्रम गाजियाबाद के सुदीप महाराज, एवं भाग्योदय फाउंडेशन के निदेशक जनसंपर्क एवं नैमिष स्थित श्री सत्यनारायण धाम के मुख्य समन्वयक श्रीमान मृगांक मोहन अग्निहोत्री का अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मान किया। राम महेश मिश्र ने कहा कि नैमिषारण्य महातीर्थ से भारत भाग्योदय के विभिन्न शक्ति स्रोत फूटें। यहाँ से होने वाली कोई भी गतिविधि न केवल सम्पूर्ण भारतवर्ष बल्कि समूचे विश्व को प्रेरित व प्रभावित करेगी,इस अवसर पर दक्षिण भारत के श्रद्धालुओं ने मनमोहक नृत्य पेश किया।

### पेट्रोल पंप मैनेजर की गोली मारकर हत्या

**बरेली ।** पेट्रोल पंप के बाहर खड़े ट्रक से तेल चोरी कर रहे बदमाशों ने रोके जाने पर मैनेजर को गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी ।मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव कुलछा में स्थित अमर फिलिंग स्टेशन के मैनेजर रामपुर के मिलक थाना क्षेत्र के गांव नवादिया निवासी 36 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र गंगाराम कि आज सुबह तड़के कार सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि सुनील अमर फिलिंग स्टेशन पर मैनेजर के पद पर कार्यरत था और अधिकतर समय पेट्रोल पंप पर ही रहता था आज सुबह तड़के वह अपने दो साथियों के साथ पेट्रोल पंप के बाहर खड़ा था इसी दौरान उसने देखा कि कार में सवार होकर आए कुछ बदमाश पेट्रोल पंप के बाहर खड़े ट्रक से तेल चोरी कर रहे हैं तब सुनील नें उनको रोकने की कोशिश की जिससे नाराज बदमाशों ने सुनील पर फायरिंग कर दी गोली लगने से सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया उसके साथियों ने घटना की जानकारी पेट्रोल पंप मालिक और पुलिस को दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सुनील को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल भेजा लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना मिलने पर एसपी देहात मौके पर पहुंचे और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।

### रंजिश के चलते घर में घुसकर मारपीट कई घायल

**बरेली ।** रंजिश के चलते दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट की जिससे पिता पुत्र समेत कई लोग घायल हो गए घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गयां। किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला बाकरगंज निवासी गुड्डू पुत्र नसीर उसके बेटे फाजिल आरिफआबिद और परवेज को इलाज के लिए आज सुबह घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया जहां गुड्डू ने बताया कि उसके घर के पास इन दिनों एक पुल का निर्माण किया जा रहा है और पुल की एक दीवार उसके पड़ोसी रियासत के घर के पास से गुजर रही है जिसके लिए रियासत उसे जिम्मेदार मानता है और अक्सर गाली गलौज करता है आज सुबह भी उसके घर के सामने खड़ा होकर गाली गलौज कर रहा था विरोध करने पर रियासत ने अपने भाई शफाकत अनु, साहिबे आलम, नवाज और नजाकत के साथ मिलकर उसके घर में घुस आया और लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे कई लोग घायल हो गए मोहल्ले के लोग शोर सुनकर मौके पर पहुंचे जिन्हें देखकर हमलावर फरार हो गए घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। हमलावर फरार बताए जाते हैं।

# एसडीएम न्यायालय में तेजी से निस्तारित हुए मुकदमें

**● कुछ ही महीनों में आधे से कम हुए मुकदमें**

**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी एसडीएम पंकज श्रीवास्तव ने अक्टूबर 2021 को कार्यभार संभाला जब मोहम्मदी न्यायालय में कुल 888 मुकदमें लम्बित थे। नये 667 दायर हुए। जिनकी संख्या 1565 हो गयी। जिसमें 899 मुकदमों का निस्तारण अभी तक किया जा चुका है जोकि एक रिकार्ड है। इनके न्यायालय में मुकदमा धारा 24 के 894 मुकदमें लम्बित थे जिसमें 563 मुकदमों का निस्तारण किया गया। धारा41 पैमाइश में 20 मुकदमों में 18 मुकदमों का अभी तक निस्तारण किया जा चुका है। वही धारा 38 नाम करेक्शन के 138 मुकदमों में 115 का निस्तारण हुआ। बंटवारे में 204 में 89 मुकदमें का निस्तारण अदालत में हुआ। वहीं खेत बंटबारे 100 मामले लम्बित थे जिसमें 94 मुकदमें अदालत में निस्तारण हो चुके हैं। उप जिलाधिकारी ने टीम भावना के साथ वादकारियों को न्याय दिलाते हुए न्यायालय में बैठकर और सस्ता न्याय दिलाने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया ज्यादातर मामले भूमि विवाद के होते हैं और जो वर्षों तक लंबित रहते हैं। वादकारी अदालत के वर्षों चक्कर लगाता है। परंतु न्यायालय में बैठकर ऐसे मुकदमों पर शिकायतों का निस्तारण किया गया है। उन्होंने बताया ज्यादातर मामले बंटवारे को लेकर भी आते हैं। जिसका मैंने शीघ्र निस्तारण करने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया लगातार लंबित प्रकरणों में मेरे माध्यम से समीक्षा भी की जाती रही है और उसकी रिपोर्ट भी मंगाई जाती रही है। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने भी उप जिलाधिकारी द्वारा न्यायालय में बैठकर जिस तेजी के साथ लंबित मुकदमों का निस्तारण किया है वह स्वागत योग्य है।

# बेहजम में फिर चोरों ने दिखाई सीना जोरी

**● एक ही रात में दो घरों में दिया वारदात को अंजाम**

**●लगातार हो रही चोरियों से पुलिस की गश्त सवालों के घेरे में**

संवाददाता । बेहजम खीरी



**नीमगांव थाना** क्षेत्र में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। नीमगांव पुलिस रात्रि गश्त के बड़े बड़े दावे कर रही है फिर भी चोर थकने का नाम नहीं ले रहे हैं। गांव के लोग रात रातभर जागकर पहरा दे रहे हैं। नीमगांव पुलिस भी गांव वालों की सूचना मिलते ही पहुंच जाती है फिर भी आज तक क्षेत्र में हुई दर्जनों चोरियों में किसी एक का खुलासा नहीं कर सकी है। बीती बुधवार की रात बेहजम भरहेटा रारी अंडूबेहड़ करनपुर कोरैया पैला सुनौरी सहित कई गाँव में लोगों ने चोरों हलचल देखकर पुलिस को सूचना दी। पैला गांव में कई दिनों से लोग जगह-जगह टोलियां बनाकर गांव में पहरा दे रहे हैं। बीती रात एक खंडहर रुपी घर में बदमाशों के छिपे होने पर हो हल्ला मचा कर चारों ओर से घेराबंदी कर ली और नीमगांव पुलिस को मौके पर पहुंचने के सूचना दी। उसी दरम्यान बिजली की आंख-मिचौली ने किये-धरे पर पानी फेर दिया। जब तक मौके पर सीओ प्रशिक्षु आदित्य कुमार और इंस्पेक्टर अवधेश कुमार यादव मय फोर्स के पहुंचे तब तक वहां से बदमाश मौका पाकर रफूचक्कर हो गये। इसके तत्काल बाद थाना क्षेत्र के परसेहरा कंला में चोरों ने मुन्ना खां के घर को निशाना बनाते हुए घर के कमरे का ताला तोड़कर बक्से में रखे 50 हजार रुपये नकद और कीमती सामान जेवर पर हाथ साफकर दिया। पीड़ित मुन्ना खां ने बताया कि लड़की की शादी के लिए कुछ जेवर खरीद कर घर में रक्खा था और पच्चास हजार रुपए बक्से में रखे थे। रात में ठंडा मोसम होने के कारण नींद आई। इसी दौरान चोरों ने कमरे की कुंडी तोड़कर घर के अंदर बक्से में जेवर व नकदी लेकर फरार हो गए। सुबह जब परिवार वालो की आंख खुली तो देखा की कमरे के अंदर समान तीतर वितर पड़ा देख होश उड़ गए। अब कैसे मेरी बेटी के हाथ कैसे होगे पीले होगे यह कह कह कर बूढ़े पिता रो-रो कर अपनी दर्द बया कर रहे हैं। आखिर नीमगांव पुलिस के हाथ चोरों की गर्दन तक क्यों नहीं पहुंच पा रहे हैं। जो क्षेत्र की जनता की जुबान पर एक चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं क्षेत्र में चोरों की आमद की सुगबुगाहट को लेकर बेहजम चौकी प्रभारी सुनील बाबू अवस्थी अपने हमराहियों के साथ बेहजम चौराहे पर सख्ती बरतते हुए संदिग्ध लोगों को रोककर देर रात्रि तक चेकिंग अभियान चलाया क्षेत्र के गांवों में रात्रि गश्त करते हुए होटल व सायरन की आवाज की गूंज के चलते क्षेत्र के लोगों की हराम हो गई। वहीं नीमगांव थाना क्षेत्र पुलिस की कड़ी पेट्रोलिंग को चुनौती देते हुए चोरों के द्वारा चोरियों की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। चोरी की घटनाओं का सिलसिला नहीं थमने का नाम ले रहा।

# पेज एक का शेष

## राष्ट्रपति पर...

ने स्मृति ईरानी को अनदेखा करने का प्रयास किया, लेकिन कुछ ही क्षण बाद उन्हें केंद्रीय मंत्री की ओर रुख करके नाराजगी भरे स्वर में कुछ कहते देखा गया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सदस्य सुप्रिया सुले और तृणमूल कांग्रेस की सांसद अपरूपा पोद्दार को बाद में सोनिया गांधी को सत्तापक्ष की सीटों की तरफ से ले जाते हुए देखा गया। इससे पहले भाजपा सांसद रमा देवी और सोनिया के आसपास जमा हो गए थे। चौधरी की टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान भाजपा की महिला सदस्यों को सदन में आगे की पंक्तियों में बैठे देखा गया। रमा देवी ने बाद में मीडिया से बातचीत में कहा कि सोनिया गांधी जानना चाह रही थीं कि इस मुद्दे में उनका नाम क्यों घसीटा जा रहा है। रमा देवी के अनुसार सोनिया ने उनसे पूछा, मेरी क्या गलती है? रमा देवी ने कहा कि उन्होंने सोनिया से कहा कि उनकी गलती यह है कि उन्होंने चौधरी को लोकसभा में कांग्रेस का नेता चुना है। वहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आरोप लगाया कि सोनिया गांधी भाजपा सदस्यों से धमकी भरे अंदाज में बात कर रही थीं।

## सोनिया के...

दानिश अली ने स्मृति ईरानी के वक्तव्य के एक हिस्से का वीडियो साझा करते हुए दावा किया कि केंद्रीय मंत्री राष्ट्रपति का नाम आपत्तिजनक तरीके से लिया, जिसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। अली ने ट्वीट किया, मैं भारत के माननीय राष्ट्रपति का अपमान करने, अनुचित और आपत्तिजनक तरीके से सदन में उनका नाम लेने के लिए स्मृति ईरानी जी से बिना शर्त माफी की मांग करता हूं। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने ट्वीट कर कहा कि उस समय मैं लोकसभा में थी जब 75 वर्षीय वरिष्ठ नेता को इस तरह घेर लिया गया, जिस तरह झुंड में घेरा जाता है।

## पार्थ चटर्जी...

कांग्रेस से जुड़ गए। टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने बताया कि उन्हें पार्टी के सभी पदों से भी हटा दिया गया है। पार्टी की अनुशासन समिति की बैठक के बाद जूनियर बनर्जी ने कहा कि टीएमसी की अनुशासन समिति ने पार्थ चटर्जी को पार्टी के सभी पदों से हटाने का फैसला किया है। वे पार्टी के महासचिव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यकारिणी तथा पार्टी की अनुशासन समिति के सदस्य थे। न्यायपालिका द्वारा निर्दोष साबित होने तक उन्हें पार्टी से निलंबित भी कर दिया गया है। खुद को निर्दोष साबित करने की जिम्मेदारी पूरी तरह से उनकी है और देश का नागरिक होने के कारण उन्हें पूरा अधिकार है कि वे अदालत में अपना केस लड़े।

## डीएचएफएल घोटाले...

से खरीदा था। अधिकारियों ने कहा कि यह पता चलने के बाद कि ये सामान कहां रखा गया था, सीबीआई ने तलाशी ली और संपत्ति को जब्त कर लिया। एजेंसी ने कहा कि सीबीआई ने सोने और हीरे के आभूषण भी बरामद किए हैं, जिसमें दो करोड़ रुपये की चूड़ियां और हार शामिल हैं। लगभग 20 दिन पहले, सीबीआई ने तैयब मेहता की पेंटिंग बुल की कीमत 27 करोड़ रुपये से अधिक और मंजीत बावा के एक अनाम टुकड़े की कीमत 7.7 करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान लगाया था। सीबीआई ने एक बयान में कहा था कि मेहता और बावा के टुकड़े बड़ी संख्या में पेंटिंग और मूर्तियों में शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत 40 करोड़ रुपये है। इसके अलावा नकद और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

## उम्र 17...

वर्ष के हो रहे हैं, वह भी मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन की तारीख से मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए अग्रिम आवेदन जमा कर सकते हैं। पंजीकरण करवाने के बाद उन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (एपिक) जारी किया जाएगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 14(ख) में विधिक संशोधनों और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 में किए गए परिणामी संशोधनों के अनुसरण में, भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा, संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली को तैयार करने, उसका पुनरीक्षण करने के लिए आवश्यक परिवर्तन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पाण्डेय के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को इस तरह के प्रौद्योगिकी-सक्षम समाधान तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

## कर्नाटक में...

में भी अपनाया जाएगा ताकि अशांति पैदा करने की कोशिश कर रही देश विरोधी और सांप्रदायिक ताकतों से निपटा जा सके। गौरतलब है कि मंगलवार रात को जिला भाजपा युवा मोर्चा समिति के सदस्य प्रवीण नेत्तारू(32) की बेल्लारे में उसकी दुकान के सामने मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी थी। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेता पुत्तूर के पास बेल्लारे में ब्रॉयलर की दुकान चलाते थे। भाजपा युवा मोर्चा के नेता की हत्या के बाद बुधवार को दक्षिण कन्नड़ जिले में कई स्थानों पर तनाव उत्पन्न हो गया। कई जगहों पर पथराव और पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने की खबरें आई हैं। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के युवा मोर्चा के नेता प्रवीण नेत्तारू की हत्या की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से कराए जाने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखकर इस मामले की जांच एनआईए को सौंपे जाने का अनुरोध किया है। कर्नाटक की उडुपी-चिकमंगलुरु सीट से लोकसभा सदस्य शोभा करंदलाजे ने भाजपा नेता की हत्या की निंदा करते हुए इसके लिए मुस्लिम कट्टरपंथियों और पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई), सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) और इसी तरह के अन्य समूहों को दोषी ठहराया है।

## मप्र में...

पर एक ही सिरिंज से 39 बच्चों को टीका लगा दिया। अभिभावकों के विरोध के बाद अहिरवार मौके से फरार हो गया। सीएमएचओ ने जब स्कूल का निरीक्षण किया तो वह वहां नहीं मिला। आरोपी ने अपना मोबाइल फोन भी बंद कर लिया। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि घटना को गंभीरता से लेते हुए सागर संभागीय आयुक्त मुकेश शुक्ला ने बृहस्पतिवार को सीएमएचओ की रिपोर्ट के आधार पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शोभाराम रोशन को निलंबित कर दिया। संभागीय आयुक्त ने निलंबन आदेश जारी किया और जिलाधिकारी को डॉ रोशन के स्थान पर अन्य अधिकारी को नियुक्त करने का भी निर्देश दिया। गोपाल गंज थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने अहिरवार के तहत भादंसं की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। इस बीच स्वास्थ्य अधिकारियों ने सभी 39 बच्चों की जांच की है।

## चेन्नई में...

ओलंपियाड की मशाल थमाई। यहां पहुंचने से पहले इस मशाल ने देशभर का दौरा किया है। प्रधानमंत्री ने फिर शतरंज के चैम्पियन खिलाड़ियों को मशाल थमाई। उद्घाटन समारोह में सैंड आर्टिस्ट (रेत शिल्पकार) सरवम पटेल ने प्राचीन मामल्लापुरम बंदरगाह मंदिर, शतरंज के खेल और मेजबान देश भारत से जुड़ी कलाकृति बनाकर अपने कौशल से लोगों का दिल जीत लिया। स्टेडियम के मंच पर बड़े शतरंज के खेल में इस्तेमाल होने वाले किंग, क्वीन, रूक, बिशप, नाइट और पॉन्स की बड़ी आकृतियों से सजाया गया है। इस मौके पर विशेष नृत्य-गीत वणक्कम चेन्नई, वणक्कम शतरंज का प्रदर्शित किया गया।

## पाकिस्तान ने...

यह भी कहा कि पाकिस्तान को शतरंज ओलंपियाड में भाग लेने के लिए अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (एफआईडीई) द्वारा आमंत्रित किया गया था। इस आयोजन के लिए एक पाकिस्तानी दल पहले से ही प्रशिक्षण ले रहा था। इस्लामाबाद के एक आधिकारिक बयान ने कश्मीर के माध्यम से मशाल रिले का मजाक बनाते हुए भारत से घाटी में राजनीतिक कैदियों को मुक्त करने का आह्वान किया। विदेश मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि पाकिस्तान खेलों के साथ राजनीति मिलाने और शरारती प्रयास की भारत निंदा करता है। विरोध के रूप में, पाकिस्तान ने 44 वें शतरंज ओलंपियाड में भाग नहीं लेने के फैसले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के साथ इस मामले को उठाएगा। ज्ञात रहे कि मशाल रिले 21 जून को कश्मीर की राजधानी श्रीनगर से होकर गुजरी थी पाकिस्तान के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि पाकिस्तान ने अचानक इस कार्यक्रम में भाग नहीं लेने का फैसला लिया है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 29 जुलाई, 2022



# केंद्र के प्रयासों से आठ साल में किसानों की आय बढ़ीः मोदी

**पेट्रोल में इथेनॉल का मिश्रण आठ वर्ष में 10 गुना बढ़ाः प्रधानमंत्री**

**भाषा।** हिम्मतनगर (गुजरात)



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2014 से पहले पेट्रोल में मिलाए जाने वाले इथेनॉल की मात्रा 40 करोड़ लीटर थी, जो अब बढ़कर 400 करोड़ लीटर हो गई है। उत्तरी गुजरात के साबरकांठा जिले में हिम्मतनगर के नजदीक स्थित साबर डेयरी की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण से किसानों की आय भी बढ़ गई है। साबर डेयरी, गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन परिसंघ लिमिटेड (जीसीएमएमएफ) का हिस्सा है जो अमूल ब्रांड के तहत डेयरी उत्पादों का निर्माण व विपणन करता है। मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 में सत्ता में आने के बाद से ही उनकी सरकार किसानों की आय बढ़ाने की कोशिश कर रही है और पिछले आठ वर्ष में इस दिशा में किए गए निरंतर प्रयासों के अब नतीजे दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने के फैसले से किसानों की आय में वृद्धि करने में मदद मिली क्योंकि इथेनॉल का उत्पादन कृषि उत्पादों जैसे गन्ने और मक्के से होता है। मोदी ने जनसभा में कहा, आज, इथेनॉल का पेट्रोल में मिलाने का अनुपात करीब 10 प्रतिशत है। इथेनॉल गन्ने और मक्के से बनता है। वर्ष 2014 से पहले पेट्रोल में केवल 40 करोड़ लीटर इथेनॉल का मिश्रण होता था। आज यह 400 करोड़ लीटर तक पहुंच चुका है। खेती के अलावा पशुपालन, बागवानी, मत्स्य पालन और शहद के उत्पादन जैसी संबद्ध कारोबारी गतिविधियों ने भी किसानों की आय बढ़ाई है। प्रधानमंत्री ने कहा, किसानों की आज आय बढ़ी है क्योंकि केंद्र सरकार ने गत आठ साल में निरंतर प्रयास किए हैं। इससे भूमिहीन और सीमांत किसानों को सबसे अधिक लाभ हुआ है। हमारी रणनीति आय के वैकल्पिक स्रोत पर ध्यान केंद्रित करने की थी जिसके नतीजे दिख रहे हैं। पहली बार खादी और ग्राम उद्योगों का कारोबार एक लाख करोड़ रुपए के पार चला गया है। उन्होंने दावा किया कि खादी और ग्राम उद्योग क्षेत्र ने गांवों में गत आठ साल में 1.5 करोड़ लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित किए हैं।

मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार कृषि लागत को कम करने के लिए काम कर रही है और हाल के दिनों में वैश्विक स्तर पर उर्वरकों की कीमत में कई गुणा वृद्धि होने के बावजूद देश में इनकी कीमतों में बढ़ोतरी नहीं की गई। हम यूरिया का अन्य देशों से आयात करते हैं। हालांकि, हाल के समय में वैश्विक स्तर पर इसकी कीमत में कई गुणा वृद्धि हुई है, लेकिन हमने इसका बोझ किसानों पर नहीं डाला। सरकार यूरिया की 50 किलोग्राम की बोरी के लिए 3500 रुपए का भुगतान कर रही है, लेकिन किसानों को केवल 300 रुपए में बेच रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में हुई बेतहाशा वृद्धि की वजह से सरकार पर डीएपी उर्वरक की एक बोरी पर दी जाने वाली सब्सिडी का बोझ 500 रुपए से बढ़कर 2,500 रुपए हो गया है।

मोदी ने पाल चितरिया नरसंहार और आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी मोतीलाल तेजावत को याद किया जिन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ बगावत का नेतृत्व किया। तेजावत के आंदोलन के जवाब में अंग्रेजों ने वर्ष-1922 के दौरान साबरकांठा जिले के पाल चितरिया और दाधवाव गांव में करीब एक हजार आदिवासियों को मौत के घाट उतार दिया था। मोदी ने कहा, पहली बार, आदिवासी समाज की, देश की बेटी शीर्ष संवैधानिक पद पर पहुंची हैं। लोगों ने द्रौपदी मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति बनाया है। यह हम सभी 130 करोड़ नागरिकों के लिए गर्व का विषय है। मोदी ने कहा, समावेशी लोकतंत्र का सपना, जिसे देश के लिए कुर्बान होने वाले हमारे पूर्वजों ने देखा था, अब सच हो रहा है। जनसभा को संबोधित करने से पहले मोदी नव-उद्घाटित साबर डेयरी में गए और वहां पर कुछ प्रगतिशील महिला पशुपालकों से संवाद किया।

मोदी ने साबरकांठा जिले में हिम्मतनगर शहर के पास स्थित साबरकांठा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड के 305 करोड़ रुपए की लागत से बने दूध पाउडर संयंत्र का उद्घाटन किया। साबर डेयरी में बना यह संयंत्र प्रतिदिन 120 मीट्रिक टन दूध पाउडर का उत्पादन करने की क्षमता रखता है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने 600 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले एक चीज़ संयंत्र की आधारशिला रखी तथा साबर डेयरी के, 125 करोड़ रुपए की लागत वाले दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया।

# गोमूत्र खरीदने वाला पहला राज्य बना छत्तीसगढ़

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने बृस्पतिवार से गोमूत्र की खरीद की शुरूआत की। छत्तीसगढ़ गौ-मूत्र खरीदी करने वाला देश का पहला राज्य है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में हरेली (हरियाली अमावस्या) पर्व के अवसर पर गोमूत्र की खरीद की शुरूआत की। मुख्यमंत्री इस मौके पर चंदखुरी की निधि स्व-सहायता समूह को पांच लीटर गोमूत्र 20 रुपए में बेचकर राज्य के पहले विक्रेता बने। निधि स्व-सहायता समूह ने गोमूत्र बेचा और यह राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष के खाते में जमा की। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जो पशुपालक ग्रामीणों से दो रूपए प्रति किलोग्राम की दर गोबर खरीदने के बाद अब चार रूपए लीटर में गोमूत्र खरीद रहा है। गोधन न्याय योजना के बहुआयामी परिणामों को देखते हुए देश के अनेक राज्य इसे अपनाने लगे हैं। अमीर हो या गरीब, सभी दो रूपए किलो गौठानों में गोबर बेच रहे हैं। बीते दो वर्षों में गोधन न्याय योजना के माध्यम से गोबर विक्रेताओं, गौठान समितियों और महिला समूहों के खाते में तीन सौ करोड़ रूपए से अधिक की राशि अंतरित हुई है।

बघेल ने कहा, छत्तीसगढ़ में खेती-किसानी समृद्ध हो, किसान खुशहाल हो- यह हमारी कोशिश है। जैविक खाद और जैविक कीटनाशक का उपयोग करने से खेती की लागत में कमी आएगी। खाद्यान्न की गुणवत्ता बेहतर होगी, जिससे जन-जीवन का स्वास्थ्य बेहतर होगा। इस योजना का उद्देश्य राज्य में पशुपालन के संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ पशुपालक की आय और जैविक खेती को बढ़ावा देना है। राज्य में गोधन न्याय योजना की शुरुआत छत्तीसगढ़ में आज से दो वर्ष पहले 20 जुलाई 2020 को हरेली पर्व के दिन से हुई थी जिसके तहत गौठनों में पशुपालक ग्रामीणों से दो रुपए प्रति किलोग्राम की दर से गोबर खरीदी जा रही है।

# वाम मोर्चा शासित केरल चरमपंथियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन चुका है : केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली।** भाजपा की युवा इकाई के कार्यकर्ता की हत्या के मामले में कर्नाटक पुलिस द्वारा दो लोगों को गिरफ्तार किए जाने के बीच पार्टी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि वाम मोर्चा शासित केरल चरमपंथी तत्वों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन गया है, जो पड़ोसी राज्य में अंधाधुंध हत्याएं कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि साक्ष्य से यह पता चला है कि प्रवीण नेत्तारू की हत्या में एक मोटरसाइकिल का इस्तेमाल किया गया था जिसका नंबर केरल का है। उन्होंने पिनराई विजयन की अगुवाई वाली केरल की सरकार से कहा कि वह कर्नाटक सरकार के साथ सहयोग करें और यह सुनिश्चत करें कि आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी हो, न कि उनका संरक्षण किया जाए। कर्नाटक से भाजपा सांसद ने कहा, पिनराई विजयन की अगुवाई वाला केरल, पीएफआई और एसडीपीआई से संबंधित चरमपंथी तत्वों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन गया है। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि उन्हें राजनीतिक संरक्षण है। इससे लोगों को हत्याकांड को अंजाम देने में आसानी होती है क्योंकि उनका मानना है कि उन्हें संरक्षण प्राप्त है।

कर्नाटक सरकार उन्हें मार गिराएगी। केरल सरकार को यह सुनिश्चित करने में कर्नाटक के साथ सहयोग करना चाहिए कि इन लोगों की पहचान की जाए और उन्हें संरक्षित करने के बजाय गिरफ्तार किया जाए। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) एक इस्लामिक संगठन है, और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी आफ इंडिया इसकी राजनीतिक शाखा है। भारतीय जनता पार्टी हमेशा पीएफआई पर चरमपंथी गतिविधि और सांप्रदायिक तनाव फैलाने का आरोप लगाती रही है। हालांकि, पीएफआई इन आरोपों से इंकार कर चुका है। इसके सदस्य देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

भाजपा जिला युवा मोर्चा के सदस्य नेत्तारू की मंगलवार रात बाइक सवार तीन लोगों ने बेल्लारे में उनकी दुकान के सामने कथित रूप से चाकू मारकर हत्या कर दी। कुछ दक्षिणपंथी संगठनों को इस बात का संदेह है कि यह लक्षित हत्या है जहां सांप्रदायिक हिंसा असामान्य नहीं है। कर्नाटक पुलिस ने बृहस्पतिवार को नेत्तारू की हत्या के मामले में कथित रूप से हत्या की साजिश में शामिल रहने के आरोप में जाकिर (29) और मोहम्मद शफीक (27) को गिरफ्तार किया है। नेत्तारू की हत्या के विरोध में कर्नाटक में विभिन्न स्थानों पर जारी प्रदर्शन और भाजपा कार्यकर्ताओं की नाराजगी व्यक्त करने के बीच चंद्रशेखर ने कहा कि वह भी राज्य के लोगों की तरह इस निर्मम हिंसा से आक्रोशित हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे चरमपंथी तत्व कर्नाटक में नहीं हो सकते हैं क्योंकि उन्हें इस बात की जानकारी है कि वह मार दिए जाएंगे।

# अर्पिता मुखर्जी के अपार्टमेंट से सोने के आभूषण व करीब 28 लाख रुपए की नकदी बरामद





**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अर्पिता मुखर्जी से संबद्ध एक अपार्टमेंट से भारी मात्रा में सोने के आभूषण और 27.9 करोड़ रुपए की नकदी बरामद की है। मुखर्जी को पश्चिम बंगाल के गिरफ्तार किए गए मंत्री पार्थ चटर्जी की करीबी सहयोगी माना जाता है। बुधवार को बेलघरिया में एक अपार्टमेंट से नकदी बरामद की गई और रातभर गिनती करने के बाद 27.90 करोड़ रुपए पाए गए। उन्होंने बताया कि जांचकर्ता सोने के आभूषण की कीमत का पता लगा रहे हैं।

जांच एजेंसी ने पांच दिन पहले दक्षिण कोलकाता के टॉलीगंज इलाके में मुखर्जी के एक अन्य फ्लैट से आभूषण और विदेशी मुद्रा के अलावा 21 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी बरामद की थी। अधिकारियों ने बताया कि कुल मिलाकर अभी तक 50 करोड़ रुपए की नकदी बरामद की गई है। ईडी अधिकारियों ने बुधवार को दक्षिण कोलकाता के राजदांगा और उत्तरी कोलकाता के बेलघरिया में विभिन्न ठिकानों पर छापे मारे थे।

मुखर्जी ने ईडी को इन संपत्तियों की जानकारी दी है। ईडी अधिकारियों को बेलघरिया के रथतला इलाके में दो फ्लैट्स में घुसने के लिए दरवाजा तोड़ना पड़ा, क्योंकि उनकी चाभियां नहीं मिली थी। अधिकारी ने बताया कि तलाशी के दौरान फ्लैट्स से कई अहम दस्तावेज भी बरामद किए गए। ममता बनर्जी की सरकार में प्रभावशाली मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें अर्पिता मुखर्जी के टॉलीगंज फ्लैट में नकदी मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग की अनुशंसा पर सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में समूह ग और घ वर्ग के कर्मचारियों और शिक्षकों की भर्ती में हुई कथित अनियमितता की जांच कर रही है। वहीं, ईडी घोटाले में धनशोधन की जांच कर रहा है। उल्लेखनीय है कि जब यह कथित घोटाला हुआ था, उस समय पार्थ चटर्जी राज्य के शिक्षामंत्री थे।

# जम्मू-कश्मीर मुद्दे को हल करने के लिए वार्ता के अलावा कोई अन्य विकल्प नहींः महबूबा

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने बृहस्पतिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर को शांत क्षेत्र घोषित करके और समूची नियंत्रण रेखा पर सभी मार्गों को खोलकर इसे दक्षिण एशिया क्षेत्रीय सहयोग संघ (दक्षेस) के देशों के बीच सहयोग का एक मॉडल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि दक्षेस के प्रत्एक सदस्य देश को कश्मीर में निवेश की अनुमति दी जाए। पीडीपी के 23वें स्थापना दिवस के अवसर पर यहां शेर-ए-कश्मीर पार्क में एक उग्र भाषण में उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर मुद्दे को हल करने के लिए बातचीत के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है।

जिस जे-के (जम्मू-कश्मीर) के नाम के साथ आप पाकिस्तान का नाम लेने से डरते हैं, एक कहावत है कि मुश्किलों का साहस के साथ सामना करें। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री से अनुरोध करती हूं कि इस जम्मू-कश्मीर और दूसरे जम्मू-कश्मीर को दक्षेस सहयोग का एक मॉडल बनाएं। उन्होंने कहा कि दोनों जम्मू-कश्मीर को शांति क्षेत्र घोषित करके सभी दक्षेस देशों को यहां निवेश करने दें। महबूबा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दक्षेस देशों को जम्मू-कश्मीर में बैंक और हस्तशिल्प विश्वविद्यालय खोलने की अनुमति देने के साथ सभी मार्ग खोले जाएं और सभी को स्वतंत्र रूप से आवाजाही की अनुमति दी जाए।

भारत और पाकिस्तान के बीच पंजाब में वाघा सीमा पर व्यापार चलता है, लेकिन जम्मू-कश्मीर में इसे बंद कर दिया गया है। महबूबा ने सवालिया लहजे में पूछा, क्या हमने कभी सुना है कि पंजाब की सीमा पर गोलीबारी हुई थी या भारत-पाकिस्तान के बीच गुजरात सीमा या राजस्थान सीमा पर युद्ध हुआ? फिर खुद ही नहीं में जवाब देते हुए कहा कि यह केवल जम्मू-कश्मीर की सीमाओं पर होता है।

# देश में कोरोना वायरस संक्रमण से 44 और लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 20,557 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,39,59,321 हो गई। उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर।,46,323 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 44 और लोगों की मौत होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 5,26,211 हो गई। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर।,46,323 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.33 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में।,297 की बढ़ोतरी हुई है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.47 प्रतिशत है।

दैनिक संक्रमण दर 5.18 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 4.71 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,32,86,787 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 203.21 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं। देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करते हुए केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण।

# समान नागरिक संहिता के लिए कोई समिति गठित करने का विचार नहीं : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में इस बात से इनकार किया कि वह देश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए कोई समिति गठित करने पर विचार कर रही है। विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रिजीजू ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उनसे सवाल किया गया है कि क्या देश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए सरकार कोई समिति गठित करने पर विचार कर रही है? इसके जवाब में मंत्री ने कहा, जी नहीं। उन्होंने हालांकि कहा कि सरकार ने भारतीय विधि आयोग से समान नागरिक संहिता से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गौर करने तथा उस पर सिफारिश करने का अनुरोध किया है। उन्होंने पिछले हफ्ते लोकसभा में एक सवाल के जवाब में कहा था देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने के संदर्भ में अब तक कोई निर्णय नहीं हुआ है क्योंकि यह मामला अदालत के समक्ष विचाराधीन है।

## क्विक न्यूज

### पीओके से गुजरने वाली परियोजनाओं से कोई अन्य देश न जुड़े

**नई दिल्ली।** भारत ने एकबार फिर स्पष्ट किया किसम्पूर्ण जम्मू कश्मीर और लद्दाख उसका (भारत) अभिन्न हिस्सा है और पीओके से होकर गुजरने वाली परियोजनाओं से कोई अन्य देश न जुड़े क्योंकि यह उसकी संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता से जुड़ा विषय है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इस विषय पर पूछे जाने पर साप्ताहिक प्रेस वार्ता में यह बात कही। प्रवक्ता ने कहा कि विदेश मंत्रालय ने इस विषय पर पिछले दिनों बयान जारी किया है जिसमें कहा गया है कि उसने तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) से जुड़ी परियोजनाओं में अन्य देशों की प्रस्तावित भागीदारी को प्रोत्साहित किए जाने की खबरें देखी है तथा सीपीईसी के तहत इस प्रकार की गतिविधियां स्वाभाविक रूप से अवैध, अनुचित और अस्वीकार्य है। बागची ने कहा कि इस संबंध में किसी भी पक्ष का इस प्रकार का कोई भी कदम भारत की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का सीधा उल्लंघन है। उन्होने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में इस तरह की किसी भी गतिविधि पर हम पहले से ही आपत्ति करते रहे है। प्रवक्ता ने कहा कि हमारा कहना है कि कोई भी तीसरा देश इससे नही जुड़े क्योंकि हम पहले से ही चेतावनी दे रहे हैं कि यह हमारी सम्प्रभुता का विषय है। बागची ने कहा कि हम जो कहना चाहते है, वह पूरी तरह से स्पष्ट है। यह पूछे जाने पर कि किसी देश के जुड़ने पर क्या कार्वाई की जाएगी, इस बारे में वे कोई अटकलबाजी नही करना चाहते हैं। सीपीईसी के अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं समन्वय संबंधी संयुक्त कार्य समूह की डिजिटल माध्यम से तीसरी बैठक शुक्रवार को हुई थी। इस दौरान चीन और पाकिस्तान ने आर्थिक गलियारे का हिस्सा बनने में दिलचस्पी रखने वाले अन्य देशों को भी इसमें शामिल होने का न्योता दिया। वर्ष 2013 में शुरू हुआ यह आर्थिक गलियारा पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह को चीन के शिनझियांग क्षेत्र में स्थित काशगर से जोड़ने वाला है। इसके जरिए दोनो देश ऊर्जा, परिवहन एवं औद्योगिक सहयोग करेंगे। भारत इस गलियारे के पीओके से होकर गुजरने के कारण इसका विरोध करता रहा है। सीपीईसी चीन की महत्वकांक्षी बेल्ड एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का हिस्सा है। भारत बीआरआई का कड़ा आलोचक रहा है, क्योंकि सीपीईसी इसका हिस्सा है।

### पनीरसेल्वम गुट के विज्ञापनों में मोदी, शाह की तस्वीरें

**कांचीपुरम (तमिलनाडु)।** ऑल इण्डिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के बागी खेमे द्वारा बृहस्पतिवार को यहां एक बड़े बैनर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की आदमकद तस्वीरें लगाई गई जिससे राजनीतिक हलकों में चर्चा का दौर शुरू हो गया है। अन्नाद्रमुक के बागी नेता ओ पनीरसेल्सम (ओपीएस) गुट ने यहां मोदी और शाह की तस्वीरें लगाई है। ओपीएस पार्टी के पदो पर नई नियुक्तियां कर रहे है और यहां इन नई नियुक्तियो के समर्थको ने प्रचार के तौर पर यह बैनर लगाया है। बैनर में मोदी और शाह को लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते हुए देखा जा सकता है। बीच में पनीरसेल्वम की मुस्कुराते हुए एक तस्वीर लगाई गई है। बागी गुट के नए पदाधिकारियो द्वारा द्रविड़ नेता सी. एन. अन्नादुरई की प्रतिमा पर यहां माल्यार्पण के समय नाटकीय दृश्य देखे गए। घटनास्थल पर एक बड़ी क्रेन लाई गई, जिसके एक ओर विशाल माला टंगी हुई थी। एक ऊंचे मंच पर मौजूद नए पदाधिकारियो ने क्रेन से माला उठाकर प्रतिमा को पहनाई। मोदी और शाह की तस्वीरों ने तमिलनाडु के राजनीतिक हलकों में कई लोगों को हैरत में डाल दिया है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि ओपीएस खेमा अन्नाद्रमुक में पनीरसेल्वम की खोई प्रतिष्ठा वापस लाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि दो शीर्ष राष्ट्रीय नेताओ से नजदीकी दिखाने से फायदा मिल सकता है।

### भगवंत मान ने भगत सिंह को आतंकवादी कहे जाने पर शिरोमणि अकाली दल नेता सिमरनजीत मान की आलोचना की

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के प्रमुख सिमरनजीत सिंह मान द्वारा स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह को आंतकवादी कहे जाने पर बृहस्पतिवार को उनकी (सिमरनजीत की) आलोचना की और कहा कि स्वतंत्रता सेनानी हमेशा युवाओ के लिए आदर्श रहेंगे। शिअद (अमृतसर) नेता स्वतंत्रता सेनानी पर की गई विवादास्पद टिप्पणी के लिए चौतरफा आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। संवाददाताओं के एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने सिमरनजीत मान के शर्मनाक बयान के लिए उनकी आलोचना की। शिअद (अमृतसर) प्रमुख हाल में संगरूर से सांसद चुने गए है। मुख्यमंत्री ने कहा, वे यह कहने वाले कौन होते है कि कोई व्यक्ति आतंकवादी था? शहीद-ए-आजम भगत सिंह ने 23 वर्ष की उम्र मे बलिदान दिया। वह युवाओं के लिए आदर्श है और हमेशा रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगत सिंह को पाकिस्तान में भी सम्मान दिया जाता है। भगवंत मान ने कहा कि उनकी सरकार ने भगत सिंह और संविधान निर्माता भीम राव आंबेडकर की तस्वीरें अपने सभी कार्यालयो मे लगाई है। सिमरनजीत सिंह मान ने करनाल में पत्रकारो से कहा था, समझने की कोशिश करिए, भगत सिंह ने एक युवा अंग्रेज अधिकारी की हत्या की थी, उन्होंने एक अमृतधारी सिख कांस्टेबल चन्नन सिंह की हत्या की थी। उन्होंने उस वक्त नेशनल असेंबली मे बम फेंका था। अब आप ही बताइए कि भगत सिंह आतंकवादी थे या नही।

# उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ धर्मादा आयुक्त पर एक लाख रुपए जुर्माना लगाया

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ धर्मादा (एचआर एंड सीई) विभाग के आयुक्त और उनके दो अधीनस्थ अधिकारियों पर 2021 में पारित एक आदेश को लागू नहीं करने को लेकर जुर्माना लगाया है। उच्च न्यायालय ने एचआर एंड सीई आयुक्त पर एक लाख रुपए जबकि उनके दो अधीनस्थ अधिकारियों पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। न्यायालय ने मंदिर की संपत्ति के किराएदारों से किराया लेने एवं दोषियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्वाई करने के संबंध में अदालती आदेश लागू नहीं करने को लेकर यह जुर्माना लगाया है। अधीनस्थ अधिकारी सहायक आयुक्त और संयुक्त आयुक्त हैं। न्यायमूर्ति अनीता सुमंत ने हाल में पारित एक आदेश में कहा कि जुर्माने की यह धनराशि दो सप्ताह के भीतर अडयार स्थित कैंसर संस्थान को भेज दी जाएगी।

# सेना प्रमुख मनोज पांडे व मालदीव के शीर्ष कमांडर ने सैन्य सहयोग पर की चर्चा

**भाषा।** नई दिल्ली



**सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे** ने बृहस्पतिवार को मालदीव के सैन्य बल के प्रमुख मेजर जनरल अब्दुल्ला शमाल से द्विपक्षीय सहयोग तथा सुरक्षा सहयोग मजबूत करने के तरीकों पर गहन चर्चा की। मेजर जनरल शमाल अभी भारत की यात्रा पर हैं। मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के प्रमुख समुद्री पड़ोसी देशों में से एक है और पिछले कुछ वर्षों में द्विपक्षीय रक्षा एवं सुरक्षा संबंध मजबूत हुए हैं। सेना ने ट्वीट किया, जनरल मनोज पांडे ने रक्षा बल प्रमुख मेजर जनरल अब्दुल्ला शमाल का गर्मजोशी से स्वागत किया और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। गौरतलब है कि मार्च में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने माले की यात्रा के दौरान मेजर जनरल शमाल को एक तटीय रडार प्रणाली सौंपी थी। अप्रैल में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरी कुमार मालदीव की यात्रा पर गए थे और उन्होंने समुद्री सुरक्षा सहयोग को बढ़ाने के लिए मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलेह तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की थी।

# रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने के लिए विदेशी कंपनियों के साथ सहयोग अंतर्निहित

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की महत्वाकांक्षा के लिए विदेशी कंपनियों के साथ सहयोग अंतर्निहित है और उनके साथ संबंध अब सह-विकास और सह-उत्पादन का है। भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भू-रणनीतिक सुरक्षा वातावरण में हाल के दिनों में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं, जिससे स्थापित विश्व व्यवस्था का पुनर्मूल्यांकन हुआ है। भारत की सुरक्षा संबंधी चिंताएं वैश्विक और क्षेत्रीय दोनों स्तरों पर भू-राजनीतिक गतिशीलता से उत्पन्न होती हैं। इनमें रूस-यूक्रेन संघर्ष के साथ-साथ अस्थिरता और राजनीतिक अनिश्चितता शामिल है, जिसे हम अपने पड़ोस में देखते हैं। सेना प्रमुख ने कहा कि समकालीन सुरक्षा परिवेश और युद्ध के बदलते स्वरूप की आवश्यकता है कि भारतीय सशस्त्र बलों को पारंपरिक और उप-पारंपरिक क्षेत्र में चुनौतियों के व्यापक विस्तार से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए।

निसंदेह हमारे हित आत्मनिर्भर होने से सबसे बेहतर तरीके से सधते हैं, विशेषकर रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता से। आत्मनिर्भरता उन प्रमुख कारकों में से एक है जिस पर किसी भी राष्ट्र की सैन्य क्षमता टिकी होती है। हमारे विदेशी साझेदारों के लिए नए अवसर हैं और आत्मनिर्भरता खुद को दुनिया से अलग करने के बारे में नहीं है। सेना प्रमुख ने कहा कि यह आत्मनिर्भरता और नीतियों का पालन करने के बारे में है जो दक्षता, गुणवत्ता और लचीलेपन को बढ़ावा देते हैं। यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि विदेशी ओईएम (मूल उपकरण निर्माता) के साथ सहयोग आत्मनिर्भर भारत के हमारे उद्देश्य में अंतर्निहित है, और हम खरीददार और विक्रेता के अपने रिश्ते से हटकर अपने विदेशी भागीदारों के साथ सह-विकास और सह-उत्पादन की ओर बढ़ गए हैं।

# न्यायाधीशों को निशाना बनाने की एक सीमा होती है : उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने देशभर में ईसाई संस्थानों और पादरियों पर बढ़ते हमलों का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई में देरी करने की मीडिया में आई खबरों पर नाखुशी जताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि न्यायाधीशों को निशाना बनाने की एक सीमा होती है। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि हम पर दबाव बनाना बंद करें। पीठ ने कहा, पिछली बार मामले पर सुनवाई नहीं की जा सकी थी क्योंकि मैं कोविड-19 से संक्रमित था। आपने अखबारों में छपवाया कि उच्चतम न्यायालय सुनवाई में देरी कर रहा है। देखिए, न्यायाधीशों को निशाना बनाने की एक सीमा होती है। ए सभी खबरें कौन देता है? न्यायालय ने मौखिक रूप से कहा, मैंने ऑनलाइन खबरें देखी थी कि न्यायाधीश सुनवाई में देरी कर रहे हैं। हम पर दबाव बनाना बंद करिए।

# पीएम बनने पर यौन अपराधियों को खत्म करने का लिया संकल्प

भाषा। लंदन



**ऋषि सुनक** ने कंजर्वेटिव पार्टी के नेता और ब्रिटेन के अगले प्रधानमंत्री चुने जाने पर बच्चों तथा युवतियों को निशाना बनाने वाले गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा उनका खात्मा करने के साथ-साथ उनके सरगनाओं को अधिकतम सजा दिलवाने का संकल्प लिया है। रेडी4ऋषि अभियान दल ने बुधवार शाम बताया कि ऋषि सुनक के नेतृत्व वाली सरकार में यौन अपराधों को अंजाम देने वाले गिरोहों (ग्रूमिंग गैंग्स) के सदस्यों के खिलाफ गिरोह का हिस्सा होने या उसके लिए काम करने को लेकर आपराधिक मामले दर्ज किए जाएंगे। इसके तहत दोष साबित होने पर उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान होगा। दल ने बताया कि यौन अपराधों पर नियंत्रण करने के लिए पूर्व चांसलर सुनक तथाकथित डाउन-ब्लाउजिंग (महिलाओं की अनुमति के बिना उनकी आपत्तिजनक तस्वीरें लेना) पर प्रतिबंध लगाएंगे। सुनक ने कहा, महिलाओं तथा लड़कियों के खिलाफ यौन अपराधों का खात्मा होने तक इनसे राष्ट्रीय आपदा की तरह निपटा जाना चाहिए। दो बेटियों का पिता होने के नाते, मैं चाहता हूं कि वे बिना किसी डर के शाम को बाहर जा सकें या रात में किसी भी दुकान पर जा सकें। सुनक ने कहा कि बतौर चांसलर उन्होंने पीड़िताओं की मदद के लिए कई कदम उठाए। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री के तौर पर और कदम उठाऊंगा। मैं महिलाओं की अनुमति के बिना उनकी आपत्तिजनक तस्वीर लेकर उन्हें परेशान करने को दण्डनीय अपराध बनाऊंगा और यौन अपराधों को अंजाम देने वाले गिरोहों के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया जाएगा। सुनक ने कहा, हम संवेदनशीलता को इतना हावी नहीं होने दे सकते कि वह उन खतरनाक अपराधियों को पकड़ने में बाधा बने, जो महिलाओं को निशाना बनाते हैं। मैं तब तक नहीं रुकूंगा जब तक कि हम ऐसा समाज नहीं बना लेते, जहां महिलाएं तथा लड़कियां रोजमर्रा की जिंदगी में सुरक्षित महसूस करें। उन्होंने ऐसे गिरोहों से जुड़ी खुफिया जानकारी इकट्ठा करने और संदिग्धों पर नजर रखने में पुलिस की मदद करने के लिए एक रिकॉर्ड तैयार करने के वास्ते नेशनल ग्रूमिंग गैंग्स व्हिसलब्लोअर नेटवर्क शुरू करने की भी योजना बनाई है।

## जॉनसन की वफादार ने सुनक पर तख्तापलट करने का आरोप लगाया

**लंदन (भाषा)।** ब्रिटेन के निवर्तमान प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के प्रति निष्ठावान और उनके उत्ताधिकारी के रूप में विदेश मंत्री लिज़ ट्रूस की समर्थक नादिन डोरिस ने ऋषि सुनक पर जॉनसन के खिलाफ क्रूर तख्तापलट करने का आरोप बृहस्पतिवार को लगाया। ब्रिटेन की संस्कृति मंत्री डोरिस ने पहले सुनक पर मंहगे कपड़े पहनने के लिए हमला किया था जिसके बाद वह निशाने पर आई थी। उनकी इस आलोचना का मकसद सुनक को इस तरह पेश करना था कि वह आम लोगो जैसे नही है क्योकि ब्रिटेन की जनता बड़े पैमाने पर अपने रोजमर्रा के खर्चो को लेकर संकट से जूझ रही है। उन्होंने बीबीसी से कहा कि यह निर्णय के बारे में है और यह इस बारे में है कि मतदाता किससे खुद को जोड़ सकते है और कौन उनके जीवन को समझ सकता है। उन्होंने आरोप लगाया, मै इस बात से बहुत निराश हूं कि बोरिस जॉनसन को क्रूर तख्तापलट के जरिए हटाया गया है जिसकी अगुवाई मुख्यतः ऋषि सुनक ने की। भारतीय-ब्रिटश पूर्व मंत्री प्रधानमंत्री पद की दौड़ मे शामिल है और इस दौरान सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति (इंफोसेस के सह संस्थापक नारायण मूर्ति की बेटी) की दौलत का हवाला दिया जा रहा है। सुनक ने टीवी पर प्रसारित चर्चा के दौरान इस बात का जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात पर गर्व है जो उनके सास-ससुर ने इंफोसेस से हासिल किया है। उन्होंने कहा, मेरे ससुर जब आए थे तो उनके पास सपने के सिवाए कुछ नही था और उनके पास कुछ सौ पौड थे जो मेरी सास ने उन्हें अपनी बचत से दिए थे और इसके बाद उन्होंने दुनिया की सबसे बड़ी, सम्मानित, कामयाब कंपनियों मे से एक बनाई जिसमे यहां ब्रिटेन मे हजार लोग काम करते है।

## युद्ध अपराधों को लेकर रज़ाकार बाहिनी के छह सदस्यों को मौत की सज़ा

भाषा। ढाका

**बांग्लादेश** के अंतरराष्ट्रीय अपराध अधिकरण ने कुख्यात अर्द्धसैनिक बल रज़ाकार बाहिनी के छह सदस्यों को 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी फौज की मनुष्यता के विरूद्ध अपराध में मदद करने के लिए बृहस्पतिवार को मौत की सज़ा सुनाई। न्यायमूर्ति मोहम्मद शाही-नूर-इस्लाम की अध्यक्षता वाले तीन सदस्ईय अधिकरण ने यह आदेश दिया है। इस्लाम ने कहा कि उन्हें फांसी की सज़ा दी जाती है। मुकदमे की सुनवाई के दौरान पांच दोषी अधिकरण में मौजूद थे जबकि एक अनुपस्थित था। इन छह दोषियों में अमजद हुसैन होवलदार, सहर अली सरदार, अतियार रहमान, मोताचिन बिल्लाह, कमाल उद्दीन गोल्डर और नाज़-उल-इस्लाम शामिल हैं। उनमें से नाज़-उल-इस्लाम फरार है।

## यूक्रेन की जवाबी कार्रवाई के बीच रूस ने हमले तेज किए

भाषा। कीव

**रूसी सेना** ने बृहस्पतिवार को यूक्रेन के कीव और चेर्नीहीव क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर मिसाइल से हमले किए। इन इलाकों को गत कई हफ्तों से निशाना नहीं बनाया गया था। वहीं, यूक्रेन के अधिकारियों ने रूस के कब्जे वाले देश के दक्षिण हिस्से को मुक्त कराने के लिए अभियान शुरू करने की घोषणा की है। कीव के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेक्सि कुलेबा ने टेलीग्राम ऐप के जरिए दिए बयान में कहा कि क्षेत्र के विशगोरोड जिले में बृहस्पतिवार तड़के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। हालांकि, तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका है कि क्या इन हमलों में कोई हताहत भी हुआ है या नहीं। विशगोरोड जिला, कीव से 20 किलोमीटर उत्तर में स्थित है। कुलेबा के मुताबिक हमला राजकीय दिवस के अवसर पर किया गया जिसे यूक्रेन पहली बार बृहस्पतिवार को मना रहा है। कुलेबा ने यूक्रेनियाई टेलीविजन चैनल पर कहा, रूस, मिसाइल के जरिए जन विरोध का बदला ले रहा है। यूक्रेन पहले ही रूस के मनसूबों को नाकाम कर चुका है और अपनी रक्षा करना जारी रखेगा। चेर्नीहीव के गवर्नर व्याचेस्लाव चौस ने बताया कि पड़ोसी देश बेलारूस की सीमा से कई मिसाइल होंचारिव्स्का गांव पर दागी गई। गौरतलब है कि रूसी सेना कई महीने पहले इलाके पर कब्जा करने में नकाम रहने के बाद कीव और चेर्नीहीव से लौट चुकी थी। रूस की ओर से नए सिरे से हमले पूर्वी यूक्रेन के मॉस्को समर्थक नेता डेनिस पुशिलिन की अपील के बाद किए गए हैं। पुशिलिन ने सार्वजनिक रूप से रूसी सेना से अपील की थी कि वह रूसी लोगों द्वारा बसाए गए रूसी शहरों जैसे कीव, चेर्नीहीव, पोलत्वा, ओडेसा, निप्रोपेत्रोव्स्क, खारकीव, ज़ैपसोरिज़िया और लुत्स्क को मुक्त कराए। यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर भी बुधवार-बृहस्पतिवार की दरमियानी रात गोलाबारी की गई। यह जानकारी शहर के महापौर इहोर तेरेखोव ने दी। दक्षिण शहर मिकोलेव पर भी गोलाबारी की खबर है, जिसमें एक व्यक्ति घायल हुआ है। इस बीच, यूक्रेन की सेना का रूसी कब्जे वाले देश के दक्षिण हिस्से खेरसॉन में जवाबी कार्वाई जारी है। यूक्रेनियाई सेना ने बुधवार को निपर नदी पर बने पुल को निशाना बनाया। यूक्रेन की मीडिया ने बृहस्पतिवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के सलाहकार ओलेक्सि अरेस्टोविच को उद्धृत करते हुए कहा, खेरसॉन को मुक्त कराने के लिए अभियान पहले ही शुरू हो चुका है। अरेस्टोविच ने कहा कि कीव की सेना रूसी सैनिकों को अलग-थलग करने की योजना बना रही है ताकि उनके पास केवल तीन विकल्प बचे।

## मेरी सरकार की प्राथमिकता अर्थव्यवस्था को पटरी पर लानाः विक्रमसिंघे

**कोलंबो (भाषा)।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा है कि उनकी सरकार की मुख्य प्राथमिकता देश की जर्जर अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना और ईंधन की किल्लत को खत्म करना है। श्रीलंका में आखिरी बार ईंधन की खेप भारत ने जून में रिण सहायता के तहत भेजी थी, जिसके बाद से देश (श्रीलंका) में ईंधन की किल्लत और बढ़ गई है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने अपने पार्टी मुख्यालय में एकत्र लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के खिलाफ नहीं है और उसकी हमेशा अनुमति देगी, बशर्ते कानून न तोड़ा जाए। देश के सबसे मुश्किल दौर में राष्ट्रपति बना हूं। हमें अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना है। विक्रमसिंघे ने कहा कि सरकार का पहला कार्य ईंधन के लिए लगने वाली कतार को कम करना और फिर उसे पूरी तरह से खत्म करना है। गौरतलब है कि 27 जून से सरकार ने ईंधन की आपूर्ति बंद की और इसे आवश्यक सेवाओं के लिए सीमित कर दिया।

## संरा सुरक्षा परिषद ने कांगो में भारतीय शांतिरक्षकों पर हुए हमले की निंदा की

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** सुरक्षा परिषद ने कांगो में संरा मिशन पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है जिसमें भारत के दो और मोरक्को के एक शांतिरक्षक की मौत हो गई। सुरक्षा परिषद ने कांगो के अधिकारियों से जल्दी से जल्दी इस हमले की जांच करने और दोषियों पर कार्वाई करने का आग्रह किया है। भारत और फ्रांस की ओर से पेश किए गए प्रेस बयान में परिषद ने भारत और मोरक्को में रहने वाले, मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। सुरक्षा परिषद ने कांगों के नार्थ कीवू प्रांत के बुटेम्बो में 26 जुलाई को हुए इस हमले में घायल शांतिरक्षकों और नागरिकों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की। बुधवार को जारी बयान में कहा गया, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो के नार्थ कीवू में संयुक्त राष्ट्र संगठन स्थायित्व मिशन पर हुए हमले की सुरक्षा परिषद के सदस्य कड़ी निंदा करते हैं। इस हमले में भारत और मोरक्को के तीन शांतिरक्षकों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। भारत के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की कि डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में हुए हमले में उसके दो कर्मियों की मौत हो गई। इस हमले में बीएसएफ के हेड कांस्टेबल शिशुपाल सिंह और सांवला राम विश्नोई की मौत हो गई। भारत इस समय सुरक्षा परिषद का गैर-स्थाई सदस्य है और संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक अभियानों में सबसे ज्यादा सैन्य योगदान देने वाला देश है।

## भारतीय-अमेरिकी सांसद जयपाल को धमकी देने वाले शख्स पर आरोप तय

**वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका में भारतीय मूल की सांसद प्रमिला जयपाल को जान से मारने की धमकी देने वाले 49 वर्षीय व्यक्ति पर आपराधिक रूप से पीछा करने का आरोप लगाया गया है। इस व्यक्ति को जयपाल के घर के बाहर एक पिस्तौल लेकर खड़े होने, भारत वापस जाओ के नारे लगाने तथा जयपाल को जान से मारने की धमकी देने के लिए गिरफ्तार किया गया था। किंग काउंटी के अभियोजक कार्यालय ने कहा कि अगर बचावकर्ता ब्रेट फॉरसेल को जमानत पर रिहा किया जाता है तो वह कोई हिंसक अपराध को अंजाम दे सकता है। अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, फॉरसेल पर बुधवार को आरोप लगाए गए। उसने कथित तौर पर जांचकर्ताओं से कहा कि वह रिहा होने के बाद फिर से जयपाल के घर जाएगा। सिएटल स्थित समाचार वेबसाइट किंग5डॉटकॉम की खबर में कहा गया है कि अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, फॉरसेल सांसद के घर के बाहर .40 कैलिबर की ग्लॉक अर्द्धचालित पिस्तौल लेकर गया था।

## किम ने अमेरिका, दक्षिण कोरिया के साथ तनाव के बीच परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी दी

भाषा। सियोल

उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने धमकी दी है कि वह अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ संभावित सैन्य संघर्षों में अपने परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने को तैयार हैं। किम ने दावा है कि उनके प्रतिद्वंद्वी कोरियाई प्रायद्वीप को युद्ध की कगार पर धकेल रहे हैं। किम ने 1950-53 के कोरियाई युद्ध की समाप्ति की 69वीं वर्षगांठ पर पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। इस भाषण का उद्देश्य महामारी से संबंधित आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे देश में आंतरिक एकता को बढ़ावा देना है। कुछ पर्यवेक्षकों का कहना है कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया के खिलाफ उत्तर कोरिया की धमकियां बढ़ सकती हैं, क्योंकि दोनों सहयोगी देश अपने सैन्य अभ्यास को विस्तार देने की योजना बना रहे हैं, जिसे उत्तर कोरिया आक्रमण के अभ्यास के तौर पर देखता है। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार, किम ने बुधवार को भाषण में कहा, हमारे सशस्त्र बल किसी भी संकट से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और हमारे देश की परमाणु युद्ध क्षमता भी पूरी तरह तैयार है। उन्होंने अमेरिका पर अपनी शत्रुतापूर्ण नीतियों को न्यायसंगत ठहराने के लिए उत्तर कोरिया की खराब तस्वीर पेश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अमेरिका-दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास अमेरिका के दोहरे मानदंड के प्रतीक हैं, क्योंकि वह उत्तर कोरिया की नियमित सैन्य गतिविधियों को उकसावे या धमकियों के तौर पर दिखाता है। दरअसल, वह उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षणों के संदर्भ में बात कर रहे थे। किम ने दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति यून सुक यिओल को उन्मादी बताया, जो पूर्व के दक्षिण कोरियाई नेताओं से भी आगे निकल गए हैं और कहा कि यून की रूढ़िवादी सरकार का नेतृत्व गुंडे कर रहे हैं।

## हैती में गिरोहों के बीच हिंसा बढ़ी, चर्च में आगजनी

**पोर्ट ऑ प्रिंस (एपी)।** हैती की राजधानी पोर्ट ऑ प्रिंस के बाहरी क्षेत्र में बुधवार को बड़े पैमाने पर हिंसा की घटनाएं सामने आईं जिसमें एक गिरोह के सदस्यों ने एक चर्च को आग लगा दी जबकि दूसरे गिरोह के सदस्यों ने इलाके पर कब्जा करने के लिए अपने विरोधियों को मारने का प्रयास किया। सरकार के नेशनल पैलेस और हैती के राष्ट्रीय बंदीगृह से कुछ ही दूर पर हिंसक घटनाएं हुईं जहां भूखे कैदियों ने यह सोचकर विद्रोह करने का प्रयास किया कि गिरोह के सदस्य उन्हें जेल से निकालने आ रहे हैं। सरकारी आयुक्त याक लाफोन्टेन्ट ने यह जानकारी दी।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Jagdish Rai Arneja is the owner of Entire Ground & first floor without roof rights built on Property bearing No. A-75, The Dera-Ismail Khan CHBS Ltd. known as Derawal Nagar, Delhi vide a Relinquishment Deed dated 07.08.2015, registration no. 9219 after the demise of Late Mr. Ramji Das Arneja. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to mortgage the said floors and intend to obtain a loan in the name of M/s GTG Fashion Pvt. Ltd. from our client against the said floors, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property, its mortgage /litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Public at large informed that my client Brijesh Kumar Singh S/o Sh. Tribhuvan Singh R/o JG-2/545, Vikas Puri, New Delhi-110018 has disowned / debarred his sons namely Pankaj Singh & his wife Varsha their child Samrat Singh & Second Son namely Pawan Singh from his movable & immovable properties due to their disrespectful behavior, out of control & have severed his relations with them for all intents & purposes with immediate effect. Anybody deals with them will do so at his / their own risk & responsibility.

**ASHOK KUMAR TYAGI & ASSO. (ADVOCATE)**
**A-3, Main Najafgarh Road, Uttam Nagar, ND-59**

## क्विक न्यूज

### अमेरिकी अर्थव्यवस्था में दूसरी तिमाही में 0.9 प्रतिशत की गिरावट

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अर्थव्यवस्था में चालू वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान सालाना आधार पर 0.9 प्रतिशत की गिरावट आई। यह लगातार दूसरी तिमाही है जब आर्थिक वृद्धि दर घटी है। वाणिज्य मंत्रालय के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार इससे पहले जनवरी-मार्च तिमाही में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में 1.6 प्रतिशत की गिरावट आई थी। लगातार दो तिमाहियों में जीडीपी में गिरावट मंदी का संकेत है। हालांकि, आंकड़ा अभी स्थाई नहीं है, इसमें बदलाव हो सकता है। जीडीपी में गिरावट का आंकड़ा ऐसे समय जारी किया गया है,जब बढ़ती महंगाई और कर्ज की उंची लागत के कारण उपभोक्ता तथा कंपनियां प्रभावित हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व (केंद्रीय बैंक) ने बुधवार को लगातार दूसरी बार नीतिगत दर में 0.75 प्रतिशत की वृद्धि की। हालांकि, फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल और कई अर्थशास्त्रियों ने कहा है कि अर्थव्यवस्था में कुछ नरमी जरूर है, लेकिन उन्हें मंदी को लेकर संदेह है। इसका कारण श्रम बाजार में मजबूती है। 1.1 करोड़ नई नौकरियों के अवसर उपलब्ध हुए हैं और बेरोजगारी दर 3.6 प्रतिशत है जो अपेक्षाकृत काफी कम है। पिछले साल अमेरिकी की आर्थिक वृद्धि दर 5.7 प्रतिशत रही थी।

### नीति आयोग की संचालन परिषद की बैठक सात अगस्त को, प्रधानमंत्री करेंगे अध्यक्षता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीति आयोग की संचालन परिषद की सात अगस्त को होने वाली बैठक की अध्यक्षता करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बैठक में कृषि, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था जैसे विषयों पर चर्चा होगी। संचालन परिषद नीति आयोग का शीर्ष निकाय है और सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल तथा कई केंद्रीय मंत्री इसके सदस्य होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीति आयोग के चेयरमैन हैं। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि परिषद की बैठक के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), शहरी शासन, स्वास्थ्य और फसल विविधीकरण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अर्थव्यवस्था से संबंधित मुद्दों, तिलहन, दलहन और अन्य फसलों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के मुद्दों पर भी चर्चा की उम्मीद है।

### मध्य प्रदेश ने 15, छत्तीसगढ़ ने 10 खनिज ब्लॉकों की नीलामी रद्द की

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश ने 15 खनिज ब्लॉकों की नीलामी रद्द कर दी है। वहीं छत्तीसगढ़ ने भी 10 खानों की बिक्री फिलहाल रोक दी है। बिक्री के लिए रखे गए खनिज ब्लॉकों को लेकर ठंडी प्रतिक्रिया के बाद इन राज्यों ने यह कदम उठाया है। एक सरकारी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दोनों राज्यों की तरफ से खनिज ब्लॉक की नीलामी और बिक्री उस समय रद्द की गई है जब केंद्र ने हाल में 2024 तक 500 खदानों के आवंटन की उम्मीद जताई है। अतिरिक्त खान सचिव संजय लोहिया ने उद्योग मंडल एसोचैम द्वारा भारतीय खनिज सुधारों पर एक सम्मेलन में कहा, यह भी समस्या आ रही है कि कई ब्लॉकों में राज्य सरकारों को प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है। उन्होंने इस बारे में जागरूकता पैदा करने की जरूतर पर जोर देते हुए कहा कि कंपनियों अपने परिचालन वाले राज्यों से बाहर निकलने की जरूरत है। यह दीर्घावधि में उनके लिए अच्छा होगा। गौरतलब है कि 2015 में खनिज ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया शुरू होने के बाद से बिक्री के लिए रखी गई 180 से अधिक खदानों में से पिछले वित्त वर्ष में 46 ब्लॉक की बिक्री हुई है जबकि चालू वित्त वर्ष में अब तक 36 खदानों की नीलामी की गई है।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी

भाषा। मुंबई

- सेंसेक्स 1,041 अंक की छलांग के साथ 56,800 अंक के पार



**शेयर बाजार** में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स करीब दो प्रतिशत उछलकर 56,000 अंक के पार निकल गया। वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच वित्तीय, बैंक और आईटी शेयरों में मजबूत लिवाली से बाजार में तेजी आई। कारोबारियों के अनुसार, हाल की गिरावट के बाद प्रमुख कंपनियों के साथ-साथ चुनिंदा मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली बनी हुई है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में वृद्धि के बावजूद डॉलर के मुकाबले रुपए में तेजी से भी बाजार को समर्थन मिला। अमेरिकी फेडरल रिजर्व (केंद्रीय बैंक) ने बुधवार को प्रमुख नीतिगत दर में 0.75 प्रतिशत की वृद्धि की। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 1,041.47 अंक यानी 1.87 प्रतिशत की मजबूती के साथ 56,857.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,097.9 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 287.80 अंक यानी 1.73 प्रतिशत उछलकर 16,929.60 अंक पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने अपनी टिप्पणी में आने वाले महीनों में धीमी दर से ब्याज दर बढ़ाने का संकेत दिया है। इससे शेयर बाजारों में अच्छी तेजी रही। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस सबसे अधिक 10.68 प्रतिशत चढ़ा। बजाज फिनसर्व में भी 10.14 प्रतिशत की तेजी रही। जून तिमाही के वित्तीय परिणाम आने के बाद इन कंपनियों के शेयर चढ़े। लाभ में रहने वाले अन्य शेयरों में टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा और नेस्ले शामिल हैं। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, डॉ. रेड्डीज, आईटीसी और सन फार्मा में गिरावट रही। बीएसई मिडकैप (मझोली कंपनियां) और स्मॉलकैप (छोटी कंपनियां) क्रमशः 0.94 प्रतिशत और 0.65 प्रतिशत मजबूत हुए। विभिन्न क्षेत्रों के सूचकांकों में आईटी सबसे अधिक 2.51 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा वित्तीय (2.21 प्रतिशत), प्रौद्योगिकी (2.19 प्रतिशत), रियल्टी (2.03 प्रतिशत) और बैंक (1.72 प्रतिशत) में भी तेजी रही। केवल दूरसंचार में गिरावट रही। कोटक सिक्योरिटीज लि. के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, चालू महीने के वायदा एवं विकल्प कारोबार में सौदों के निपटान के अंतिम दिन एशिया के अन्य बाजारों की तुलना में घरेलू बाजार का प्रदर्शन अच्छा रहा। इसका कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व का कदम अपेक्षा के अनुरूप है। इससे अमेरिकी बाजार में तेजी आई। इसका सकारात्मक असर घरेलू बाजार पर पड़ा और बैंक, आईटी, धातु तथा रियल्टी के शेयरों में लिवाली की गई। उन्होंने कहा, निवेशकों को लगता है कि रिजर्व बैंक भी मुद्रास्फीति में कमी को देखते हुए अगले सप्ताह मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर के मामले में कोई अप्रत्याशित कदम नहीं उठाएगा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, फेडरल रिजर्व के ब्याज दर बढ़ाने के निर्णय के बाद वैश्विक बाजारों में तेजी के रुख तथा घरेलू बाजार में बड़ी कंपनियों के तिमाही परिणाम बेहतर रहने से बाजार को समर्थन मिला। उन्होंने कहा, फेडरल रिजर्व का निर्णय अपेक्षा के अनुरूप है। साथ ही उसकी सकारात्मक टिप्पणी से मंदी की आशंका कम हुई है। उन्होंने आने वाले महीनों में धीमी गति से नीतिगत दर में वृद्धि का संकेत दिया है। इससे वैश्विक धारणा को बल मिला। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और जापान का निक्की बढ़त में रहे जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.36 प्रतिशत चढ़कर 108.1 डॉलर प्रति बैरल पर पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 26 पैसे चढ़कर 79.65 (अस्थाई) पर बंद हुआ।

# सरकार ने शुरू की 11वीं कृषि जनगणना

- पहली बार स्मार्टफोन, टैबलेट के जरिए जुटाए जाएंगे आंकड़े

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार ने** बृहस्पतिवार को 11वीं कृषि जनगणना शुरू की। इसके तहत खेती के लिए इस्तेमाल हो रही कृषि भूमि सहित विभिन्न अन्य मानकों पर आंकड़े जुटाए जाएंगे। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कृषि जनगणना का शुभारंभ किया। खास बात यह है कि पहली बार कृषि जनगणना में आंकड़ों के संग्रहण में स्मार्टफोन और टैबलेट का इस्तेमाल किया जाएगा। कृषि मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 11वीं कृषि जनगणना (2021-22) का जमीनी काम अगस्त, 2022 में शुरू होगा। इसमें कहा गया है, कृषि जनगणना हर पांच साल में की जाती है, जो अब कोरोना महामारी के कारण देरी से की जा रही है। मंत्रालय वर्ष 1970-71 से कृषि जनगणना योजना लागू कर रहा है। जनगणना का दसवां संस्करण संदर्भ वर्ष 2015-16 के साथ आयोजित किया गया था। कृषि जनगणना विभिन्न मापदंडों के बारे में जानकारी का मुख्य स्रोत है। इसमें खेती के इस्तेमाल वाले जोतों की संख्या और क्षेत्र, उनका आकार, वर्गवार वितरण, भूमि उपयोग, किराएदारी और फसल पद्धति आदि को शामिल किया जाता है। मंत्रालय ने कहा कि यह पहली बार है कि कृषि जनगणना के लिए डेटा (आंकड़े) संग्रह स्मार्टफोन और टैबलेट पर किया जाएगा ताकि ए आंकड़े समय पर उपलब्ध हो सके। अधिकांश राज्यों ने अपने भूमि अभिलेखों और सर्वेक्षणों को डिजिटल स्वरूप दे दिया है, जिससे कृषि जनगणना के आंकड़ों के संग्रह में और तेजी आएगी।

# भारत में जून तिमाही में सोने की मांग 43 फीसदी बढ़ी

- वैश्विक मांग आठ फीसदी घटीः स्वर्ण परिषद

भाषा। मुंबई

विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में अप्रैल-जून तिमाही में सोने की मांग सालाना आधार पर 43 फीसदी अधिक रही।

हालांकि मुद्रास्फीति, रुपया-डॉलर दरें और नीति संबंधी कदमों समेत कई कारक होंगे जो आगे जाकर उपभोक्ताओं की धारणाओं को प्रभावित करेंगे। डब्ल्यूजीसी की रिपोर्ट में बताया गया कि अप्रैल से जून के दौरान भारत में सोने की मांग 170.7 टन रही जो 2021 की समान अवधि की मांग 119.6 टन से 43 फीसदी अधिक है। सोने की मांग पर डब्ल्यूजीसी द्वारा जारी रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को कहा गया कि मूल्य के संदर्भ में भारत में सोने की मांग जून तिमाही में 54 फीसदी बढ़कर 79,270 करोड़ रुपए हो गई जो 2021 की समान तिमाही में 51,540 करोड़ रुपए थी। डब्ल्यूजीसी के क्षेत्रीय सीईओ (भारत) सोमसुंदरम पी आर ने पीटीआई-भाषा को बताया, अक्षय तृतीया के साथ ही वैवाहिक सीजन शुरू होने से आभूषणों की मांग 49 फीसदी बढ़कर 140.3 टन रही। उन्होंने बताया कि 2022 के लिए डब्ल्यूजीसी ने मांग परिदृश्य 800-850 टन का रखा है हालांकि आने वाले वक्त में मुद्रास्फीति, सोने की कीमत, रुपया-डॉलर दरें और नीतिगत कदम समेत अन्य कारक उपभोक्ताओं की धारणाओं को प्रभावित करेंगे। उन्होंने बताया कि 2021 में सोने की कुल मांग 797 टन थी। जून तिमाही में, भारत में सोने का पुनर्चक्रण 18 फीसदी बढ़कर 23.3 टन रहा जो पिछले वर्ष समान अवधि में 19.7 टन था। इस तिमाही में सोने का आयात भी 34 फीसदी बढ़कर 170 टन हो गया जो 2021 की समान अवधि में 131.6 टन था। रिपोर्ट के अनुसार सोने की वैश्विक मांग सालाना आधार पर आठ फीसदी घटकर 948.4 हो गई। 2021 की जून तिमाही में यह 1,031.8 टन थी। डब्ल्यूजीसी में वरिष्ठ विश्लेषक ऐमा लुईस स्ट्रीट ने कहा, 2022 की दूसरी छमाही में सोने को लेकर खतरे और अवसर दोनों ही हैं। सुरक्षित निवेश के लिहाज से सोने की मांग बनी रहने का अनुमान है लेकिन और मौद्रिक सख्ती तथा डॉलर के और मजबूत होने की चुनौतियां भी हैं।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Lt. Col. Varun Sarin S/o Lt. Col. Krishan Sarin R/o A- 41C, first floor with scooter garage DDA flat Munirka New Delhi-110067. am the owner of Flat No. A- 41C, first floor with scooter garage, DDA flats Munirka, New Delhi-110067. vide DDA's File No. F37(85)74/LAB(H). My original documents of the said Property viz. (1) Allotment cum Demand Letter (2) Possession Letter (3) NOC for Electricity & Water Connection of the said Flat have been misplaced. An Information Report of this effect has been lodge in Police Station Crime Branch, Delhi vide LR No.613110/2022 on 21/07/2022.
Any person(s) claiming any right, interest having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No.9312247907 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director, LAB(H) or Director (H)-1, D-Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi - 110023.

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that Rajiv Khanijo (25% Undivided Share), Uma (25% Undivided Share) and Ashok Kumar (50% Undivided Share) are the absolute owners of Entire First Floor without roof/terrace rights of Property No. 18, Area Measuring 555.55 Sq. Yds., Approx., on Road No. 53, situated in the approved colony known as Punjabi Bagh (West), New Delhi-110026 and whereas they are in process to sell out the same to Satpal sardana who is taking a Housing loan with the ICICI HFC
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage(equitable/ registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351

**PUBLIC NOTICE**

The public in General is hereby inform that Late Sh. P. M. Bhojwani S/o Late Sh. Murlidhar Bhojwani who was the allottee of Plot No.516, Sector- 37, Pace City-II, Sector-37, Gurugram, Haryana allottee from Haryana State Industrial and Infrastructure Development Corporation Limited (H.S.I.I.D.C.). Sh. P. M. Bhojwani expired on 19.06.2020, after his death my clients Mrs. Hari Bhojwani, Sh. Ritin Bhojwani and Sh. Rohan Bhojwani legal heirs of Late Sh. P. M. Bhojwani have applied to transfer the above said plot in their favour in three equal shares before the office of Haryana State Industrial and Infrastructure Development Corporation Limited (H.S.I.I.D.C.). If, any person having any right, title, claim or interest in the said property of any kind, shall intimate the objection in writing to the undersigned and to **Haryana State Industrial and Infrastructure Development Corporation Limited (H.S.I.I.D.C.)** at the below given address with supporting documents within 7 days from the date of publication of this notice or else any such claim by any person shall not be considered and shall be deemed to have been waived and/or abandoned and clients shall proceed to conclude the transfer of the above said plot in their name and no claim shall be entertained thereafter

**H.S.I.I.D.C Complex**
**F3XQ + F2R, Vanijya Nikunj,**
**Udyog Vihar Phase V, Gurugram,**
**Haryana 122008**

**Advocate Vishal Maan**
**Enrolment No. D/1522/2013**
**Supreme Court of India High Court of Delhi**
**Office: B-1/1641 A, Vasant Kunj**
**New Delhi - 110003**

## ट्रक की टक्कर से पलटी ट्रॉली, 12 कांवड़िए घायल

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले के अल्लाहगंज क्षेत्र में बृहस्पतिवार को ट्रक की टक्कर लगने से ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई और उसमें सवार लगभग 12 कांवड़िए जख्मी हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि कुछ कांवड़िए सुबह गंगा नदी के घटिया घाट से जल भरकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से गोला गोकर्ण नाथ जा रहे थे, तभी कटीयुली गांव के पास एक ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। इससे ट्रॉली पलट गई और उसके नीचे करीब 12 कांवड़िए दब गए। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायल कांवड़ियों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा। सूत्रों ने बताया कि घटना के बाद ट्रक का चालक फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है।

## भाजपा सांसद वरुण गांधी ने बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार से किया सवाल

**पीलीभीत।** पीलीभीत से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद वरुण गांधी ने बृहस्पतिवार को ट्वीट कर बेरोजगारी के मुद्दे पर अपनी ही सरकार से सवाल किया। गांधी ने कुछ आंकड़े टैग करते हुए ट्वीट में कहा, "ससंद में सरकार द्वारा दिए गए यह आंकड़े बेरोजगारी का आलम बयां कर रहे हैं। विगत आठ वर्षों में 22 करोड़ युवाओं ने केंद्रीय विभागों में नौकरी के लिए आवेदन दिया जिसमें से मात्र सात लाख को रोजगार मिल सका है" उन्होंने अपनी पार्टी की सरकार से सवाल करते हुए इसी ट्वीट में कहा, "जब देश में लगभग एक करोड़ स्वीकृत पद खाली हैं, तब इस स्थिति का जिम्मेदार कौन है?" वरुण गांधी विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर ट्विटर के माध्यम से सरकार से सवाल करते रहे हैं। इससे पहले उन्होंने अग्निपथ योजना तथा किसानों, बेरोजगारों आदि के मुद्दों पर भी सरकार से सवाल किए।

## मुख्तार अंसारी के करीबी की संपत्ति कुर्क करने के आदेश

**मऊ।** मऊ जिला प्रशासन ने जेल में बंद बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के एक करीबी की शहर में 83 लाख रुपए की संपत्ति कुर्क करने के आदेश जारी किए हैं। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने बृहस्पतिवार को बताया कि उन्होंने अंसारी के करीबी माने जाने वाले आनंद यादव की सदर तहसील स्थित मौजा परदहा स्थित 226.8 वर्ग मीटर जमीन की कुर्की के आदेश दिए हैं। जिला प्रशासन के अनुसार यादव ने यह जमीन अपराध द्वारा अर्जित धन से खरीद कर अपनी पत्नी मीरा देवी के नाम की थी और उसका बाजार मूल्य लगभग 83 लाख रुपए है। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत अवैध तरीके से अर्जित किए गए धन से खरीदी अथवा बनाई गई चलाअचल संपत्तियों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। कुमार ने कहा कि जिन्होंने अवैध तरीके से अर्जित धन से बड़ी संख्या में चल एवं अचल संपत्तियां खड़ी की है, उनकी पहचान की जा रही है तथा ऐसे सभी लोगों के खिलाफ भी कुर्की की कार्यवाही की जाएगी।

### नशीले पदार्थ का तस्कर मुठभेड़ में घायल

# गिरोह के पास से बीस लाख का गांजा बरामद

**मथुरा।** मथुरा जिले में कोसी कलां इलाके के कोसी कमर रोड पर पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ में नशीले पदार्थो का एक तस्कर घायल हो गया और उसके गिरोह के पास से 20 लाख रुपए से अधिक कीमत का गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), श्रीश चंद्र ने बताया कि बुधवार की रात पुलिस ने तस्करों के एक ट्रक को रोकने की कोशिश की लेकिन इसी बीच दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ छिड़ जाने से मेवात (हरियाणा) का आसिफ नामक व्यक्ति घायल हो गया, जबकि चार अन्य इरशाद, साजिद, जाहुल और मुस्तकीम को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इनके पास से 20 लाख रुपए से अधिक कीमत का 160 किलो गांजा बरामद किया, इसके अलावा एक देशी पिस्टल और कारतूस भी बरामद किए गए। पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने गांजा को पेपर रोल के नीचे छिपा रखा था।मामले में विस्तृत जांच की जा रही है।अंतरराज्र्यय तस्कर गिरोह के सरगना समेत पांच बदमाश गिरफ्तार

मथुरा। मथुरा जिले में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद नशीले पदार्थ के अंतरराज्र्यय तस्कर गिरोह के सरगना समेत पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 160 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीश चंद्र ने बताया कि बुधवार और बृहस्पतिवार की मध्य रात्रि को जब पुलिस कोसीकलां क्षेत्र में कामर रोड पर बठैन देह गांव के निकट वाहनों की तलाशी ले रही थी, तभी सामने से आ रहे एक ट्रक को जांच के लिए रोकने की कोशिश की गई। इसके बाद उसमें बैठे बदमाशों ने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्वाई में पैर में गोली लगने से आसिफ नामक एक बदमाश जख्मी हो गया। वह हरियाणा के मेवात जिले का निवासी है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आसिफ के साथियों इरशाद, साजिद, जाहुल तथा मुस्तकीम को गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाश आसिफ को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। चंद्र ने बताया कि पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से करीब 20 लाख रुपए का 160 किलो गांजा, एक ट्रक तथा अवैध शस्त्र बरामद किए हैं। ए सभी शातिर अपराधी प्रतीत होते हैं। उनके आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है।

**बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी जीजा गिरफ्तार:** बाराबंकी। बाराबंकी जिले के सफदरगंज इलाके में छह वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोप में उसके जीजा को गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक मनोज पांडेय ने बृहस्पतिवार को बताया कि सफदरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने बुधवार को दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया कि वह चार दिन पहले अपने मायके में अपनी छह वर्षीय बहन को छोड़कर किसी रिश्तेदार के घर गई थी। इस दौरान उसके पति ने उसकी छोटी बहन से मारपीट की और दुष्कर्म किया। महिला का आरोप है कि उसकी छोटी बहन बुधवार को जब उसके पास आई तो उसने अपने जीजा की हरकत के बारे में बताया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# प्रयागराज में स्कूली बच्चों के बीच गैंगवार से बढ़ीं बमबाजी की घटनाएं



**प्रयागराज।** प्रयागराज में शरारती प्रवृत्ति के स्कूली बच्चों में हीरो बनकर दूसरे बच्चों पर रौब जमाने की वजह से पिछले कुछ महीनों में बमबाजी की घटनाओं में तेजी आई है। अलग अलग स्कूलों के इन बच्चों ने सोशल मीडिया पर अपना-अपना गिरोह बनाया है। पुलिस ने यह बात कही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडेय ने कहा कि बमबाजी की घटनाओं के पीछे का उद्देश्य अपने अपने गिरोह का वर्चस्व स्थापित करना है। उनके मुताबिक ए बच्चे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का गलत ढंग से इस्तेमाल कर रहे हैं और देसी बम बनाने के लिए यूट्यूब और अन्य चैनलों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ए बच्चे इंस्टाग्राम और फेसबुक पर ग्रुप बनाकर उस पर वीडियो शेयर कर रहे हैं और दूसरों समूहों पर अपना वर्चस्व स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए स्कूल जाने वाले बच्चों के माता पिता से अपील है कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें जिससे इन्हें अपराध की दुनिया में जाने से बचाया जा सके। पांडेय ने बताया कि बमबाजी की घटनाएं करने वाले छात्रों ने इमोर्टल, तांडव और माया नाम से ग्रुप बनाया हुआ है। हाल ही में पुलिस ने बमबाजी की घटनाओं में शामिल 10 नाबालिग सहित 11 छात्रों को हिरासत में लिया। उल्लेखनीय है कि इन छात्रों द्वारा गत 15 जुलाई को महर्षि पतंजलि विद्या मंदिर पर आपसी विवाद के बाद बमबाजी की गई थी। इसके अगले ही दिन 16 जुलाई को पतंजलि ऋषिकुल विद्यालय के बाहर बम फोड़कर दहशत फैलाई गई। इसके बाद छात्र 22 जुलाई को बीएचएस के गेट के सामने बम फेंककर भाग गए। नगर के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता बाबा अभय अवस्थी ने प्रयागराज में बमबाजी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1971 में नक्सलवादी आंदोलन में फरार राजू नक्सलाइट ने प्रयागराज में लोगों को बम बनाना सिखाया। उन्होंने बताया कि धीरे-धीरे बम बनाने की विधा इस नगर में फैलती रही और धीरे धीरे यह शरारती स्कूली बच्चों में फैल गई। उनके अनुसार सन्- 1971 से पहले यहां चाकूबाजी चलती थी, लेकिन बमबाजी से बदमाश अपराध जगत में हीरो बन जाते हैं। अवस्थी ने बताया कि बम बनाने में गंधक, पोटाश और मैंसल का उपयोग किया जाता है और ए सामग्री बड़ी आसानी से उपलब्ध है।

## दहेज हत्या के मामले में सास को उम्रकैद

**बलिया।** बलिया जिले की एक अदालत ने दहेज हत्या के आठ साल पुराने एक मामले मे विवाहिता की सास को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन विभाग के संयुक्त निदेशक सुरेश पाठक ने बृहस्पतिवार को बताया कि जिले के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली गुड़िया सोनी का विवाह रसड़ा कस्बे के दिनेश चंद्र सोनी के साथ पांच दिसंबर 2006 को हुआ था। शादी के बाद से ही सोनी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा था। उसकी 14 नवंबर 2014 को जलाकर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में सोनी के पिता की तहरीर पर उसके पति दिनेश चंद्र सोनी और सास आशा देवी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता और दहेज प्रताड़ना अधिनियम की सुसंगत धाराओं मे नामजद मुकदमा दर्ज किया गया था। पाठक ने बताया कि जिला न्यायाधीश प्रशांत बिलगैयो की अदालत ने बुधवार को दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद सास आशा देवी और पति दिनेश चंद्र सोनी को दोषी करार देते हुए आशा को आजीवन कारावास और दिनेश को तीन साल के कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने महिला की सास पर 25 हजार रुपए का जुर्माना और दिनेश पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

## शिक्षिका से बलात्कार और अपहरण के आरोप में विद्यालय प्रबंधक के पति पर मुकदमा

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में एक विद्यालय की प्रबंधक के पति के खिलाफ शिक्षिका से बलात्कार और उसका अपहरण करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) संजीव बाजपेई ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट के हवाले से बताया कि तिलहर क्षेत्र में एक विद्यालय की प्रबंधक सुनीता के पति वीरेश शर्मा अपने ही विद्यालय में पढ़ाने वाली 22 वर्षीय शिक्षिका को किसी काम से शाहजहांपुर ले गया और वहां एक होटल में शिक्षिका से दुष्कर्म किया तथा इस घटना का वीडियो बना लिया। उसने महिला को धमकी दी कि अगर उसने इस घटना के बारे में किसी को बताया तो वह वीडियो प्रसारित कर देगा। उसने महिला को जान से मारने की भी धमकी दी। उन्होंने बताया कि शिक्षिका ने आरोप लगाया है कि शर्मा ने वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर कई बार उसका यौन शोषण किया। बाजपेई ने बताया कि शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पीड़िता ने दो दिन पहले अपने परिजनों को आपबीती सुनाई और जब वे शिकायत करने गए तो आरोपी ने उन्हें धमका कर वापस भेज दिया। इसके बाद बुधवार देर रात मुकदमा दर्ज कराया गया, लेकिन आरोप है कि इसका पता लगाने पर आरोपी ने पीड़िता का उसके घर से अपहरण करवा लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी वीरेश शर्मा के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार), 366 (अपहरण) और 506 (जान से मारने की धमकी देने) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की भी तलाश की जा रही है।

# एटा में प्राचीन मंदिर से लाखों की चोरी

**एटा।** एटा जिले के सकरौली क्षेत्र में चोर एक प्राचीन मंदिर से चढ़ावे की रकम और करीब डेढ़ क्विंटल के पीतल के घंटे चोरी कर ले गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी जलेसर इरफान खान ने बृहस्पतिवार को बताया कि सकरौली थाना क्षेत्र के इसौली गांव में बुधवार देर रात को चोरों ने प्राचीन बन खंडेश्वर मंदिर से चढ़ावे की रकम और करीब डेढ़ क्विंटल के पीतल के घंटे की चोरी कर ली और मूर्तियों को भी उनके स्थान से हटा दिया। चोरी गई संपत्ति की कीमत कई लाख रुपए बताई जाती है। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक सावन के इस माह चोरी गई संपत्ति की कीमत कई लाख रुपए बताई जाती है। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक सावन के इस माह में मंदिर पर भक्त जनों की भीड़ रहती है और काफी चढ़ावा भी चढ़ाया जाता है। पिछले सोमवार के बाद पूजा-अर्चना करके मंदिर को बंद किया गया था। उसके बाद चोरों ने बुधवार रात किसी समय मौका पाकर चढ़ावे की धनराशि और मंदिर के घंटे तथा कुछ अन्य कीमती सामानों की चोरी कर ली। खान ने बताया कि ग्राम प्रधान कुंती देवी की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

## बिजलीकर्मी से मारपीट के आरोपी सपा विधायक के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**बदायूं।** बदायूं की बिसौली सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक आशुतोष मौर्य के खिलाफ बिजली घर में घुसकर एक अधिकारी से मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ओ. पी. सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि बिसौली कोतवाली पुलिस ने सपा विधायक द्वारा 27 अप्रैल को बिसौली क्षेत्र के कस्बा स्थित बिजलीघर में उपकेंद्र ऑपरेटर अभिषेक मिश्रा के साथ मारपीट करने और दस्तावेजों को फाड़ने के मामले की जांच की जिसके बाद पुलिस ने उनके (सपा विधायक) खिलाफ बुधवार को अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। उल्लेखनीय है कि बिजली कटौती के मामले को लेकर सपा विधायक आशुतोष मौर्य 27 अप्रैल 2022 की रात अपने समर्थकों के साथ कोतवाली बिसौली क्षेत्र के कस्बा स्थित बिजलीघर पहुंचे थे। नाराज विधायक ने बिजली सब स्टेशन पर मौजूद उपकेंद्र ऑपरेटर अभिषेक मिश्रा की पिटाई की थी और कुछ सरकारी दस्तावेज भी फाड़ कर फेंक दिए थे। ऑपरेटर के एक सहकर्मी ने इस घटना का वीडियो बना लिया था। बाद में उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मिश्रा की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर विधायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

## घरेलू कलह के चलते ट्रक चालक ने दी जान

**बरेली।** पत्नी से हुए झगड़े के बाद ट्रक चालक ने कीटनाशक पी लिया इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।बदायूं से उझानी थाना क्षेत्र के गांव सरोता निवासी अवनीश कुमार पुत्र राजवीर सिंह की बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि अवनीश बरेली के भुता थाना क्षेत्र के कुआं टांडा इलाके में ट्रांसपोर्ट पर काम करता था और वहीं पर ट्रक चलाता था कल दिन में वह अपने घर छुट्टी लेकर वापस आया था जहां उसका अपनी पत्नी रेनू से किसी बात को लेकर विवाद हो गया गुस्साए अवनीश के घर में रखा कीटनाशक पी लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई पता चलने पर घर वालों ने उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और हालत नाजुक देख इलाज लिए बरेली ले आए यहीं पर देर रात उसने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आकर किसान की मौत,बेटा घायल

**बरेली।** बेटे के साथ खेत पर चारा काटने गए किसान की ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार टूटकर गिरने से मौत हो गई जबकि उसका बेटा बुरी तरह झुलस गया पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और बेटे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया ।बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव रजऊ परसपुर निवासी 42 वर्षीय वीरेंद्र पुत्र रामस्वरूप कि कल शाम गांव के पास ही अपने खेत पर चारा काटते समय हाईटेंशन तार की चपेट में आकर मौत हो गई जबकि उसका बेटा अतुल बुरी तरह झुलस गया पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि वीरेंद्र कल शाम को अपने बेटे अतुल के साथ खेत पर चारा काटने के लिए गया था जहां पर ऊपर से गुजर रहा हाईटेंशन तार टूट कर खेत में गिर पड़ा और चारा काट रहे वीरेंद्र व बेटा करंट की चपेट में आ गए पास के खेतों में काम कर रहे लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्होंने किसी तरह तार को वहां से हटा दिया लेकिन तब तक बीरेंद्र की मौत हो चुकी थी।

**दवा लेने जा रहे बुजुर्ग की दुर्घटना में मौत:**बरेली । मोटरसाइकिल पर दवा लेने जा रहे एक बुजुर्ग कि रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।फरीदपुर थाना क्षेत्र के गुलाब नगर निवासी 65 वर्षीय राधा कृष्ण शर्मा पुत्र श्याम बिहारी लाल कि बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे कल शाम घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि राधा कृष्ण कल दिन में मोटरसाइकिल से दवा लेने के लिए बरेली शहर जाने को घर से निकले थे लेकिन कुछ कुछ दूर चलने के बाद पीछे से आ रहा है किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजकर घरवालों को सूचना दे दी इलाज के दौरान देर रात राधा कृष्ण ने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

**ट्रेन की चपेट में आकर युवक की जान गई:** बरेली । रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।बिशारतगंज थाना क्षेत्र के गांव मसर्रत पुर निवासी 20 वर्षीय वीरेंद्र शर्मा पुत्र राजपाल शर्मा कि कल शाम ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि विरेंद्र शर्मा कल शाम को एटीएम से रुपए निकालने की बात कहकर घर से बाहर निकला गया था लेकिन गांव के पास ही जब वह रेलवे लाइन पार कर रहा था तभी अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई गांव वालों ने उसकी लाश को रेलवे लाइन पर देखा और घरवालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दे दी जो मौके पर पहुंची और शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी ।

**सिंध नदी में नहाने गया किसान पानी के तेज बहाव में बह गया:**रामपुरा (जालौन)। बुधवार को रिठौरा गांव में उस दौरान कोहराम मच गया जब ग्रामीणों को पता चला कि गांव का ही 45 वर्षीय किसान सिंध नदी को पार कर अपने गांव आ रहा था लेकिन बीच नदी में पहुंचने पर पानी के तेज बहाव में बह गया। आनन फानन में ग्रामीणों ने रामपुरा थाना पुलिस को सूचना दी जिस पर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों को नदी में उतारकर पानी में बहे किसान की खोजबीन शुरू करा दी। लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसकी कोई जानकारी नहीं मिल पायी थी।मिली जानकारी के अनुसार रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम रिठौरा निवासी गुड्डू उर्फ ब्रजेश पुत्र रामप्रकाश उम्र 45 वर्ष गांव के पास से निकली सिंध नदी से तैरते हुए गांव की तरफ आ रहा था तभी अचानक नदी का बहाव बढ़ गया जिससे वह पानी के तेज बहाव में नदी में बह गया।

# चौकीदारों के संग एसपी ने पी चाय



**संतकबीरनगर।** पुलिस कप्तान सोनम कुमार ने बृहस्पतिवार की देर शाम थाना कोतवाली खलीलाबाद अंतर्गत ग्राम नगवा में पहुंचकर ग्राम प्रहरी अजमत अली व ग्रामसभा अनई के ग्राम प्रहरी माशा अल्लाह से उनके आम समस्या व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत चाय पर चर्चा की गई । एसपी ने चौकीदारों को संबोधित करते हुए बताया गया कि गांव के रक्षक के रुप में ग्राम प्रहरी की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है । पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा ग्राम प्रहरियों को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों को बताया गयाए गांव में घटित होने वाली घटनाओं एवं छोटी छोटी सूचनाओं को वे बेहतर एवं त्वरित रुप से अपने थाने पर दे सकते हैं । इस चर्चा का प्रमुख उद्देश्य पुलिस का ग्राम प्रहरियों से बेहतर तालमेल हो सके जिससे कि उनकी उपयोगिता कानून एवं शांति व्यवस्था में लाई जा सके । पुलिस अधीक्षक ने ग्राम प्रहरियों को मिष्ठान वितरित किया गया । गोष्ठी के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन राजीव कुमार यादवए प्रशिक्षणाधीन क्षेत्राधिकारी सुश्री दीपांशी राठौरए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद विजय नारायण प्रसादए पीआरओ एसपी अमित कुशवाहा उपस्थित रहे ।

### ग्रामीण क्षेत्रो के सूचनाओं में है ग्राम पहरियों की महत्वपूर्ण भूमिका

# राष्ट्रपति का अपमान बर्दाश्त नहीं



**बाँदा।** जनपद की महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष वंदना गुप्त ने कहा कि राष्ट्रपति का अपमान देश बर्दाश्त नहीं करेगा। कांग्रेस नेता की टिप्पणी के विरोध में आज संसद परिसर में पार्टी के सभी मंत्रियों एवं सांसदों के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया एवं अधीर रंजन द्वारा दिये गए वक्तव्य पर माफी मांगने की मांग भी की गयी। आप सभी बहनो को भी अपने अपने जिले में कॉंग्रेस पार्टी और श्रीमती सोनिया गांधी एवं अधीकररंजन के विरोध में प्रदर्शन करना है।

इसीक्रम मेंआज अशोक लाट बांदा में मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए अधीर रंजन चौधरी का पुतला फुंका भाजपा महिला मोर्चा की बहनों ने अपने अपने चप्पल जूतियां उतार कर मारा यह चेतावनी दिया आप हमारी आदिवासी दोपदी मुर्मू जी सदन में माफी मांगे से में भाजपा पार्टी के पदाधिकारियों के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया एवं भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं का कहना है की अधीर रंजन द्वारा दिये गए वक्तव्य पर माफी मांगने की मांग भी की गयी। आप सभी बहनो को भी अपने अपने जिले में कॉंग्रेस पार्टीए श्रीमती सोनिया गांधी एवं अधिरंजन जी के विरोध में प्रदर्शन किया गया वंदना गुप्ता महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा बांदा जिले प्रभारी कमलावती सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह जी भाजपा महामंत्री अखिलेश नाथ जी कल्लू सिंह राजपूत जी विवेकानंद जी क्षेत्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद शुक्ला जी धीरेंद्र सिंह गौतम जी। अर्चना शुक्ला हेमलता वर्मा मंजू देवी उमा उमा दीक्षित रूपा चौहान शकुंतला खेंगर रागिनी शिवहरे धीरेंद्र सिंह संतोष राजपूत लखन राजपूत विवेक त्रिपाठी सपना चौहान अतुल मनीष रैकवार पंकज रैकवार आदि उपस्थित रहे।

## छह बच्चों का पिता लड़की को लेकर फरार

**बांदा।** जनपद में एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया ह। छह बच्चों का पिता लड़की को लेकर हुआ फरार जसपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में 6 बच्चों का पिता गांव की ही कुंवारी लड़की को लेकर फरार हो गया जिससे पीड़िता पत्नी न्याय के लिए दर.दर भटक रही। आपको बता दें कि पूरा मामला जसपुरा थाना क्षेत्र के झंझरी गांव का है जहां की रहने वाली पीड़िता सुशीला पत्नी राजू ने आरोप लगाते हुए बताया कि वह अपने घर में परिवार के साथ रहती है जिसके 6 बच्चे हैं दो लड़के चार लड़कियां हैं जिनमें से एक पुत्री की शादी कर दिया है जिसका पति राजू पुत्र मलखान निवासी झंझरी दिनांक 16ध07ध् 2022 को प्रातः समय लगभग 7रू00 बजे गांव की ही आरती पुत्री फूलचंद निषाद को भगा कर अपने साथ ले गया है जिससे वह न्याय के लिए दर.दर भटक रहे हैं पीड़िता के पति द्वारा आरती को भगा ले जाने से पीड़िता को बच्चों का पालन पोषण करने की समस्या हो रही हैं जब भी पीड़िता इस संबंध में अपने पति से बात करती है तो फोन पर जान से मारने की धमकी दी जाती है। पीड़िता जिसकी शिकायत लेकर जसपुरा थाने गई थी वहां पर तैनात पुलिस द्वारा महिला के साथ बदतमीजी की गई और उसे कहा गया कि क्या बुड्ढे कभी प्यार नहीं करते और डांट कर वहां से भगा दिया। जब से पीड़िता अपने बच्चों को लेकर न्याय के लिए दर.दर भटक रही है जब पूरे मामले की जानकारी जसपुरा थाना प्रभारी से ली गई तो उनके द्वारा बताया गया कि किसी ने अभी तहरीर नहीं दी है। इस मामले में जब पुलिस अधीक्षक बांदा अभिनंदन सिंह जी से बात की गई तो उन्होंने बताया के अभी इस घटना का संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई और घटना की जांच की जा रही है मेरे आदेशानुसार इनको पकड़ने के लिए सर्विलांस के जरिए स चार टीमें बनाई गई हैं कई स्टेट में भेजी गई हैं जैसे भी पकड़ आती है उनके परिजनों को बुलाकर सुलह समझौते का प्रयास किया जाएगा वरना ना मानने की दशा में इन्हें कानूनी धारा के तहत अदालत में बयान कराने के बाद महिला को नारी निकेतन और पुरुष को जेल भेजा जाएगा यदि परिजनों के साथ जाना चाहते हैं तो कानूनी प्रक्रिया पूरी कराने के बाद उन्हें परिजनों के पास भेजा जा सकता है लेकिन पुरुष को सीधे जेल भेजा जाएगा।

## संभल में शिक्षक ने छह साल की बच्ची से किया दुष्कर्म,गिरफ्तार

**संभल।** जिले में एक शिक्षक को कथित तौर पर छह वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि संभल थाना क्षेत्र में एक महिला ने आरोप लगाया कि मंगलवार को उसकी छह वर्षीय बेटी के साथ, दीनी तालीम देने वाले उवैश नामक युवक ने मस्जिद के पास बने अपने कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया। महिला ने बुधवार को पुलिस को तहरीर दी, महिला की तहरीर पर आरोपी उवैश के खिलाफ मामला दर्ज उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# राष्ट्रमंडल खेल का रंगारंग आगाज







बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के उद्घाटन अवसर पर प्रदर्शन करती जिम्नास्ट, बेटन को संभालते अधिकारी व नृत्य करती डांसर

# ये दिल मांगे मोर के साथ उतरेगा भारत



## राष्ट्रमंडल खेल हॉकी : विश्व कप को भुलाकर तोक्यो ओलंपिक से सबक लेकर उतरेगी भारतीय महिला टीम

**भाषा ।** बर्मिंघम

**विश्व कप** में लचर प्रदर्शन के गम को भुलाते हुए भारतीय महिला हॉकी टीम राष्ट्रमंडल खेलों में बृहस्पतिवार को घाना के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत बड़े अंतर से जीत के साथ करना चाहेगी। भारतीय टीम को पूल ए में मेजबान इंग्लैंड, कनाडा, वेल्स, घाना के साथ रखा गया है जबकि आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, स्कॉटलैंड और कीनिया पूल बी में हैं। पुरूष टीम की तरह भारतीय महिला टीम भी गोल्ड कोस्ट में हुए पिछले राष्ट्रमंडल खेलों से खाली हाथ लौटी थी। कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में इंग्लैंड ने उसे 6-0 से हराया था। हाल ही में स्पेन और नीदरलैंड में हुए विश्व कप में भारतीय टीम निराशाजनक नौवे स्थान पर रही थी। कोच यानेके शॉपमैन की टीम यह साबित करना चाहेगी कि इन नतीजों के बावजूद उनकी टीम इससे कहीं बेहतर है।

## भारतीय खिलाड़ियों का कार्यक्रम









**तैराकी** : कुशाग्र रावत - 400 मीटर फ्री स्टाइल हीट (दोपहर 3:00 बजे),आशीष कुमार सिंह - 100 मीटर बैकस्ट्रोक एस9 हीट (दोपहर 3:00 बजे),साजन प्रकाश - 50 मीटर बटरफ्लाई हीट (दोपहर 3:00 बजे),श्रीहरि नटराज - 100मी बैकस्ट्रोक एच (दोपहर 3:00 बजे),कुशाग्र रावत - (अगर क्वालीफाई कर लिया) - 400 मीटर फ्रीस्टाइल फ़ाइनल (रात 11:30 बजे),आशीष कुमार सिंह - (अगर क्वालीफाई कर लिया) - 100 मीटर बैकस्ट्रोक एस9 फाइनल (रात 11:30 बजे),साजन प्रकाश - (अगर क्वालीफाई कर लिया) - 50 मीटर बटरफ्लाई सेमी (रात 11:30 बजे),श्रीहरि नटराज - (अगर क्वालीफाई कर लिया) - 100 मीटर बैकस्ट्रोक सेमी (रात 11:30 बजे) **मुक्केबाजी** : शिव थापा : पुरूष 63.5 किग्रा, राउंड 32 (शाम 4:30 बजे),सुमित कुंडु : पुरूष 75 किग्रा, राउंड 32 (शाम 4:30 बजे),रोहित टोकस : पुरूष 67 किग्रा, राउंड 32 (रात 11:00 बजे),आशीष चौधरी : पुरूष 80 किग्रा, राउंड 32 (रात 11:00 बजे) जिमनास्टिक्स : योगेश्वर, सत्यजीत, सैफ - पुरूष व्यक्तिगत और टीम क्वालीफाइंग (रात।:30 बजे), पुरूष टीम फाइनल : (अगर क्वालीफाई कर लिया) (रात 10:00 बजे)**हॉकी** : भारत बनाम घाना : महिला ग्रुप चरण (शाम 6.30 बजे) लॉन बॉल्स : नयानमोनी - महिला एकल (दोपहर 1.00 बजे) दिनेश, नवनीत, चंदन - पुरूष ट्रिपल्स (दोपहर 1.00 बजे) सुनील, मृदुल - पुरूष पेयर दौर। (शाम 7.30 बजे), रूपा, तानिया, लवली - महिला फोर दौर। (शाम 7.30 बजे) स्क्वाश : सौरव, रमित, अभय - राउंड 64 (शाम 4.30 बजे),जोशना, सुनैना, अनहत - राउंड 64 (शाम 4.30 बजे),पुरूष एकल : राउंड 64 (रात 10.30 बजे),महिला एकल : राउंड 64 (रात 10.30 बजे), **टेबल टेनिस** : टेबल टेनिस:पुरूष टीम - क्वालीफाइंग दौर। (दोपहर 2:00 बजे),महिला टीम- क्वालीफाइंग दौर। (दोपहर 2:00 बजे),पुरूष टीम- क्वालीफाइंग दौर 2 (रात 8:30 बजे),महिला टीम- क्वालीफाइंग दौर 2 (रात 8:30 बजे),ट्रैक साइक्लिंग: विश्वजीत, नमन, वेंकप्पा, अनंत, दिनेश- पुरूष टीम परसुईट क्वालीफिकेशन (दोपहर 2:30 बजे) मयूरी, त्रियशा, शुशिकला- महिला टीम स्प्रिंट क्वालीफिकेशन (दोपहर 2:30 बजे),रोजित, रेनाल्डो, डेविड, एसो- पुरूष टीम स्प्रिंट क्वालीफिकेशन (दोपहर 2:30 बजे),पुरूष टीम परसुईट फाइनल (अगर क्वालीफाई कर लिया) (रात 8:30 बजे),महिला टीम स्प्रिंट फ़ाइनल (अगर क्वालीफाई कर लिया) (रात 8:30 बजे),पुरूष टीम स्प्रिंट फ़ाइनल (अगर क्वालीफाई कर लिया) (रात 8:30 बजे) ट्रायथलॉन: आदर्श, विश्वनाथ - पुरूष फाइनल (दोपहर 3:30 बजे) संजना, प्रज्ञा- महिला फाइनल (शाम 5:30 बजे)

## सरकार ने फीफा अंडर–17 महिला विश्व कप की मेजबानी का समर्थन किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस साल के आखिर में भारत में होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी केलिए अपना समर्थन व्यक्त किया है। यह टूर्नामेंट 11 से 30 अक्टूबर तक तीन शहरों भुवनेश्वर, गोवा और मुंबई में आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के कार्यवाहक महासचिव सुनंदो धर ने कहा, हम सरकार के समर्थन के लिए बहुत आभारी है

## सैन मैरिनो के खिलाड़ी ने 50 साल की उम्र में जीता डेविस कप मैच

**बाकू** सैन मैरिनो के डोमिनिको विसिनी डेविस कप मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए है। विसनी अभी 50 साल के है और सितंबर में वह अपना 51वां जन्मदिन मनाएंगे।विसिनी और उनके युगल जोड़ीदार मार्को डी रॉसी ने बुधवार को ग्रुप चार के मैच में अल्बानिया के मार्टिन मुएदिनी और मारियो जिली को 6-3, 7-6 से हराया। यह विसिनी का अपने 24वें डेविस कप टूर्नामेंट में कुल मिलाकर 99वां मैच था।

## भारतीय हरफनमौला पूजा वस्त्राकर ब्रिसबेन हीट से जुड़ी

**ब्रिसबेन।** हरफनमौला पूजा वस्त्राकर महिला बिग बैश लीग के आगामी सत्र के लिए ब्रिसबेन हीट टीम से जुड़ गई है। ब्रिसबेन हीट से जुड़ने वाली वह तीसरी भारतीय महिला क्रिकेटर है। स्मृति मंधाना और पूनम यादव इस टीम केलिए खेल चुकी है। ब्रिसबेन हीट के मुख्य कोच एशले नोफके ने क्लब की वेबसाइट पर जारी एक बयान मे कहा , पूजा शानदार खिलाड़ी है। वह तेज रफ्तार से गेंदबाजी करती है और बल्लेबाजी में निचले क्रम पर चौके छक्के लगाने मे माहिर है।

## चार बार के चैम्पियन फार्मूला वन ड्राइवर वेटल सत्र के आखिर में संन्यास लेंगे

**बुडापेस्ट।** चार बार के फॉर्मूला वन (एफवन) चैंपियन सेबेस्टियन वेटल अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के लिए सत्र के आखिर में संन्यास लेंगे। जर्मनी के इस एफवन ड्राइवर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वेटल ने रेड बुल टीम के साथ 2010 से 13 तक चार बार एफवन खिताब जीता। उन्होंने अपनी आखिरी रेस 2019 मे फेरारी के लिए दर्ज की थी। मौजूदा सत्र में वह एस्टन मार्टिन टीम मे है और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन छठा स्थान रहा है।

## बीसीसीआई भारतीय क्रिकेटरों को विदेशी लीग में भाग लेने की अनुमति दे: गिलक्रिस्ट

**मुंबई।** आस्ट्रेलियाई महान विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट ने गुरुवार को कहा कि वह चाहते है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अपने क्रिकेटरों को देश से बाहर टी20 लीग में भाग लेने की अनुमति दे। अभी बीसीसीआई भारतीय खिलाड़ियों को विदेश की टी20 लीग जैसे आस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में भाग लेने की अनुमति नही देता ताकि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की विशिष्टता बरकरार रहे। गिलक्रिस्ट ने पत्रकारों से कहा, यह शानदार होगा (अगर भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी टी20 लीग मे खेलने की अनुमति दी जाए), मै व्यक्तिगत रूप से महसूस करता हूं कि इससे आईपीएल की चमक फीकी नही होगी।

# बर्मिंघम में भिंडी मसाला से खुश हुए भारतीय एथलीट



**भाषा।** बर्मिंघम

**भारतीय एथलीट** यहां बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान खेल गांव की किचन में भिंडी मसाला की सब्जी देखकर हैरान हो गए और उन्हें भले ही तीन अलग अलग खेल गांव में रखा गया हो लेकिन वे घर जैसा महसूस कर रहे हैं। खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों को भले ही बर्मिंघम में तीन अलग अलग खेल गांव में रखा गया हो लेकिन जिमनास्टिक कोच अशोक मिश्रा का कहना है कि यहां घर जैसा महसूस हो रहा है। मिश्रा ने पीटीआई से कहा, यह ऐसा महसूस हो रहा है जैसे हम भारत में हैं। भारतीय मूल के कई लोग यहां सुरक्षा अधिकारी, स्वयंसेवक और खानसामा के तौर पर काम कर रहे हैं। पिछले दिन खानसामा ने हमारे लिए भिंडी मसाला बनाकर हमें हैरान कर दिया और हमारे खिलाड़ियों ने इसका लुत्फ उठाया। हम घर जैसा महसूस कर रहे हैं। वहीं खेल गांव में समलैंगिक समुदाय के लिए मुद्दों पर चर्चा करने और अभिव्यक्त करने के लिए माहौल बनाया जा रहा है। ब्रिटेन के डाइविंग स्टार टॉम डाले ने सार्वजनिक रूप से एक अन्य पुरूष के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की है और वह मशाल उठाने वालों में शामिल थे और कुछ इसे इसे समग्रता की ओर उठाए गए कदम की तरह देख रहे हैं। राष्ट्रमंडल सदस्यों में से आधे देशों में समान लिंग रिश्ते के खिलाफ कानून हैं लेकिन डाले ने कहा, हम देशों में कानून बदलने नहीं जा सकते लेकिन हम लोगों के लिए सुरक्षित माहौल में मुद्दों पर चर्चा के लिए मौके बना सकते हैं। उन्होंने कहा, जब भी हमें अपने मूल्यों के बोर में बात करने का मौका मिलता है, हमें ऐसा करना चाहिए। सीजीएफ अध्यक्ष डेम लुसे मार्टिन ने कहा, हम सभी का बराबरी से देखते हैं, हम लिंग नहीं देखते, हम जाति और रंग नहीं देखते।

## हरमनप्रीत राष्ट्रमंडल खेलों के पहले आक्रामकता की आवश्यकता पर जोर दिया

**बर्मिंघम।** भारतीय महिला क्रिकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर चाहती है कि टीम की खिलाड़ियो मे उस तरह की आक्रामकता विकसित हो जैसा कि अतीत की चैंपियन टीमों मे रहा है। भारतीय टीम अब भी विश्व विजेता बनने की क्षमता से दूर है, लेकिन राष्ट्रमंडल खेलो के लिए यहां आए सभी खिलाड़ियों ने पिछले महीने श्रीलंका दौरे के दौरान ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर के सुझाव पर अमल किया है। श्रीलंका दौरे पर सभी प्रारूप की कप्तानी की शुरुआत करने वाली हरमनप्रीत का मानना है कि जब मनोबल कम हो तब आक्रामक रवैए की अधिक आवश्यकता होती है। भारतीय कप्तान ने कहा, श्रीलंका दौरे पर खिलाड़ियो के साथ बैठक के दौरान मैने पूछा था कि वे किस अंदाज मे खेलना चाहते है। पूजा ने तब मारक क्षमता को लेकर अच्छा जवाब दिया था। हरमनप्रीत ने राष्ट्रमंडल खेलो में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम के शुरुआती मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हम अभ्यास और खेल के दौरान उस पर काम कर रहे है।

## दूसरे देशों की तुलना में भारतीय एथलीटों को संतुष्ट करना मुश्किल : खन्ना

**बर्मिंघम।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खन्ना ने गुरुवार को लवलीना बोरगोहेन की कोच संध्या गुरुंग के विवाद का जिक्र करते हुए कहा कि बहु-खेल स्पर्धाओ के दौरान भारतीय एथलीटो की जरूरतो को पूरा करना दूसरों की तुलना मे थोड़ा अधिक कठिन होता है। राष्ट्रमंडल खेलो 2022 के लिए बर्मिंघम पहुंचने के बाद बोरगोहेन ने आरोप लगाया था कि गुरुंग सहित उनके दूसरे कोच को अधिकारियों से लगातार उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है जिससे उनकी तैयारी मे बाधा आ रही है। भारतीय एथलीटो की जरूरतो को पूरा कर संतुष्ट करना दूसरों की तुलना मे थोड़ा कठिन है क्योंकि वे जल्दी प्रतिक्रिया दे देते है।

# निकहत और लवलीना को आसान ड्रा



**बर्मिंघम।** विश्व चैम्पियन निकहत जरीन और मौजूदा ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन को यहां राष्ट्रमंडल खेलो की महिला मुक्केबाजी स्पर्धा के अपने वर्ग के शुरूआती मुकाबले में आसान ड्रा मिला है। निकहत महिलाओं के 48-50 किग्रा लाइट फ्लाईवेट वर्ग में अपना अभियान रविवार को मोजांबिक की हेलेना इस्माइल बागाओ के खिलाफ शुरू करेंगी। जीत के बाद भी वह क्वार्टरफाइनल में एक और आसान प्रतिद्वंद्वी वेल्स की हेलेन जोंस के खिलाफ रिंग मे उतरेंगी। लवलीना अपने लाइट मिडिलवेट (66-70 किग्रा) वर्ग मे शनिवार को न्यूजीलैंड की अरियाने निकोलसन के सामने होंगी और इसमे जीत के बाद वह क्वार्टरफाइनल मे गोल्ड कोस्ट की रजत पदक विजेता वेल्स की रोसी एसेल्स के सामने होंगी जिन्हे पहले दौर मे बाई मिली है। लाइटवेट (57-60 किग्रा) वर्ग मे जैसमीन को पहले दौर मे बाई मिली है जिससे वह सीधे क्वार्टरफाइनल मे ही रिंग मे उतरेंगी।

## 2026 खेलों से पहले निशानेबाजी को फिर से शामिल करने की उम्मीद

**बर्मिंघम।** भारतीय निशानेबाजी जगत को कुछ राहत देते हुए राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कैटी सैडलेर ने गुरुवार को इस खेल को विक्टोरिया मे 2026 चरण से पहले अपने कार्यक्रम मे फिर से शामिल किए जाने का भरोसा जताया। भारत सामान्य तौर पर राष्ट्रमंडल खेलो मे निशानेबाजी के साथ कुश्ती मे भी काफी पदक जीतता है। हालांकि आस्ट्रेलिया के विक्टोरिया मे होने वाले खेलो के लिए 16 खेलो की शुरूआती सूची मे निशानेबाजी को शामिल नही किया गया है।

## पाकिस्तान को दूसरे टेस्ट में हराकर श्रीलंका ने दो मैचों की श्रृंखला बराबर की

**गॉल ( श्रीलंका )।** श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन गुरुवार को यहां पाकिस्तान को 246 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला को।–।से बराबर कर ली। पाकिस्तान को चौथी पारी में जीत के लिए 508 रन का लक्ष्य मिला था लेकिन टीम एक सत्र बाकी रहते 261 रन पर आउट हो गई। बारिश और खराब रोशनी के कारण चौथे दिन का खेल समय से पहले रोकना पड़ा था लेकिन गुरुवार को पांचवें दिन क्षेत्ररक्षकों ने श्रीलंका के गेंदबाजों का शानदार तरीके से साथ दिया टीम बड़े अंतर से मैच जीतने में सफल रही। बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने अपने तीसरे टेस्ट मैच में भी प्रभावित करना जारी रखा।

# क्लीन स्वीप युवा टीम के लिए अच्छा संकेत : द्रविड़



**भाषा।** पोर्ट आफ स्पेन

**भारतीय कोच** राहुल द्रविड़ ने हाल ही में वेस्टइंडीज को वनडे श्रृंखला में 3 -0 से हराने वाली युवा टीम के पेशेवरपन की तारीफ की है। शिखर धवन पहले भारतीय कप्तान बन गए जिनकी अगुवाई में टीम ने वेस्टइंडीज का उसकी सरजमीं पर सूपड़ा साफ किया। द्रविड़ ने आखिरी वनडे के बाद ड्रेसिंग रूम में कहा , हम एक युवा टीम के साथ यहां आए थे। इंग्लैंड में श्रृंखला खेलने वाले अधिकांश खिलाड़ी यहां नहीं थे लेकिन आप सभी ने उम्दा प्रदर्शन किया। तीनों मैचों में जबर्दस्त पेशेवरपन दिखाया। कुछ मुकाबले करीबी रहे और ऐसे मैचों में जीत दर्ज करना एक युवा टीम के लिए अच्छा संकेत है। द्रविड़ ने कप्तान धवन की तारीफ करते हुए कहा , शिखर ने उम्दा कप्तानी की। आप सभी को शानदार प्रदर्शन के लिए शाबासी। धवन ने कहा कि युवा टीम आगे जाकर और सफलता हासिल कर सकती है।

## युवा टीम ने जज्बा दिखाया, चुनौती को अवसरों में बदला : धवन

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** शिखर धवन ने कहा कि एक कप्तान जिस तरह का संपूर्ण प्रदर्शन चाहता है भारतीय खिलाड़ियो ने वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला मे उसी तरह का प्रदर्शन किया और युवा खिलाड़ियो ने अपना जज्बा दिखाकर चुनौती को अवसरों मे बदला। धवन ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने पूरी श्रृंखला में जिस तरह से प्रदर्शन किया उससे मुझे टीम पर गर्व है। प्रत्एक मैच मे हमने अपना जज्बा दिखाया और चुनौतियो को अवसरो मे बदला। जिस तरह से प्रत्एक खिलाड़ी ने अपना योगदान दिया उससे मै बहुत खुश हूं। एक कप्तान के तौर पर मै जिस तरह का संपूर्ण प्रदर्शन चाहता था खिलाड़ियों ने वैसा ही खेल दिखाया। भारतीय बल्लेबाजो ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया। गिल, धवन, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन और अक्षर पटेल ने बेहतरीन पारियां खेली। जिस तरह से मैने अपने शॉट खेले उसे देखते हुए मै अपनी बल्लेबाजी से बहुत खुश हूं। इतने अनुभव के बाद मै जानता हूं कि किस तरह से शांत चित्त होकर खेलना चाहिए। मुझे तब अच्छा लगता है जब मै शांत चित्त होकर दबाव को झेलता हूं। धवन ने श्रृंखला मे गिल (205) रन के बाद सर्वाधिक168 रन बनाए। टीम के लिहाज से हमारे लिए सब कुछ सकारात्मक रहा। बल्लेबाजी में प्रत्एक ने योगदान दिया।

# अब भारत की नजर टी-20 श्रृंखला पर

## रोहित की अगुआई वाली टीम लगातार दूसरी श्रृंखला में क्लीन स्वीप के रिकॉर्ड के लिए उतरेगी

**भाषा।** तारोबा (पोर्ट ऑफ स्पेन)




भारतीय टीम अपने मजबूत खिलाड़ियों की मौजूदगी में शुक्रवार से यहां शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में दमदार प्रदर्शन कर लगातार दूसरी श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान में उतरेगी। टी20 विश्व कप में तीन महीने से भी कम समय बचा है जिससे कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ को अपनी कोर टीम पक्की करने के लिए करीब 16 मैच (वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच, एशिया कप में अगर भारत फाइनल खेलता है तो पांच मैच, आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच) मिलेंगे। रोहित, ऋषभ पंत, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या और दिनेश कार्तिक जैसे पांच विशेषज्ञ बल्लेबाजों के शीर्ष छह में शामिल होने के बारे में महज विचार करना ही प्रतिद्वंद्वी टीम को दबाव में ला सकता है। और वह भी ऐसे समय में जब विराट कोहली के कद जैसा खिलाड़ी छोटे प्रारूप में बुरी तरह से विफल हो रहा है और अंतिम एकादश में उनके स्थान को लेकर संशय के बादल छाए हुए हैं। वेस्टइंडीज से पहले इंग्लैंड के खिलाफ हुई श्रृंखला ने दिखा दिया कि भले ही उनके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कोहली का बल्ला नहीं चल रहा हो लेकिन भारत के सफेद गेंद के खिलाड़ियों की क्रीज पर मौजूदगी दमदार रही। वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से स्थिति स्पष्ट होगी कि कोहली का खराब दौर खत्म होता है या नहीं। ए मैच तकनीकी रूप से तीन विभिन्न देशों (त्रिनिदाद एवं टोबैगो, सेंट किट्स एंड नेविस और अमेरिका) में खेले जाएंगे। दीपक हुड्डा ने अभी तक जितने भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, उन्होंने दिखा दिया है कि वह इसमें अच्छा कर सकते हैं।

# भारत वनडे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर बरकरार

**भाषा।** दुबई



**भारत** ने वेस्टइंडीज को उसी की धरती पर तीन मैचों की श्रृंखला में 3-0 से हराने के बाद पुरुषों की एकदिवसीय टीम रैंकिंग में अपना तीसरा स्थान बरकरार रखा है। कई शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में शिखर धवन की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करके वेस्टइंडीज के खिलाफ क्लीन स्वीप किया। भारत ने तीसरे वनडे में 119 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। यह विजय भारत की वनडे श्रृंखलाओं में लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके रेटिंग अंकों की संख्या 110 पर पहुंच गई है। वह अब चौथे स्थान पर काबिज पाकिस्तान ( 106 अंक) से चार रेटिंग अंक आगे हो गया है। भारत ने इस साल के शुरू में दक्षिण अफ्रीका को उसकी धरती पर हराया था। इस तरह से भारतीय टीम ने पिछले नौ वनडे मैच में से आठ में जीत दर्ज की है। न्यूजीलैंड वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर बना हुआ है। उसके 128 रेटिंग अंक है जबकि इंग्लैंड 119 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। पाकिस्तान चौथे स्थान पर बना हुआ है। बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम अभी श्रीलंका में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेल रही है। पाकिस्तान इसके बाद नीदरलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला खेलेगा जिससे उसके पास कुछ रेटिंग अंक हासिल करने का मौका रहेगा। भारत भी अगस्त में जिंबाब्वे के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेलेगा।

# वॉरियर क्लब और न्यू ब्वॉयज आगे बढ़े

**लखनऊ।** जिला फुटबॉल लीग में अलीगंज ने विजय क्लब को जबकि पुलिस ब्वायज ने टाइगर क्लब को हराया। पहले मैच में अलीगंज वॉरियर क्लब ने विजय क्लब को 3-0 से हराया। अलीगंज वॉरियर क्लब की इशू नाग ने 17, 46 वे मिनट, अमित ने 37 वे मिनट में गोल किया। दूसरे मैच में पुलिस न्यू ब्वॉयज ने टाइगर क्लब को 3-0 से हराया। पुलिस न्यू ब्वॉयज की ओर से ज्ञान ने 18 वे मिनटए अमित ने 39,47 वे मिनट में गोल किया।

## रोहित को पीछे छोड़कर गुप्टिल टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

**एडिनबर्ग।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल यहां स्कॉटलैंड के खिलाफ पहले मैच के दौरान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को पीछे छोड़कर टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों मे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। पैंतीस वर्षीय गुप्टिल ने 31 गेंदो पर 40 रन बनाए और इस दौरान रोहित शर्मा को पीछे छोड़कर नया रिकॉर्ड बनाया। गुप्टिल के सलामी जोड़ीदार फिन एलन ने भी अपना पहला टी20 शतक जमाया। उन्होने 56 गेंदो पर 101 रन बनाए जिससे पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने पांच विकेट पर 225 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब मे स्कॉटलैंड की टीम आठ विकेट पर 157 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड की तरफ से ईश सोढ़ी ने 28 रन देकर चार और माइकल सेंटनर ने 23 रन देकर दो विकेट लिए।

## इंग्लैंड की दक्षिण अफ्रीका पर जीत में चमके बेयरस्टो

**ब्रिस्टल।** जॉनी बेयरस्टो ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 53 गेंदो पर 90 रन बनाए जिससे इंग्लैड ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे दक्षिण अफ्रीका को 41 रन से हराया। बेयरस्टो मैच से पहले चोटिल हो गए थे लेकिन उन्होंने इसका असर अपने प्रदर्शन पर नही पड़ने दिया तथा अपनी पारी मे आठ छक्के और तीन चौके लगाए। इससे इंग्लैड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 234 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। बेयरस्टो के अलावा मोईन अली ने 18 गेंदो पर 52 रन की तूफानी पारी खेली जिसमें छह छक्के शामिल है। उन्होने केवल 16 गेंदो पर अपना अर्धशतक पूरा किया और ट्वेंटी-20 अंतरराष्ट्रीय मे इंग्लैड की तरफ से सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया। उन्होने एक गेंद से अपने साथी लियाम लिविंगस्टोन का पिछले साल बनाया गया रिकॉर्ड तोड़ा।

## जोनल कराटे में उज्जवल व अपूर्व को सोना

**लखनऊ।** जानकीपुरम् स्थित सेंट थॉमस मिशन हाईस्कूल द्वारा एएसआईएससी यूपी.यूके जोनल कराटे टूर्नामेंट-2022 का आयोजन संपन्न हुआ, इस टूर्नामेंट में 14 स्कूल के खिलाड़ियो ने भाग लिया। स्कूल के प्रबंधक फादर लेनी चाको व एवं प्रधानाचार्या रूपम दुबे ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन की ओर से मुख्य प्रतियोगिता अधिकारियों जसपाल सिंह महासचिव कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी एवं संतोष कुमार जयसवाल महासचिव वर्ल्ड मार्डन शोताकॉन फेडरेशन ऑफयूपी को शाल पहनाकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के पदक विजेता: अंडर-14 बालक वर्ग-स्वर्ण- उज्जवल मेहरोत्रा ,र- श्रेयांश कुमार,अपूर्व श्रीवास्तव ,अर्नव श्रीवास्तव , रजत सौरभ कुमार। अंडर-17 बालक : स्वर्ण प्रखर शर्मा ,रामानंद कुमार,शुभराज गुप्ता , तुषार कुमार ,रजत : आलोक कुमार अंडर-19 बालक : स्वर्ण: मृगेन्द्र कुमार, अंडर-14 बालिका वर्ग: स्वर्ण: रिशिता सिंह, रजत: तनुश्री ,स्वर्ण: परिजात पाण्डे ,रजत : पंक्षी वर्मा ,स्वर्ण : साक्षी मिश्रा, रजत : ओमिका परासर।

